सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 03 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 33, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.83 लाख करोड़ रुपये बढ़ा } 14

## हमने सुनी मध्यम वर्ग की आवाज : सीतारमण

निर्मला सीतारमण ने कहा हमने मध्यम वर्ग की आवाज सुनी है जो ईमानदार करदाता होने के बावजूद अपनी आकांक्षाओं को पूरा नहीं किए जाने की शिकायत कर रहे थे। } 16



## टी-20 : इंग्लैण्ड को 4-1 से हराकर जीती सीरीज

### अभिषेक शर्मा ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए जड़ा दूसरा सबसे तेज शतक

एजेंसी




मुंबई। भारत ने पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड को 150 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीती। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 247 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 10.3 ओवर में 97 रन पर खत्म कर दिया। इंग्लैंड की ओर से फिल साल्ट ने 23 गेंद में 55 रन की पारी खेली लेकिन टीम का कोई अन्य बल्लेबाज बड़ा योगदान देने में नाकाम रहा। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती, शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा ने दो-दो विकेट लिये।

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में रविवार को यहां 37 गेंद में अपना शतक पूरा किया। यह खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक है। उन्होंने 54 गेंद की पारी में 135 रन बनाये। अभिषेक ने 11वें ओवर में ब्रायडन कार्स के खिलाफ एक रन चुराकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक पूरा किया। भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 2017 में 35 गेंद में शतक पूरा किया था। (विस्तृत खबर खेल पृष्ठ पर)

## अंडर-19 टी-20 में भारत बना विश्व विजेता

### इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार जीता महिला वर्ल्ड कप




एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां बेहद एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया।

फाइनल तक के अपने सफर के दौरान प्रत्येक मुकाबले में आसान जीत दर्ज करने वाले भारत ने एक बार फिर दबदबा बनाया और दक्षिण अफ्रीका के 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते 11.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलेंगे



देहरादून। विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे। टिहरी राजदरबार के महाराजा मनुजेंद्र शाह ने यह जानकारी दी। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर टिहरी जनपद में स्थित नरेंद्रनगर राजदरबार में भगवान बदरीनाथ जी के कपाट खोलने की तिथि की घोषणा राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने पंचांग की गणना करने के पश्चात की है। भगवान बदरी विशाल के महाभिषेक के लिए तिलों का तेल 22 अप्रैल को पिरोया जाएगा। उसी दिन राज दरबार से गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा शुरू होगी। इसके साथ ही चारधाम यात्रा की भी विधिवत शुरूआत हो जाएगी।

### बहराइच में खत्म होगी 90 मदरसों की मान्यता

बहराइच। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान देने के लिए ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी कार्ड बनवाने की दिशा में कुछ भी नहीं करने वाले बहराइच के 90 मदरसों की मान्यता रद्द करने के लिये शासन को पत्र लिखा गया है। साथ ही, प्रशासन ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के 24 विद्यालयों को भी मान्यता रद्द किये जाने का नोटिस दिया है। जिले के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने रविवार को संवाददाताओं से बताया कि अपार आईडी बनाने के अभियान के लिए जिले के सभी मदरसों को पत्र और दूरभाष के जरिए बार-बार सूचित किया जा रहा था मगर जिले में 301 मान्यता प्राप्त मदरसों में से 90 मदरसों में अभी तक अपार आईडी बनवाने का काम शुरू ही नहीं हुआ है।

# राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद के बीच है चुनाव

## मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर साधा जमकर निशाना

जिला संवाददाता




अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला करते हुए उसे सनातन विरोधी करार दिया और आरोप लगाया कि इसे सिर्फ गाजी और पाजी ही प्यारे हैं। आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए इसे (उपचुनाव को) राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद का चुनाव करार दिया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी सनातन धर्म विरोधी है। वह सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और महापुरुषों की विरोधी है। यह भारत विरोधी तत्वों और माफिया को गले लगाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा के लोगों का पेशा ही अपराध करना, गुंडागर्दी करना, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाना है। उन्होंने दावा किया कि इनका तो नारा ही था कि समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के पिछले दो महीनों के ट्वीट (एक्स पर की गयी पोस्ट) को देखिये। उन्होंने इस दौरान जितने भी वक्तव्य दिए हैं, वे इस सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का विरोध करते हुए दिए हैं। योगी आदित्यनाथ ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अतिक्रमण का दुष्परिणाम भुगत रहे वेटलैंड : योगी

जिला संवाददाता

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक वेटलैंड (आर्द्रभूमि) को पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण केंद्र बताते हुए रविवार को कहा कि तमाम वेटलैंड अतिक्रमण में होने के दुष्परिणाम भुगत रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि आजादी के 65 वर्षों बाद तक सिर्फ 23 आर्द्रभूमि को ही रामसर स्थलों के रूप में चिह्नित किया गया था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में देश में 63 नये स्थलों को रामसर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर गोण्डा में आर्द्रभूमि का भविष्य, हमारा भविष्य विषयक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा, प्राकृतिक वेटलैंड हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। वे भूजल संरक्षण के लिए, सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता, बाढ़ और सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों और प्रवासी तथा स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ-साथ उनके भोजन औषधि और आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर वेटलैंड को अतिक्रमण की चपेट में ले लिया जाता है। उन पर बेतरतीब निर्माण कार्य होने लगते हैं। इससे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कांगो में भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी

जोहानिसबर्ग। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के किंशासा में भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि वह मध्य अफ्रीकी देश में सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और बुकावु में सभी भारतीय नागरिकों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।

दूतावास ने दिन के दौरान तीन परामर्श जारी करके सलाह दी कि हर कोई एक आपातकालीन योजना तैयार करे। कांगो में लगभग 1,000 भारतीय नागरिक हैं। रवांडा समर्थित एम23 विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के शहर गोमा पर कब्जा कर लिया है और वे अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। परामर्श में कहा गया है, एम23 के बुकावु से केवल 20-25 किलोमीटर दूर होने की खबरें हैं। सुरक्षा स्थिति को देखते हुए हम एक बार फिर बुकावू में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सलाह देते हैं कि जो भी साधन उपलब्ध हों उसके जरिये तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं, हालांकि हवाई अड्डे, सीमाएं और वाणिज्यिक मार्ग अब भी खुले हैं। हम बुकावु की यात्रा नहीं करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है 'आप' सरकार : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंचने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट से हर औसत परिवार को खुशी मिली है। उन्होंने इसे भारत के इतिहास में सबसे अधिक मध्यम वर्ग के अनुकूल बजट करार दिया।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अपना चुनावी नारा मोदी की गारंटी दोहराया और शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में मध्यम वर्ग के लिए किए गए प्रावधानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा भारत की आजादी के बाद से 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वालों को इतनी बड़ी राहत कभी नहीं मिली। मध्यम वर्ग कह रहा है कि यह भारत के इतिहास में उनके लिए सबसे अनुकूल बजट है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले मतदान से ठीक तीन दिन पहले राष्ट्रीय प्रगति में मध्यम वर्ग के योगदान की सराहना की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ईमानदार करदाताओं का सम्मान करती है तथा बजट राहत इसका संकेत है। दिल्ली में 27 साल से सत्ता से बाहर चल रही भाजपा का अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) से मुकाबला है। भाजपा ने रविवार को 80 चुनावी सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है। भाजपा के चुनाव अभियान की अगुवाई करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है और दिल्ली के लोगों ने भी भाजपा सरकार चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने अपने एक घंटे के भाषण में कहा, बसंत पंचमी से मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आएगा। इस बार दिल्ली में भाजपा अपनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विकास में जनता को सहभागी बना रही उत्तराखण्ड सरकार

### बजट के हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एजेंसी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर बजट के हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि संवाद कार्यक्रम में प्राप्त सभी सुझाव बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिन्हें सम्बन्धित विभागों को भेजा जाएगा। उत्तराखण्ड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में देहरादून के एक स्थानीय होटल में हितधारकों के साथ बजट पूर्व संवाद आयोजित किया गया। राज्य सरकार की ओर से तैयार किये जा रहे बजट में आम जनता के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम की प्रक्रिया प्रारंभ की है। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान पूरे प्रदेश (गढ़वाल एवं कुमांऊ दोनों) से लगभग 200 से अधिक हितधारक सम्मिलित हुए। विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित हितधारकों, जिनमें शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, स्वयं सहायता समूह एवं उद्योग एवं व्यापार के साथ ही सूक्ष्म-लघु व्यवसाय, होम स्टे संचालक से जुड़े लोगों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। प्रदेश के कोने कोने से अपने सुझाव लेकर आए सभी हितधारकों का अभिवादन करते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने उनकी ओर से दिए गए महत्त्वपूर्ण सुझावों के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के सपनों को साकार करने में बजट अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम आयोजित कर, राज्य सरकार जनता को प्रदेश के विकास में सहभागी बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में बहुत ही महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं, जिन्हें बड़ी गंभीरता से ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

❍ महाकुंभ में 1200 चिकित्सा कर्मी मुस्तैद (पृष्ठ-02)
❍ जितिन प्रसाद ने ट्रेन को दिखायी हरी झंडी (पृष्ठ-02)
❍ विनिर्माण समिति मुद्दों पर विचार करेगी: गोयल (पृष्ठ-14)
❍ बिजली खपत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (पृष्ठ-14)
❍ देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत : सीतारमण (पृष्ठ-14)

बजट प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शून्य त्रुटि के साथ स्नान संपन्न कराने के दिये निर्देश

## योगी के सख्त निर्देश के बाद बसंत पंचमी स्नान की तैयारी पूर्ण

विशेष संवाददाता



महाकुंभ नगर। महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को शून्य त्रुटि के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और एडीजी भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं।

गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर घटी भगदड़ की घटना के बाद शनिवार को पहली बार प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था और अस्पताल जाकर घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना था। इस बीच, मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी स्नान के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शून्य त्रुटि के साथ स्नान संपन्न कराने के निर्देश दिए थे। रविवार की सुबह एडीजी भानु भास्कर मेला प्राधिकरण भवन में स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) पहुंचे जहां उन्होंने स्क्रीन पर पूरे मेला क्षेत्र, चौराहों और मेला प्रवेश स्थलों को देखा और घाट से भीड़ खाली कराने के लिए स्वयं लाउडस्पीकर पर निर्देश दिया। आईसीसीसी से माइक पर उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा, कि कृपया घाट पर स्नान करने के बाद अनावश्यक ना बैठें और घाट खाली करें जिससे दूसरे श्रद्धालु स्नान कर सकें। घाट पर खाना पीना ना करें और दूसरी जगह जाकर खानपान करें। भानु भास्कर ने सेंटर में पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि घाट पर कहीं भी भीड़ रुकने ना पाए और स्नान करने के बाद वहां से अपने गंतव्यों के लिए प्रस्थान करे। संगम स्नान करने के बाद वापस जा रही रूपम चंद्रा (गाजियाबाद निवासी) ने बताया, कि संगम घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं को वहां से हटाया जा रहा है। हर तरफ पुलिस के लोग सीटी बजाकर घाट खाली करने के लिए कह रहे हैं। इसलिए हम स्नान के बाद तुरंत वहां से चल दिए। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सड़क हादसों में 12 की मौत, 11 की हालत गंभीर

विशेष संवाददाता

❍ बदायूं, झांसी, उन्नाव और सोनभद्र में हुईं दुर्घटनाएं

लखनऊ। बदायूं, झांसी, उन्नाव और सोनभद्र जिले में हुए सड़क हादसों में 12 लोगोंकी मौत हो गई जबकि दरोगा-सिपाही समेत 11 लोग गंभीर रूपसे घायल हो गए।

बदायूं जिले के कादरचौक थाना क्षेत्र में शनिवार की रात पिकअप वैन से टक्कर के बाद कार में आग लगने से चालक की जिंदा जलकर मौत हो गयी और कार जलकर खाक हो गयी। कार में सवार चार लोगों को बाहर निकालने के दौरान कार के सीएनजी सिलेंडर में विस्फोट हो गया, जिससे एक दरोगा और एक सिपाही समेत अन्य चारों लोग झुलस गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने तक कार जलकर राख हो चुकी थी। एसएचओ ने बताया कि अभी कार चालक की शिनाख्त नहीं हो सकी है, लेकिन कार के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगाया रहा है। वहीं, झांसी जिले के मऊरानीपुर कस्बे में छतरपुर रोड पर सुखनई नदी पर बने पुल पर अनियंत्रित ट्रक बाइक पर चढ़ गया। इससे ट्रक के पहिये में फंसकर बाइक 20 मीटर तक घिसटती चली गई। मौके पर ही बाइक सवार दो युवकों की मौत ...शेष पृष्ठ 14 पर




# महाकुंभ में बसंत पंचमी पर 1200 चिकित्साकर्मी मुस्तैद रहेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुंभ नगर।** बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर पूरे प्रयागराज मंडल के चिकित्सकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाकुंभ नगर के साथ ही शहर और मंडल के सभी डॉक्टर किसी भी स्थिति से निपटने को सजग रहेंगे। सरकार ने एक बयान में कहा कि 1200 से अधिक चिकित्साकर्मी महाकुंभ नगर में पूरी तरह से तैयार हैं जो पलक झपकते ही श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाजिर होंगे। इसके अलावा मेले में ही सारे चिकित्साकर्मी मुस्तैद रहेंगे, जो छह फरवरी के बाद ही यहां से जाएंगे। जरूरत के हिसाब से बैकअप प्लान भी तैयार कर लिया गया है।



महाकुंभ नगर में रविवार को चिकित्सकों की चार सदस्यीय विशेष टीम ने मेले में एक-एक अस्पताल की जांच की और साथ ही मेला क्षेत्र में बने सेक्टर अस्पतालों में दवा के स्टॉक और मशीनें भी देखीं। इस टीम में चिकित्सा व्यवस्था के नोडल अधिकारी उमाकांत सान्याल, केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज कौशिक, सह नोडल अधिकारी (चिकित्सा व्यवस्था) डाक्टर राम सिंह और महाकुंभ मेला के नोडल अधिकारी (चिकित्सा स्थापना) डॉक्टर गौरव दुबे शामिल हैं।

स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 500 चिकित्सा कर्मियों को मुस्तैद रखा गया है और 150 बेड आरक्षित रखे गए हैं। एसआरएन में 60 स्थाई चिकित्सकों को 24 घंटे अलर्ट की स्थिति में रखा गया है और यहां 30 सीटी स्कैन मशीनें पूरी तरह तैयार हैं, जिनसे जरूरत पड़ने पर एमआरआई, अल्ट्रासाउंड समेत सभी जांचें हो सकेंगी। बयान के मुताबिक, इसी के साथ 200 यूनिट का ब्लड बैंक भी एसआरएन में तैयार कर लिया गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध इंतजामों को अलार्म सिस्टम से भी जोड़ गया है। महाकुंभ मेला के नोडल अधिकारी (चिकित्सा स्थापना) डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि योगी सरकार की आपातकालीन सेवाओं विशेष रूप से एंबुलेंस सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जरूरत पड़ने पर मरीजों को एसआरएन अस्पताल या तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली अस्पताल) भेजा जाएगा।

उन्होंने बताया कि आपात स्थिति के लिए अतिरिक्त मेडिकल टीम को बैकअप के रूप में तैयार रखा गया है। साथ ही तीन-चार दिनों तक सभी चिकित्सकों मेले क्षेत्र में ही तैनात रखा जाएगा। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी डाक्टर संतोष सिंह ने कहा, हम बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। श्रद्धालुओं को हर संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 500 से अधिक चिकित्साकर्मी अलर्ट स्थिति में रखे गए हैं। इसके अलावा 150 बेड आरक्षित किए गए हैं।

## भाजपा विधायक ने की महाकुंभ भगदड़ की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को कमजोर करने की साजिश का संकेत देने के एक दिन बाद, गाजियाबाद के लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने 29 जनवरी की भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। इस भगदड़ में 30 लोगों की जान चली गई थी जबकि अन्य 60 घायल हो गए थे। गुर्जर ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में अधिकारी समाजवादी पार्टी के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने महाकुंभ भगदड़ की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी अपने परिवारों के लिए वीआईपी सुविधा को प्राथमिकता देते हैं जबकि सामान्य तीर्थयात्रियों को महाकुंभ में संघर्ष करना पड़ा। गुर्जर ने दावा किया, कि विधायक, जो अधिकारियों से ऊंचे पद पर हैं, उन्हें कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया गया, जबकि नौकरशाहों की पत्नियों को वीआईपी प्रोटोकॉल प्राप्त हुआ।

## स्नानार्थियों के आने-जाने का मार्ग सुनिश्चित हो

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भनगर।** बसंत पंचमी स्नान के पूर्व रविवार को उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने मेला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ मेल क्षेत्र में संगम सहित अन्य स्नान घाटों का निरीक्षण किया स इस दौरान राहत आयुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप महाकुम्भ मेला व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जाये।

राहत आयुक्त ने पुलिस-प्रशासन से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि स्नानार्थियों के आने-जाने का मार्ग अलग-अलग एवं व्यवस्थित हो। उन्होंने कहा कि स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, यह कुम्भ मेला प्रशासन सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला प्रशासन यह भी सुनिश्चित करें कि स्नान पर्व के दिन किसी भी दशा में कोई वाहन कुम्भ मेला क्षेत्र में प्रवेश न करें। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश

- **राहत आयुक्त ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र का भ्रमण कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश**

प्रसारित किया जाए ताकि स्नानार्थियों को आवागमन में सुगमता हो सके।

राहत आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक स्नान घाटों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम हो तथा वहां पुलिस बल पर्याप्त संख्या में मौजूद रहे। राहत आयुक्त ने मेले मे तैनात समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि स्नानार्थियों के साथ अच्छा एवं सौम्य व्यवहार करें तथा उन्हें सही दिशा कि तरफ भेजें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो। राहत आयुक्त ने कहा कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आये प्रत्येक श्रद्धालु व स्नानार्थी की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी हम सभी की है, इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएं।

उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में कहीं भी भीड़ एकत्रित न होने पाए, जहां भी इस तरह की स्थिति उत्पन्न हो तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए भीड़ को अलग-अलग दिशा में बांट दें। निरीक्षण के दौरान राहत आयुक्त के साथ आईपीएस पीयूष सिंह एवं पुलिस-प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# प्रयागराज के होटलों में आ सकती है बहार

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ के बाद बुकिंग घटने से चिंतित होटल मालिकों ने बसंत पंचमी स्नान के बाद इसमें (बुकिंग में) फिर से तेजी आने की उम्मीद जताई है। अब होटल मालिक स्वयं फोन करके अतिथियों से अपील कर रहे हैं कि वे निःसंकोच महाकुंभ में आएं और पुण्य के भागीदार बनें। प्रयागराज होटल एंड रेस्तरां वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह ने बताया, कि 29 जनवरी की घटना के बाद बुकिंग तेजी से घट गई क्योंकि जिन्होंने बुकिंग कराई थी वे होटल तक पहुंच नहीं सके। हालांकि अब स्थिति सामान्य है और हम लोगों से बसंत पंचमी स्नान पर्व के बाद प्रयागराज आने की अपील कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा, कि घटना के दिन से ही लोगों ने होटल में




कमरों की बुकिंग निरस्त करानी शुरू कर दी थी क्योंकि 28, 29 और 30 जनवरी को बहुत से लोग, प्रयागराज की सीमा पर रोक दिए जाने से होटल तक पहुंच ही नहीं सके। इससे होटलों के 40-50 प्रतिशत तक कमरे खाली रह गए। शहर में प्रयाग इन नाम से होटल चलाने वाले अनिल कुमार गुप्ता ने कहा, कि हमारे होटल में 25 प्रतिशत तक बुकिंग निरस्त हुई। हम लोगों से बसंत पंचमी स्नान के बाद महाकुंभ में आने की अपील कर रहे हैं क्योंकि तब तक बाहरी वाहन शहर में आने लगेंगे। उन्होंने कहा, कि मौनी अमावस्या के बाद उनके होटल में कई कमरे खाली रह गए क्योंकि लोग होटल तक पहुंच ही नहीं सके। साथ ही, होटल में रुके लोग अपने गंतव्यों के लिए निकल नहीं सके। हमने ऐसे लोगों से एक दो दिन तक रुकने का कोई शुल्क नहीं लिया क्योंकि हमारे कमरे खाली थे। हरजीत सिंह ने कहा, कि इस घटना का प्रयागराज के होटलों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। हमें इस बात का कष्ट नहीं है कि हमारी बुकिंग निरस्त हो गई, बल्कि इस बात का दुख है कि जिन लोगों ने पैसा दिया और वे नहीं पहुंच सके.. हम उनका आतिथ्य सत्कार नहीं कर सके। उन्होंने कहा, कि सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि लोग कम से कम होटल तक पहुंच सकें। प्रयागराज की सीमा से 15-20 किलोमीटर दूर से लोग घर की महिलाओं, बच्चों और सामान के साथ पैदल चलकर होटल पहुंच सकें, यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा, कि दुखद बात यह है कि लोगों को महाकुंभ में आकर गंगा मैया का आशीर्वाद प्राप्त करना था, वह नहीं हो सका। हालांकि, बसंत पंचमी स्नान के बाद की तिथियों में होटल बुकिंग पर कोई खास असर नहीं है और होटल वाले लोगों को समझा रहे हैं कि अब स्थिति सामान्य है।

# सीसीएम ने फाफामऊ व प्रयाग स्टेशनों का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** रविवार को उत्तर रेलवे के मुख्यालय से प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकनरसिंह दास का प्रयागराज नगर पहुंचे। अपने इस आगमन के दौरान उन्होंने उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ मंडल के प्रयाग

- **बसंत पंचमी पर्व स्नान की तैयारियों के क्रम में यात्री सुविधाओं तथा भीड़ प्रबंधन की नीतियों को परखा**

जंक्शन, फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशन का निरीक्षण किया एवं इन स्टेशनों पर बसंत पंचमी पर्व स्नान के तहत भीड़ प्रबंधन एवं यात्री सुविधाओं की तैयारी को परखा।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने प्रयाग जं. स्टेशन पर एकीकृत कमांड सेंटर का अवलोकन किया तथा वहां की कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्टेशनों पर टिकट



काउंटर, यात्री आश्रय, एटीवीएम मशीन, यूटीएस ऑन माबाइल, शौचालय, प्रतीक्षालय, खानपान के स्टॉल एवं रिफ्रेशमेंट रूम तथा आहार एवं यात्री सेवा से जुड़े हुए सभी स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशनों पर स्थित संरक्षा कार्यालयों में जाकर वहां की कार्य प्रणाली को परखा एवं वहां रखे अभिलेख तथा सूचनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने की सलाह दी।

प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने स्टेशनों पर स्थित मेला चिकित्सा केंद्र में जाकर रोगी यात्रियों के उपचार की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की तथा स्टेशनों पर आपातकालीन एवं आकस्मिक व्यवस्थाओं को भी परखा। उन्होंने स्टेशनों के प्लेटफार्म और परिसर का निरीक्षण करते हुए विशेष पर्व दिवस एवं सामान्य दिनों में यात्री तथा भीड़ प्रबंधन की सभी नीतियों को परखा एवं उनकी समीक्षा करते हुए अपने आवश्यक दिशा निर्देश पारित किए। महाकुंभ के सफल आयोजन की दिशा में भारतीय रेल तथा उत्तर रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कर्मचारियों से संवाद किया तथा उन सभी को अपना उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करने और आने वाले तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की यात्रा को सुखद तथा यादगार बनाने की बात को प्रमुखता से कहा। इसके अतिरिक्त आज मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ एस.एम. शर्मा ने फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर दिनांक 3 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के उचित प्रबंध की व्यवस्थाओं को परखा साथ ही स्टेशन पर तैनात वाणिज्य एवं आरपीएफ के कर्मचारियों को और अधिक सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो: मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।

मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है। मायावती ने कहा, कि यह बेहद दुःखद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था, बेहद दुःखद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं। उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है। यादव ने कहा था, कि प्रशासन ने तीन दिन पहले ही अगर परिवार की सूचना पर ध्यान दिया होता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी। सपा प्रमुख ने इसी पोस्ट में मांग की थी, हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो दोषी हैं और जिन पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरती है, उन सबके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवज़ा दिया जाए। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में शनिवार को पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) की लापता युवती का निर्वस्त्र शव बरामद किया था, जिसकी बेरहमी से हत्या कर आंखें निकाल ली गई थीं और उसके शरीर पर कई जख्म दिए गए थे। युवती के साथ सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया गया है। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने शनिवार को बताया, कि 22 साल की एक युवती की गुमशुदगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की। शनिवार सुबह युवती का निर्वस्त्र शव बरामद हुआ। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# भविष्य में जनरेशन विश्व पर प्रभावी रूप से हावी होगी : प्रसन्नजीत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ की संगोष्ठी समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय ₹भविष्य का निर्माण विधि, नीति और डिजिटल क्रांति₹ था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अमर पाल सिंह और विशिष्ट अतिथि शिलाओ राव रहे। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के फैकल्टी समन्वयक डॉ. प्रसन्नजीत कुंडू ने सभी का कार्यक्रम में स्वागत किया एवं सेमीनार रिपोर्ट प्रस्तुत करी। विशिष्ट अतिथि शिलाओ राव ने उल्लेख किया कि डिजिटल प्रगति के परिणामस्वरूप आज प्रत्येक जानकारी मात्र एक क्लिक पर सुलभ हो गई है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाएं एवं विधिक



अध्ययन अधिक प्रभावी हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को तकनीक के उपयोग में दक्ष बनाया जाना चाहिए ताकि वे आधुनिक विधिक परिदृश्य में प्रभावी रूप से कार्य कर सकें। साथ ही, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने डिजिटल प्रगति एवं विधि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों पर महत्वपूर्ण प्रकाश डाला, जिससे प्रतिभागियों को गहन अंतर्दृष्टि एवं दिशा-निर्देश प्राप्त हुए। उन्होंने विनोद करते हुए कहा कि आने वाले एआई. युग में मनुष्य आरक्षण की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा कि भविष्य में जनरेशन विश्व पर प्रभावी रूप से हावी होगी, क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) लगातार विकसित हो रही है और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता बढ़ती जा रही है। स्वचालन, डेटा विश्लेषण और निर्णय लेने की क्षमताओं के चलते अकन केवल विधि क्षेत्र, बल्कि उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा और शासन प्रणाली को भी प्रभावित करेगा।

डॉ. अमर पाल सिंह ने विधि क्षेत्र में निरंतर सीखने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि तकनीक एक प्रभावी साधन है, जो इस प्रक्रिया को सरल बनाता है, लेकिन अत्यधिक निर्भरता हानिकारक हो सकती है। पहले जहां अधिवक्ता और छात्र संदर्भ के लिए पुस्तकों पर निर्भर होते थे, अब तकनीक से यह प्रक्रिया त्वरित हो गई है। अंत में, उन्होंने संगोष्ठी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की।डिजिटल क्रांति ने विधि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाए हैं, जिससे न्याय प्रक्रिया अधिक सुगम, सुलभ और प्रभावी हुई है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि डिजिटल प्रगति के साथ अधिवक्ताओं और विधि विशेषज्ञों को तकनीकी दक्षता प्राप्त करनी चाहिए, ताकि वे इस बदलाव का अधिकतम लाभ उठा सकें। 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 200 से अधिक एब्सट्रेक्ट आए और 80 अभियर्थियों ने शनिवार और रविवार को शोध पत्र प्रस्तुत किए। शोधपत्र प्रस्तुति में प्रथम स्थान पे आयुष्मान और अथर्व तिवारी, दूसरे स्थान पे दीप्ति थॉमस सुसन और तीसरे स्थान पे कार्तिकेय सिंह और वैभव गर्ग अय्यर रहे। तीनो विजेताओं को ट्रॉफी व पुरुस्कार धनराशि देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया।

# 'ब्लैक स्पॉट' को लेकर योगी सरकार का कड़ा रुख

संजय धीमान

**लखनऊ।** 'ब्लैक स्पॉट' को लेकर योगी सरकार ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। सरकार ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर

- **यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में चिन्हित 'ब्लैक स्पॉट' को अब खत्म करने की कवायद शुरू**
- **सरकार ने जारी किया सत्रह करोड़ पन्द्रह लाख तिरालिस हजार रुपये**

दिए हैं। हादसों का सबब बन रहे यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में चिन्हित 'ब्लैक स्पॉट' को अब खत्म करने की कवायद शुरू हो गई है। योगी सरकार ने सत्रह करोड़ पन्द्रह लाख तिरालिस हजार रुपये अवमुक्त किए हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से 'ब्लैक स्पॉट' को चिन्हित कर लिया गया है और इस समस्या को दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। 'ब्लैक स्पॉट' की समस्या समाप्त होने के बाद मार्ग दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आएगी, जिससे जिंदगियां सेफ रहेंगी।सड़कों की संरचना कई जगह ऐसी होती है कि वहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। लगातार हो रही घटनाओं के चलते ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के लिए सरकार ने पूर्व में निर्देश जारी किए थे। जिसमें प्रोटोकाल तय किया गया था कि 'ब्लैक स्पाट' पर किस तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा था। सर्वे में लखनऊ की सड़कें प्रदेश में सबसे ज्यादा खतरनाक पाई गई हैं। यहां सबसे




ज्यादा हादसे हो रहे हैं। दुर्घटनाओं की कई वजहें हैं। सबसे ज्यादा 86 ब्लैक स्पॉट लखनऊ की सड़कों पर ही हैं। दूसरे नंबर पर आगरा में 49, तीसरे पर प्रयागराज और चौथे पर बरेली चिन्हित किए गए हैं। जहां अक्सर हादसे हो रहे हैं। कुल होने वाली दुर्घटनाओं में 49 फीसदी ब्लैक स्पॉट पर ही हो रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब परिवहन विभाग ने हादसों की रिपोर्ट तैयार की। ज्यादा हादसे वाले स्थानों को ब्लैक स्पॉट घोषित करते हुए रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई व अन्य सड़क निर्माण एजेंसियों को भेजकर ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाने का सुझाव दिया। ताकि ब्लैक स्पॉट पर होने वाले सबसे अधिक 42 फीसदी सड़क हादसों को रोका जा सके। परिवहन विभाग की ओर से जनवरी से नवंबर 2024 तक सड़क हादसे की वजहों में ब्लैक स्पॉट की रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में लखनऊ के 13 सड़कें ऐसी मिली है जहां बीते 11 माह में ब्लैक स्पॉट पर सबसे ज्यादा 196 हादसे हुए। इनमें चार जगह ऐसे भी चिन्हित किए गए है, जिसे रेड जोन घोषित किया गया है। लखनऊ के चार 'ब्लैक स्पॉट' सबसे ज्यादा खतरनाक है। जिसमें गोसाईगंज-बनी-मोहान रोड, गोसाई गंज हरौनी रोड, बिजनौर सिसेण्डी मार्ग व अजगैन मलिहाबाद इटौंजा मार्ग प्रमुख है। इसके साथ ही अमेठी, चित्रकूट, हमीरपुर, मेरठ, वाराणसी, मिर्जापुर, आगरा, बांदा, बाराबंकी, मथुरा एवं झांसी में चिन्हित ब्लैक स्पॉट के 25 कार्य किए जाने हैं। ज्ञात हो कि ब्लैक स्पॉट उसे कहते है जहां किसी भी सड़क पर 500 मीटर के दायरे में तीन वर्षों में कम से कम पांच भीषण सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई हो या पांच लोगों के गंभीर रूप से घायल होने पर उस स्थान को ब्लैक स्पॉट के रूप में घोषित किया जाता है। इन स्थानों पर दौरा करके सड़क दुर्घटनाओं के कारण की जांच करके इंजीनियरिंग या निर्माण व डिजाइन से संबंधित कमी पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग उसे सही करवाने की जिम्मेदारी लेता है। इन 25 स्थानों के ब्लैक स्पॉट को पूर्ण करने के लिए शासन ने शासनादेश भी जारी कर दिया है और छह माह का समय कार्य को पूरा करने का दिया है। शासन ने यह भी निर्देश दिए है कि परियोजना पूर्ण करने में विलम्ब होने की दशा में या फिर लागत में वृद्धि की दशा में इसका पूर्ण उत्तरदायित्व प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग व संबंधित मुख्य अभियंता का होगा।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

**लखनऊ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद नरविवार को 15009/15010 गोरखपुर-मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस गाड़ी का पीलीभीत (वाया पूरनपुर) तक मार्ग विस्तार का शुभारम्भ पीलीभीत एवं पूरनपुर रेलवे स्टेशनों पर आयोजित समारोह में हरी झंडी दिखाकर किया। पीलीभीत एवं पूरनपुर में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि पीलीभीत एवं पूरनपुर के वासियों को एक जोड़ी नई एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली है, जिससे यहां पर विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। यहां की बहुप्रतीक्षित मांग को केंद्र सरकार ने आज पूरा कर दिया। पीलीभीत रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर आधुनिक स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, उन्नत पार्किंग, फुट ओवर ब्रिज आदि का प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत से मैलानी के मध्य तीन जोड़ी तथा पीलीभीत से लखनऊ हेतु एक जोड़ी गाड़ी का संचलन पहले ही प्रारम्भ कर दिया गया है तथा पीलीभीत से गोरखपुर के मध्य एक जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन आज से होने पर स्थानीय जनता को गोरखपुर की तरफ यात्रा करने में और ज्यादा सुविधा होगी। इस अवसर पर गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री संजय सिह गंगवार, विधायक बाबूराम ने अपने विचार व्यक्त करते हुये पीलीभीत-गोरखपुर वाया पूरनपुर गाड़ी के पीलीभीत तक मार्ग विस्तार करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जेपीएन सेंटर का बजट बढ़ाने की फाइल गायब, दर्ज होगी एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्व की सपा सरकार में करीब 860 करोड़ रुपये में बनाए गए जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र की जांच अटक गई है। कई बार डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बदलने से इसका बजट बढ़ता गया। नतीजतन, अधूरे काम की वजह से

- **शासन ने एलडीए को लिखा पत्र, पूछा-डीपीआर रखने के लिए कौन है उत्तरदायी**

इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है। वहीं अब डीपीआर से संबंधित फाइल गायब बतायी जा रही है। शासन की नाराजगी के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से फाइल न मिलने पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर के निर्माण पर अभी तक लगभग 864 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बाद यह अधूरा है। पिछली सरकार में 2016 में इसके संचालन की जिम्मेदारी एक कंपनी को दी गई थी। भाजपा सरकार बनने के बाद इसकी जांच शुरू हो गयी। अब सामने आ रहा है कि जेपीएनआईसी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) एलडीए के रिकॉर्ड विभाग से गायब हो गई है। शासन ने प्राधिकरण प्रशासन को डीपीआर गायब होने की एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। शासन ने शुरू में जब एलडीए से जेपीएनआईसी का डीपीआर मांगा तो पहला डीपीआर शासन को दिया गया लेकिन जब बाद में संशोधित डीपीआर मांगा गया तो पता चला कि प्राधिकरण में संशोधित डीपीआर की कोई प्रति नहीं है। संशोधित डीपीआर के बिना संपूर्ण जांच आसान नहीं है। शासन ने लगभग एक सप्ताह पहले एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखते हुए पूछा है कि डीपीआर रखने के लिए



कौन उत्तरदायी है ? साथ ही डीपीआर के गायब होने के सम्बन्ध में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। शासन से विशेष सचिव महेंद्र प्रसाद भारती की ओर से एलडीए उपाध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। जानकारों की मानें तो एलडीए के पास डीपीआर की पांच से भी अधिक प्रतियां होनी चाहिए. इसमें उपाध्यक्ष कार्यालय, सचिव कार्यालय, अपर सचिव कार्यालय, सीटीपी कार्यालय, मुख्य अभियंता व वित्त नियंत्रक का कार्यालय है। अगर डीपीआर में कोई संशोधन हुआ हो, तो संशोधित प्रति भी हर एक कार्यालय में उपलब्ध कराई जाती है ताकि कोई भी सक्षम अधिकारी कभी भी अपने कार्य के सम्बन्ध में योजना का निरीक्षण कर डीपीआर से मिलान कर सके। शासन की ओर से लिखे गए पत्र में मामले पर कार्रवाई संबंधी आख्या न मिलने पर प्राधिकरण के सचिव पर उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्रवाई करने बात कही गई है। एक अधिकारी के अनुसार जांच शुरू हो चुकी है। जल्द ही मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

**लागत बढ़ती गयी, जांच में चार अफसर व आर्किटेक्ट मिले दोषी :** बता दें कि जेपी सेंटर के निर्माण के लिए करीब 864 करोड़ रुपये बजट मंजूर हुआ था। शुरूआती डीपीआर में जो काम शामिल थे। अधिकारियों और इंजीनियरों ने करीब 100 करोड़ रुपये के अतिरिक्त काम करा दिए। इसकी डीपीआर में यह काम शामिल नहीं थे, जिससे वित्तीय अनियमितता हुई। यहां अभी भी काफी काम अधूरे हैं। जिसे पूरा करने क लिए एलडीए ने करीब 114 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया था। शासन ने मामले की जांच कराई तो चार अफसर और इंजीनियरों को दोषी बताया गया। आरकॉम कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड ने जेपीएनआईसी की डिजाइन तैयार की थी। कंसलटेंट की वजह से इस परियोजना की लागत काफी बढ़ गई थी। वर्ष 2022 में कमिश्नर ने जांच कराई थी। कमिश्नर की जांच में आर्किटेक्ट को भी दोषी बताया गया था। आर्किटेक्ट पर कार्रवाई का अधिकार लखनऊ विकास प्राधिकरण को दिया गया था।

# लखनऊ की रैंकिंग सुधारने के लिए डीएम अधिकारियों को देंगे निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकारी सेवाओं व सुविधाओं तथा आय बढ़ाने के मामले में होने वाले रैंकिंग में लखनऊ के लगातार पिछड़ने के बाद अब नए डीएम विशाख जी ने खुद मोर्चा संभाला है। ऐसे में जिस विभाग के अधिकारी सहयोग नही करेगें उनके

- **लखनऊ टाप 20 ही नहीं टाप 50 जिलों में भी शामिल नहीं हो पा रहा : डीएम**

खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा।

जिनकी लापरवाही से सीएम डैशबोर्ड पर लखनऊ की रैंकिंग खराब हो रही है। आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में भी बहुत लापरवाही की जा रही है। शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण न होने की वजह से लोगों का फीडबैक खराब आ रहा है। लखनऊ टाप 20 ही नहीं टाप 50 जिलों में भी शामिल नहीं हो पा रहा है। छह महीने से लखनऊ की रैंकिंग बहुत खराब हो गयी है। डीएम ने अब रैंकिंग सुधारने की दिशा में काम शुरू कराया है। सीएम डैशबोर्ड पर लखनऊ के कई विभागों की ग्रेडिंग बहुत खराब है। इसी को देखते हुए अब डीएम विशाख जी ने कमर कसी है। 28 जनवरी को ही उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए कड़े निर्देश दे दिए थे। अब उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि ग्रेडिंग में लापरवाही पर कोई रियायत नहीं की जाएगी। इसमें होने वाली लापरवाही अक्षम्य होगी। डीएम को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार योजना की स्थिति बहुत खराब मिली है।

# अहाना एन्क्लेव में फ्लैट के दाम 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़े

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने अपनी पहली महत्वकांक्षी आवासीय योजना अहाना एन्क्लेव में फ्लैट के दाम 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। थ्री बीएचके फ्लैट अब 83.5 लाख और टू बीएचके फ्लैट 46 लाख रुपये में मिलेगा। 684 फ्लैटों की इस परियोजना में अभी कुल 261 फ्लैट खाली हैं। जिनके दाम बढ़ाये गए हैं।

- **अब बढ़े रेट पर मिलेंगे 261 फ्लैट, 83.5 लाख का हुआ 3 बीएचके फ्लैट**

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह की स्वीकृति के बाद नई दरें 1 फरवरी से लागू हो गई हैं। नगर निगम ने औरंगाबाद खालसा में अहाना एन्क्लेव के नाम से पहली बहुमंजिला आवासीय योजना तैयार की है। इसमें कुल 684 ईडब्ल्यूएस, एमआईजी और एचआईजी फ्लैट बनाए थे। 2021 में परियोजना का निर्माण शुरू किया और 2021 में पंजीकरण खोला था। पंजीकरण खोलने के बाद से नगर



निगम ने एक भी बार फ्लैट की कीमत नहीं बढ़ाई थी। निर्माण लागत बढ़ने के साथ ग्राहकों की मांग को देखते हुए नगर निगम के अभियंत्रण विभाग ने पिछले महीने खाली फ्लैट के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार करके नगर आयुक्त की की स्वीकृति के लिए भेजा था। नगर आयुक्त की स्वीकृति मिलते ही इसे 1 फरवरी से लागू कर दिया गया है।

| फ्लैट टाइप | संख्या | पुरानी दरें | नई दरें (लाख में) |
|---|---|---|---|
| एचआईजी जी प्लस थ्री | 136 | 71 | 83.50 |
| एमआईजी टू बीएचके टाइप | 16 | 39 | 46 |
| एमआईजी टाइप 2 | 113 | 31.50 | 37 |
| ईडब्ल्यूएस 1 बीएचके | 6 | 18.50 | 21.65 |

# मांझे की वजह से 40 मिनट तक ठप रही मेट्रो ट्रेन

**लखनऊ।** चारबाग से एयरपोर्ट की तरफ जाने मेट्रो अचानक ठप हो गई है। सचिवालय मेट्रो स्टेशन के पास लाइन बाधित होने से एक तरफ की मेट्रो सेवा पूरी तरह से बंद हो गई है। चारबाग से लखनऊ एयरपोर्ट की ओर से जाने वाली लाइन पर ओएचई के टूटने से आई तकनीकी खराबी से करीब पौन घंटे तक एक तरफ की मेट्रो सेवा बाधित हुई है, जिससे हजारों यात्री

- **चारबाग से एयरपोर्ट लाइन हुई बाधित, सैकड़ों यात्री रहे परेशान**

परेशान होने लगे। करीब 40 मिनट बाद मेट्रो के अधिकारियों ने समस्या को दूर किया। इसके बाद मेट्रो का संचालन सामान्य हो सका। इसके चलते करीब 40 मिनट तक सिंगल लाइन से ट्रेनों का संचालन किया गया।

रविवार को मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की मुसीबतें उस वक्त बढ़ गई, जब एयरपोर्ट जाने वाली एक लाइन अचानक से बाधित हो गई। इसके कारण मेट्रो सेवा काफी देर तक ठप रही और हजारों की संख्या में यात्री



मेट्रो ट्रेन में फंसे रहे। बताया जा रहा है कि चारबाग से लखनऊ एयरपोर्ट (चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट) जाने वाली मेट्रो लाइन सचिवालय मेट्रो स्टेशन से कुछ देर आगे बढ़ने पर शाम करीब 4:30 बजे ठप हो गई।

वहीं इसकी जानकारी होने पर मेट्रो प्रशासन ने समस्या का समाधान करने के लिए तत्काल प्रयास शुरू कर दिए थे। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि शाम करीब 4 बजे के आसपास चारबाग रैंप क्षेत्र में अपलाइन (सीसीएस हवाई अड्डे की ओर) में मेट्रो ट्रेन के संचालन में थोड़ी रुकावट आ गई थी। इसका कारण पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले धातु के तार यानी मांझे थे। मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि वसंत पंचमी के अवसर पर उस क्षेत्र में पतंगबाजी ज्यादा हो रही थी। कुछ धातु के तार मेट्रो लाइन के ओवर-हेड तार के संपर्क में आ गए थे, जिसकी वजह से अचानक से ट्रिपिंग हो गई। इसके चलते करीब 40 मिनट तक सिंगल लाइन से ट्रेनों का संचालन किया गया। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के पीआरओ ने बताया कि तकनीकी समस्या आने की वजह से करीब 15 मिनट के लिए मेट्रो रुकी थी, लेकिन वह दिक्कत तत्काल ठीक कर दी गई, जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं हुई।

**यूपीएमआरसी ने की अपील, पतंगों में धातु के तारों न करें इस्तेमाल :** लखनऊ मेट्रो के अधिकारियों के अनुसार मेट्रो ट्रेन का परिचालन बंद नहीं किया गया था। इस घटना के बाद यूपीएमआरसी ने मेट्रो लाइनों के पास पतंगों में धातु के तारों का उपयोग न करने की एक बार फिर अपील की है। क्योंकि पतंगबाजी के तार से सड़कों पर ट्रिपिंग के साथ-साथ आम आदमी के घायल होने की घटनाएं भी होती रही है। हालांकि अन्य दिनों की तुलना में रविवार को मेट्रो से सफर करने वालों की संख्या में कमी रहती है। बता दें, इससे पहले भी लखनऊ मेट्रो सेवा में दिक्कत आने से ट्रेन को अचानक से रोका गया है, जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ता है।

# सीएमएस में मेडिटेशन और योग सूत्रों पर कार्यशाला का आयोजन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, प्रधान कार्यालय में ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन और योग सूत्रों पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का संचालन नीदरलैण्ड से पधारे मेडिटेशन एवं योग विशेषज्ञ मैक्स टेन डैम ने किया तथापि सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अपनी उपस्थिति से कार्यशाला की गरिमा को बढ़ाया। इस कार्यशाला में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में मेडिटेशन प्रोग्राम शुरू करने पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।



कार्यशाला में सी.एम.एस. के सभी 21 कैम्पसों के मनोवैज्ञानिक काउन्सलर्स ने प्रतिभाग कर मेडिटेशन एवं योग के माध्यम से छात्रों के आईक्यू स्तर और एकाग्रता को बढ़ाने, तनाव व चिंता को कम करने एवं आत्मविश्वास व मनोबल को बढ़ाने पर सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा की। वास्तव में, यह कार्यशाला सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में पहला कदम थी। ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन एक बहुत ही सरल एवं प्राकृतिक ध्यान प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत 15 से 20 मिनट तक एकाग्रता के साथ किसी विशिष्ट मंत्र का उच्चारण किया जाता है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मैक्स टेन डैम ने कहा कि तथ्य ये है कि हम सभी लोग अपने मन के गहरे स्तर पर आपस में जुड़े हुए हैं, ऐसे में ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन का प्रत्येक व्यक्ति खास कर भावी पीढ़ी पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है और वे मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। श्री टेन डैम ने जोर देते हुए कहा कि जब बड़ी संख्या में लोग एक साथ एक ही समय पर ट्रांसेंडेंटल मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं, तो इसका सकारात्मक प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। सामूहिक ध्यान न केवल व्यक्तियों के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक है, क्योंकि इससे उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा पूरी दुनिया में फैलती है।

# शासन-सत्ता में समाज की भागीदारी जरूरी : कुशवाहा

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा लखनऊ इकाई के तत्वावधान में राजेन्द्रनगर स्थित सोहन लाल बालिका इंटर कालेज में महासभा के अध्यक्ष मूलचन्द्र मौर्य, महामंत्री आनंद मौर्य व अमर सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती एवं तहरी भोज का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव आरके

- **बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती पर तहरी भोज का आयोजन**

कुशवाहा मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महासभा के महामंत्री आनंद मौर्य ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आरके कुशवाहा ने अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि आज के युवा उनके सिद्धांतों व आदर्शों को आगे बढ़ाएं यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि जब तक समाज की शासन व सत्ता में भागीदारी नहीं होगी तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबू जगदेव प्रसाद ने कहा था किसी समाज को गुलामी से मुक्ति पाने के लिए उस समाज को वर्षों संघर्ष करना होता है यही नहीं उन्होंने कहा कि समाज की पहली पीढ़ी के लोग मारे काये जाएंगे दूसरी पीढ़ी के लोग जेल जाएंगे और उसके बाद तीसरी पीढ़ी जो आएगी वह शासन व सत्ता पर राज करेगी। जिस समाज में यह हिम्मत नहीं है वह समाज हमेशा पराधीन व गुलाम बना रहेगा। उन्होंने प्रतिवर्ष उनकी जयंती मनाने पर जोर देते हुए कहा कि समाज के बच्चे शिक्षा व व्यापार के साथ राजनीति में भी आगे आने की आवश्यकता है। इस मौके पर हरदोई जनपद के निवासी व पर्वतारोही अभिनीत मौर्य को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें केन्या की सबसे ऊंची चोटी पर पढ़ने के लिए खिल भारतीय कुशवाहा महासभा लखनऊ इकाई व उसकी समितियों ने आर्थिक मदद देने का आश्वासन भी दिया। अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती एवं तहरी भोज में आए डा. राजीव रतन मौर्य, राम सहाय मौर्य, शिवमूर्ति मौर्य, बांकेलाल मौर्य, मुलायम सिंह कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# एलएसए के विरोध में सभी दलों के पार्षद एकजुट, कल बैठक में हंगामे के आसार

**लखनऊ।** नगर निगम के 77 वार्डों में सफाई का ठेका निजी कंपनी को देने के विरोध में भाजपा के साथ ही सपा पार्षद भी लामबंद हो गए हैं। अभी तक सदन में हंगामा करने वाले पार्षद अब खुलकर सड़क पर आ गए हैं। शनिवार को चौक में विरोध, प्रदर्शन व हंगामे के साथ ही नगर निगम मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन से इसकी शुरुआत हो चुकी है।

- **सदन से सड़क तक हुआ हंगामा, भाजपा के साथ सपा पार्षदों ने कसी कमर**

अब मंगलवार को महापौर की अध्यक्षता में एक बार फिर नगर आयुक्त की ओर से पार्षदों को समझाने का प्रयास होगा मगर माना जा रहा है कि कंपनी को ठेका निरस्त करने के इतर पार्षद तैयार नहीं हैं। इससे बैठक में हंगामे के आसार नजर आ रहे हैं।

बीते साल भर से लखनऊ स्वच्छता अभियान पांच जोनों में घरों से कूड़ा उठान का काम कर रही है। अब एक फरवरी से सड़कों की सफाई का काम भी इसी कंपनी को दिया जा चुका है। इससे पहले से काम कर रही कार्यदायी संस्था काम में पार्षदों की की संलिप्पता प्रभावित हो रही थी। अब पार्षद कंपनी के ठेके को रद करने पर अड़े हैं। शनिवार को ठेके के विरोध में भाजपा के करीब 60 पार्षदों ने विरोध जताते हुए महापौर और नगर आयुक्त के कक्ष के सामने आठ घंटे धरना दिया था। जोन छह में सफाई कार्य को टेकओवर करने आए निजी कंपनी एलएसए के कर्मचारियों और मौजूदा समय में सफाई का काम कर रहे विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के संविदा कर्मचारियों में मारपीट तक हो गई थी। इन हंगामों को देखते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए पार्षदों के साथ नगर निगम मुख्यालय पर बैठक बुलाई है। उधर, इस मामले में पार्षदों का कहना है कि जिस निजी कंपनी को सफाई का ठेका दिया जा रहा है, वह सप्ताह में सिर्फ दो ही दिन झाड़ू लगाएगी, ऐसे में वार्ड भला कैसे साफ रहेंगे। मौजूदा समय में रोजाना वार्डों में झाड़ू लगाया जा रहा है। रामतीरथ वार्ड के पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि सदन में पार्षदों ने निजी कंपनी को सफाई का ठेका दिए जाने का विरोध किया था। रामकी कम्पनी के विरोध में समाजवादी पार्टी के पार्षद सभी दलों के पार्षदों के साथ है। रविवार को बैठक कर मंगलवार को होने वाली बैठक में निजी कंपनी को सफाई का ठेका दिए जाने का विरोध करने का निर्णय लिया है। सपा पार्षद दल के नेता कामरान बेग ने बताया कि बिना पार्षदों की सहमति से निजी कंपनी को ठेका दिए जाने का निर्णय कतई उचित नहीं है। नगर की सफाई व्यवस्था के लिए यह कहीं से भी ठीक नहीं है कि निजी कंपनी सप्ताह में दो ही दिन झाड़ू लगाए। इसलिए सपा के सभी 21 पार्षद निजी कंपनी को ठेका दिए जाने का विरोध करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद दल उपनेता देवेन्द्र सिंह यादव (जीतू), शफीकुर रहमान (चचा), पार्षद अल्लाह प्यारे, पार्षद राम नरेश चौरसिया, पार्षद पति प्रमोद यादव, पार्षद नम्मू, पार्षद ममता रावत सहित 18 पार्षद उपस्थित रहे।

# डोर टू डोर टू कूड़ा कलेक्शन सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डीएम विशाख जी ने विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास मे निर्मित आरआरसी का निरिक्षण किया। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा वहां पर कार्यरत केयरटेकर एवं सोर्स सेग्रीगेशन का कार्य करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से संवाद किया गया व साथ ही ग्राम पंचायत के सभी परिवारों से डोर टू डोर कलेक्शन प्रारंभ कराए जाने के लिए निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज (स्वच्छता शुल्क) निर्धारित किए जाने पर भी जोर दिया गया व साथ ही जिन परिवारों द्वारा डोर टू डोर कलेक्शन के दौरान कूड़ा नहीं दिया जा रहा है उन्हें भी प्रेरित किए जाने के निर्देश दिये। डोर टू डोर कलेक्शन में गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग देने के लिए ग्रामवासियों को प्रेरित किया जाए। साथ ही खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायत के निवासियों की अधिकता में स्वच्छता का ऑडिट कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए की ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर एक समिति बनाना सुनिश्चित किया जाए जिसमें संभ्रांत और भिन्न भिन्न क्षेत्र के लोगों को शामिल किया जाए। एकत्रित किए गए स्वच्छता शुल्क धनराशि से सभी ग्राम पंचायतों में फागिंग मशीन, एंटी लार्वा मशीन और अन्य सफाई के उपरकणों की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। तदोपरांत जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा ग्राम पंचायत में निर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया व साथ ही ग्राम वासियों से स्वच्छता के संबंध में संवाद किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ, उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज, जिला पंचायत अधिकारी लखनऊ, खंड विकास अधिकारी गोसाईगंज व अन्य उपस्थित रहे।

## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के बिजनौर तहसील में डीएम विशाख जी. के निदेर्शों के क्रम में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने के चलाये जा रहे अभियान के में तहसील सरोजनी नगर द्वारा गठित टीम ने उक्त ग्राम में गाटा संख्या 1919/1.075 हेक्टेयेयर तालाब, 103/0.101 हेक्टेयेयर ऊसर, 106 मि/0.140 हेक्टेयेयर ऊसर से उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर डा. सचिन कुमार वर्मा एवं अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव द्वारा गठित नगर निगम एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध कब्जा हटाया गया। उक्त कार्यवाही जिला प्रशासन व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर की गई। कब्जा मुक्त करायी गई भूमि का बाजार मूल्य 1 करोड़ 75 लाख हैं।

# अब नगर निगम के एप से जमा होगा हाउस टैक्स, शिकायतों का भी होगा निस्तारण

**लखनऊ।** नगर निगम में हाउस टैक्स जमा करना आसान होगा। इसके लिए निगम अपना खुद का मोबाइल एप लांच करने जा रहा है। मंगलवार को एप को लांच करने की तैयारी है। शुरूआत में इसके माध्यम से हाउस टैक्स जमा करने के साथ ही सफाई संबंधी शिकायतें भी की जा सकेंगी।

- **कल लांच होगा मोबाइल एप, नाम परिवर्तन कराने की भी मिलेगी सुविधा**

इसके बाद निगम की वेबसाइट और अन्य सुविधाएं भी एप से जोड़ दी जाएंगी। शिकायत के निस्तारण की कार्रवाई कहां तक हुई, इसकी जानकारी मिलती रहेगी। एप प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा।

नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर हर बार लॉग इन करना पड़ता है। कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। इसमें समय लगता था और परेशानी होती थी। एप में सबकुछ आसान हो सकेगा। एप पर ही गृहकर के डिजिटल




बैंकिंग से भुगतान की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा गृहकर निर्धारण के साथ नाम परिवर्तन भी करा सकेंगे। नगर निगम से लाइसेंस बनवाने और म्यूटेशन के लिए शुल्क भी जमा कर सकेंगे। इसमे शिकायत दर्ज कराने से लेकर उसके निस्तारण प्रक्रिया का अपडेट भी मिलता रहेगा। नगर निगम के मुख्य गृहकर निर्धारण अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल एप की टेस्टिंग हो गई है। मंगलवार से इसे चालू कर दिया जाएगा। बता दें कि हाउस टैक्स आनलाइन वेबसाइट व पेटीएम के माध्यम से जमा किया जा सकता है। इसी तरह शिकायतें भी 311 एप में दर्ज हो रही हैं लेकिन अब नगर निगम ने अपना खुद का एप तैयार किया है। इससे पहले स्वकर गृहकर निर्धारण आनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी लेकिन इसमे गड़बड़ी होने लगी थी और गलत तरह से कर निर्धारण होने से नगर निगम ने साफ्टवेयर को अपडेट कर दिया है। एप से सभी डिजिटल से बैंकिंग भुगतान की सुविधा होगी। नगर निगम की तरफ से दी जाने वाली सुविधाओं की शिकायतें दर्ज हो सकेंगी। अगर शिकायत हो गई है तो उसकी जानकारी भी एप पर अपलोड हो जाएगी। हाउस टैक्स निर्धारण के साथ ही नाम परिवर्तन भी करा सकेंगे। इसके अलावा लाइसेंस बनवाने से लेकर नगर निगम के अन्य कर को भी जमा कर सकेंगे। नगर निगम से जुड़ी सभी जानकारियां मिल सकेंगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सिपाही ने सरकारी क्वार्टर में की आत्महत्या

## पत्नी को अंदर कमरे में बंद किया और फिर लगाई फांसी, जांच शुरू



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाने के सरकारी क्वार्टर में रविवार को एक सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिपाही एसीपी कृष्णा नगर कार्यालय में तैनात था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस बताया, बिजनौर जिले के नहटौर में रहने वाला 2019 बैच का सिपाही अजय सैनी (27) की पिछले करीब 10 माह से सरोजनी नगर थाने में तैनाती हुई थी। वह अपनी पत्नी काजल और करीब ढाई माह की बच्ची के साथ बंथरा थाने के सरकारी क्वार्टर में रहता था। रविवार को उसकी छुट्टी थी। दोपहर करीब 2 बजे सिपाही अजय सैनी का किसी बात को लेकर पत्नी काजल से विवाद हो गया। नाराज अजय ने पत्नी को कमरे के अंदर से बंद कर दिया। बरामदे में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक गया। काजल ने कमरे की खिड़की से उसे लटका देखा तो खिड़की का शीशा तोड़ा और जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

**शोर सुनकर पड़ोसी महिला पहुंची:** शोर सुनकर पास में ही रहने वाली बंथरा थाने में तैनात एक महिला सिपाही अजय के क्वार्टर का मेन गेट खोलकर अंदर पहुंची तो नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। अजय फर्श पर अचेत पड़ा था और उसके गले में दुपट्टा बंधा था, जबकि पंखे के हुक से दुपट्टा खुल चुका था। इसके बाद महिला सिपाही ने कमरे की कुंडी खोली, तब काजल बाहर निकली। इसके बाद बंथरा इंस्पेक्टर को सूचना दी गई। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राम सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और अजय को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। लेकिन घर वाले अपोलो हॉस्पिटल ले गये। जहां कुछ देर इलाज के बाद डॉक्टरों ने सिपाही अजय को मृत घोषित कर दिया। एसीपी कृष्णा नगर सौम्या पांडेय ने बताया कि मृतक सिपाही के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। शुरूआती जांच में पारिवारिक कलह से तंग होकर आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। मामले की जांच पड़ताल की जाएगी।

**संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत :** मलिहाबाद में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा में रविवार सुबह एक पेड़ से युवक का शव लटका मिला। मृतक की मां फूलमती ने दो लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

फूलमती के अनुसार, व्यापारी अंबार गाजी और सुभाष ने उनके बेटे रिंकू की हत्या की है। 29 तारीख को अंबार गाजी की दुकान में लूट हुई थी, जिसमें एक बदमाश को पकड़ा गया था। इसी मामले में रिंकू का भी शांति भंग के तहत चालान किया गया था। शनिवार दोपहर रिंकू और शनि को करीब 2:30 बजे बेल मिली और घर आया। करीब 4 बजे खाना खाकर बिना घर पर बताए कहीं निकल गया। देर रात वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह करीब 10 बजे पड़ोस के गांव निवासी मोहनलाल ने पेड़ के सहारे शव लटकते देखा। मां का आरोप है कि इसी विवाद के चलते अंबार गाजी और सुभाष ने पहले उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद से वह गुमसुम रहने लगा था। आरोप है कि दोनों ने रिंकू की हत्या करके आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया। परिजनों ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद दोस्त सुभाष धमकी देने लगा कि पुलिस से उसका नाम नहीं लेना। इसके बाद गवाह बनकर अंबार गाजी के गुट में शामिल हो गया। परिजनों ने अंबार गाजी, गुड्डू, सुभाष और चंदन पर हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस के पास अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## युवक का लटका मिला शव, मां ने लगाया हत्या का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गांव में रविवार सुबह एक पेड़ से युवक का शव लटका मिला। मृतक की मां फूलमती ने दो लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए दो लोगो के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की मां फूलमती के अनुसार बीती 29 तारीख को अंबार गाजी की दुकान के सामने लूट हुई थी, जिसमें एक बदमाश को पकड़ा गया था इसी मामले में पुलिस ने बेटे रिंकू का भी शांति भंग में चालान किया था। शनिवार दोपहर रिंकू और शनि को बेल मिली और घर आया था करीब 4 बजे खाना खाकर बिना घर से बताए कहीं निकल गया। देर रात वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। सुबह करीब 10 बजे पड़ोस के गांव निवासी मोहनलाल ने पेड़ के सहारे शव लटकते देखा। मां का आरोप है कि इसी विवाद के चलते अंबार गाजी और सुभाष ने पहले उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद से वह गुमसुम रहने लगा था। आरोप है कि दोनों ने रिंकू की हत्या करके आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया। इस संबंध में एसीपी अमोल मुर्कुट ने बताया कि माँ की शिकायत पर दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

रविवार सुबह सौरा मोड़ के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र अफरातफरी मच गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। मृतक की पहचान के लिये पुलिस ने आसपास के थानों को भी अवगत करा दिया है। रविवार सुबह माल भरावन मुख्यमार्ग पर सौरा मोड़ के पास अज्ञात घायल अवस्था में पड़ा देखकर आसपास के लोगो ने पुलिस को सूचना दी। अज्ञात को एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । प्रभारी निरीक्षक आनंद द्ववेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु पीएम हाउस भेज दिया गया है। आसपास के क्षेत्र में मृतक के पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक का रंग सांवला तथा दाढ़ी के बाल सामान्य से बढ़े हुये है।

## पत्नी को वीडियो कॉल कर युवक ने लगाई फांसी

सुशान्त गोल्फ सिटी के खुर्दही बाजार में रहने वाले एक युवक ने दो माह से मायके में रह रही पत्नी को वीडियो कॉल कर कमरे में गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद कमरे में पहुँचे परिजनों ने शव को नीचे उतारकर ट्रामा ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खुर्दही बाजार निवासी अनिल रावत (28) पंचर बनाने का काम करता था। मृतक की पत्नी अंजलीं किसी बात से नाराज होकर बेटी के साथ मायके बरहनपुर जिला अयोध्या चली गई थी। अनिल ने शनिवार की रात पत्नी को वीडियो कॉल कर कमरे के अंदर छत के कुंडे से गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी ने अपनी ननद मनीषा को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पिता राजू व माँ द्रोपदी ने उसे नीचे उतार कर ट्रामा ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की माँ ने घटना की जांच की मांग की है। आरोप है कि पति पत्नी के बीच फोन पर ऐसी क्या बातचीत हुई कि उसने आत्महत्या कर ली।

## ट्रेन के आगे कूदकर कैंसर पीड़ित ने दी जान

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में एक कैंसर पीड़ित मजदूर ने रविवार की सुबह ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सुबह गेटमैन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार उर्फ टोनी (30) कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। रविवार की सुबह उसने पहाड़ नगर टिकरिया गांव के पास ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक मजदूरी करता था।

## मासूम बच्ची का शव मिलने पर धरना प्रदर्शन

लखनऊ राजधानी के थाना दुबग्गा की मासूम बच्ची का शव मिलने से नाराज परिजनों का दुबग्गा जॉगर्स पार्क पावर हाउस चौराहे पर भारी पुलिस बल के बीच धरना प्रदर्शन कर दुबग्गा पुलिस पर आरोप लगाया। लखनऊ के दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के भरावन खुर्द निवासी मासूम बच्ची आराध्या का शव नाले में मिला था। मासूम बच्ची के परिजनों ने दुबग्गा थाने की पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई न करने से नाराज परिजन दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के जागर्स पार्क पावर हाउस चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया ।बच्ची के परिजनों का कहना है कि एक सप्ताह से लापता मासूम बच्ची आराध्य को समय रहते दुबग्गा पुलिस जांच पड़ताल करके खोजने की कोशिश की होती तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। मासूम बच्ची का शव मिलने से दुबग्गा थाना क्षेत्र के जागर्स पार्क पावर हाउस चौराहे पर भारी पुलिस बल के बीच धरना-प्रदर्शन कर परिजन रोते बिलखते रहे।

## साले ने जीजा पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली में एक युवक ने अपने जीजा के खिलाफ प्लाट दिलाने के नाम पर लाखो रुपये की ठगी और कार हड़प लेने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है आरोप है कि उसके जीजा पैसे और गाड़ी लेकर लम्बे समय से फरार चल रहे है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि जय प्रकाश नगर आलमबाग निवासी प्राँशु अस्थाना पुत्र कौशल अस्थाना के अनुसार रिश्ते में उसके जीजा आशीष कुमार मूलनिवासी वाराणसी जो की वर्तमान में मन्दाकिनी अपार्टमेन्ट वृन्दावन विहार योजना तेलीबाग में रहे है जो लखनऊ में प्लाट-जमीन दिलाने के नाम पर उससे लगभग तीन लाख रुपये ठग लिए और बीते वर्ष अगस्त माह में वीआईपी रोड स्थित बैंकुठ धाम के पास से उसकी कार संख्या यूपी 60 एजे 2345 बहाने से मांग कर ले गया।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-42-45/वि.जा.खं.(वि.)/गोण्डा/ई-टेन्डर/2024-25** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदा के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्य को सम्पादित कराने हेतु दो भागों में अलग-अलग निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाइट "https://www.mvvnl.in" तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई-टेण्डर वेबसाईट "https://etender.up.nic.in" से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य (RTGS/NEFT के माध्यम स). धरोहर धनराशि (EBG के माध्यम से), जी.एस.टी. पंजिकरण पत्र, पैन कार्ड, जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत वैद्य चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों का टर्नओवर प्रमाण पत्र, किसी भी सरकारी विभाग द्वारा फर्म/ ठेकेडार को काली सूची में न डाले जाने हेतु रू. 10 के स्टैम्प पर नोटरफाइड शपथ पत्र (निविदा प्रकाशन की तिथि या उसके बाद की तिथि का), किसी सरकारी विभाग द्वारा निर्गत जानपदीय कार्यों को पूर्ण कराये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र (अनुभव प्रमाण पत्र में अनुबन्ध सं., कार्य की अनुबन्धित लागत, कार्य की सम्पादित लागत, कार्य प्रारम्भ करने की तिथि, कार्य को पूर्ण कराये जाने की निर्धारित तिथि एवं कार्य को पूर्ण कराये जाने की वास्तविक तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए) एवं निविदा सूचना के साथ संलग्न प्रपत्रों को बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक है। निविदा हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि EBG के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से जमा करने पर निविदादाता के बिड को निरस्त कर दिया जायेगा। निविदादाता द्वारा अपलोड किये जाने वाले सभी वांछित एवं आवश्यक प्रपत्रों पर हस्ताक्षर एवं फर्म की मोहर लगाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र धारक निविदादाता ही ई-निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र होगें। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग- 2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग के परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के द्वितीय भाग (वित्तीय भाग) को खोला जायेगा, जिसकी सूचना अर्ह निविदाकारों को ई-मेल द्वारा दी जायेगी। निविदा प्रस्ताव केवल ई-टेण्डरिंग वेबसाईट "http://etender.up.nic.in" पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य RTGS/NEFT के माध्यम से "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gonda" के पंजाब नेशनल बैक, गोण्डा के A/c No. 2024002100005846 एवं IFSC Code- PUNB0202400 में एवं धरोहर धनराशि EBG के माध्यम से दिनांक 02.02.2025 या इसके पश्चात ही जमा की जायेगी तथा साक्ष्य के रूप में योज्य यू.टी.आर. संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति के साथ पार्ट-1 के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग को खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को उपरोक्त समय तक खोला जायेगा । निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होगी । निविदा के अन्तर्गत कार्य की मात्रा में 25 प्रतिशत का विचलन हो सकता है। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट "http://etender.up.nic.in तथा म.वि.वि.नि.लि. मुख्यालय, लखनऊ की वेबसाईट "https://www.mvvnl.in" पर उपलब्ध कराई जायेगी। शीघ्र सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित करने वाले निविदादाता को कार्य आवंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैं। निविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। **क्र.सं.** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 42/वि.जा.खं.(वि.)/गोण्डा/ई-निविदा/2024-25 **कार्य का नाम** विद्युत भण्डार केन्द्र गोण्डा पर विद्युत परिवर्तकों की टेस्टिंग हेतु पॉवर एनालाइजर कक्ष का निर्माण कार्य। **कार्यावधि** 1-माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) (जी.एस.टी. सहित) RTGS/NEFT के माध्यम से** 590.00 **धरोहर धनराशि (रू.) EBG के माध्यम से** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 17.02.2025 12:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 18.02.2025 **क्र.सं.** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 43/वि.जा.खं.(वि.)/गोण्डा/ई-निविदा/2024-25 **कार्य का नाम** विद्युत भण्डार केन्द्र बहराइच पर विद्युत परिवर्तकों की टेस्टिंग हेतु पॉवर एनालाइजर कक्ष का निर्माण कार्य। **कार्यावधि** 1-माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) (जी.एस.टी. सहित) RTGS/NEFT के माध्यम से** 590.00 **धरोहर धनराशि (रू.) EBG के माध्यम से** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 17.02.2025 12:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 18.02.2025 **क्र.सं.** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 44/वि.जा.खं.(वि.)/गोण्डा/ई-निविदा/2024-25 **कार्य का नाम** विद्युत भण्डार केन्द्र बलरामपुर पर विद्युत परिवर्तकों की टेस्टिंग हेतु पॉवर एनालाइजर कक्ष का निर्माण कार्य। **कार्यावधि** 1-माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) (जी.एस.टी. सहित) RTGS/NEFT के माध्यम से** 590.00 **धरोहर धनराशि (रू.) EBG के माध्यम से** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 17.02.2025 12:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 18.02.2025 **क्र.सं.** 4 **निविदा विशिष्ट संख्या** 45/वि.जा.खं.(वि.)/गोण्डा/ई-निविदा/2024-25 **कार्य का नाम** विद्युत भण्डार केन्द्र श्रावस्ती पर विद्युत परिवर्तकों की टेस्टिंग हेतु पॉवर एनालाइजर कक्ष का निर्माण कार्य। **कार्यावधि** 1-माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) (जी.एस.टी. सहित) RTGS/NEFT के माध्यम से** 590.00 **धरोहर धनराशि (रू.) EBG के माध्यम से** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय** 17.02.2025 12:00 बजे तक **निविदा खोले जाने का तिथि** 18.02.2025 **अधिशासी अभियन्ता।**

**हेल्पलाइन नम्बर-18001800440**
**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें।''**
**(पत्रांक 699 / दिनांक 31.01.2025)**

# 13 वीं मंजिल से गिरा युवक , मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुडंबा थाना क्षेत्र के कुर्सी रोड स्थित स्मृति अपार्टमेंट की 13 वीं मंजिल की खिड़की से शनिवार देर रात संदिग्ध हालातों में गिरने से युवक (25) की मौत हो गई। मृतक यहाँ अपने दोस्त से मिलने उसके फ्लैट में अक्सर आया जाया करते थे। गुडंबा पुलिस नशे में गिरने की आशंका जता रही है। गुडंबा पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेन्टर भेज दिया। चौकी प्रभारी सेक्टर जे रंजीत मिश्रा ने बताया कि स्मृति अपार्टमेंट की 13 वीं मंजिल के फ्लैट 1301 में सिधौली सीतापुर निवासी मोंटी सिंह रहते हैं। अजय नगर, कमता निवासी गौरव नागर उर्फ गोलू पुत्र राजकुमार नगर उनके मित्र थे। राजकुमार नागर के तीन बच्चो में दूसरे नंबर पर थे ।मृतक के पिता ने बताया की गौरव 10वी पास था पहले हॉकर का काम करता था इधर काफी समय से बीमार चल रहा था।

## पुलिस की पूछताछ के बाद युवक ने की आत्महत्या

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुबग्गा इलाके में पुलिस की पूछताछ के बाद युवक ने फांसी लगा ली। एक गायब छात्रा के मामले में पुलिस ने युवक से पूछताछ की थी। मृतक की पहचान बरावन खुर्द गांव के पास आवास विकास कॉलोनी निवासी सोनू पंडित के रूप में हुई है।

शनिवार को दुबग्गा पुलिस ने एक लापता छात्रा के मामले में सोनू पंडित और उसकी पत्नी जुगुनू को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था। पुलिस ने दंपती से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद देर रात दोनों को छोड़ दिया गया। थाने से लौटने के बाद सोनू ने रात में अपने घर में फांसी लगा ली। सुबह जब पत्नी जुगुनू ने पति को फंदे पर लटकता देखा तो तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की प्रताड़ना के कारण युवक ने यह कदम उठाया।

# कार सवार नशेड़ियों ने गाड़ी हटाने को लेकर दो भाइयों को पीटा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मानक नगर थाना क्षेत्र में बीते दो दिन पूर्व रात्रि समय कार सवार नशेड़ियों ने गाड़ी हटाने को लेकर दो भाइयों की जमकर पीटाई करने के साथ ईट से प्रहार कर फरार हो गए। वहीं एक भाई का कान ईट के प्रहार से कट गया और खून वह से लथपथ हो गया । जिसके पश्चात पीड़ित ने स्थानीय मानक नगर थाना पहुंच पुलिस से आरोपित की कार नम्बर के आधार पर लिखित शिकायत की है । मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बाबू बल्खंडी प्रसाद मार्ग दौदा खेडा मानक नगर में रहने वाले अनुराग सिंह पुत्र राम औतार सिंह के अनुसार बीते 31 जनवरी की रात्रि करीब 9 बजे उनका छोटा भाई अविनाश सिंह कानपुर से मेमू ट्रेन से मानकनगर रेलवे स्टेशन उतरा था , जिसे रिसीव करने वह अपनी कार से स्टेशन गए थे और अपनी कार मेहंदी खेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास ही खड़ी किये थे भाई को स्टेशन से लेकर अपनी गाड़ी पर वापस लौटे तो देखा कि 4 से 5 लोग गाड़ी खड़ी कर शराब पी गाली गलौज कर रहे थे पीड़ित ने अपनी गाड़ी निकालने के लिए गाड़ी हटाने को कहा तो सभी आक्रोशित हो मारपीट करने लगे और फिर इंट से मारने लगे और ईट पीड़ित के छोटे भाई के सिर पर जा लगा और कान फटकर लटक गया कान के पीछे सर पर गहरी चोट लग गई जिससे छोटा भाई खून से लथपथ हो गया और नशेड़ी युवक भाग खड़े हुए `पीड़ित ने अपने छोटे भाई को चोटिल अवस्था में गाड़ी में बैठा मानक नगर थाने पहुँच पुलिस से आरोपित कार, सवार नशेड़ियों की कार नम्बर के आधार पर लिखित शिकायत की है पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज दर्ज कर आरोपित हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## फोन पर गालियां देते हुए दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ.। थाना बंथरा इलाके मे एक व्यक्ति द्वारा फोन पर गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी दी हैं। इसी को लेकर पीड़ित ने बंथरा थाने पर आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया हैं। थाना बंथरा के लोनहा निवासी सूर्य भान विश्व कर्मा पुत्र राम नरेश ने बंथरा पुलिस को बताया की बीती 28 जनवरी 25 को रात्रि करीब 11,31 बजे एक मोबाइल फोन से हमारे फोन पर काल आया और कहा की हम संजय रावत बोल रहा हूं और गालिया देने लगा और कहा की तुमको उठवा कर जान से मरवा दूंगा ।तुम हमें जानते नहीं हो तुम्हारे ज्यादा दिन नहीं बचे हैं ।माफिया को भिजवा कर तुमको जल्द खत्म करवा दूंगा ।पीड़ित सूर्य भान विश्व कर्मा ने शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्य वाई करते हुए जान व माल की सुरक्षा की जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र अर्जुन शर्मा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **सुमनलता पत्नी धर्मेन्द कुमार नि.- ग्राम कसमंडी कलां थाना मलिहाबाद पर. व तह. मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

## मिल्कीपुर चुनावः लोकदल सपा के साथ

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में लोकदल ने समाजवादी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े होने का निर्णय लिया है। इस गठबंधन से चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। लोकदल के वरिष्ठ नेता अवधेश, जो पहले भी पार्टी से विधायक रह चुके हैं, इस चुनाव में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी पुरानी राजनीतिक विरासत और किसानों के बीच उनकी मजबूत पकड़ से चुनावी माहौल लोकदल के पक्ष में नजर आ रहा है। लोकदल हमेशा किसानों, मजदूरों और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ता आया है। इस ऐतिहासिक चुनाव में भी लोकदल का किसान वर्ग पूरी मजबूती से साथ खड़ा है।

**राम बरन महाविद्यालय विभारपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर**

**आवश्यकता है**

1- प्राचार्य- एक पद, 2. स्नातक स्तर कला संकाय पर - संस्कृत , मध्यकालीन इतिहास , हिंदी, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अंग्रेजी ,शिक्षा शास्त्र,राजनीतिशास्त्र,अर्थशास्त्र विषयों में प्रवक्ता की।, 3 - स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय - भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान व गणित विषयों में प्रवक्ता की।, 4- परास्नातक स्तर कला संकाय- हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान एवं मध्यकालीन इतिहास विषयों में दो - दो प्रवक्ता पद।

**योग्यता** - यूजीसी/डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार।

**वेतनमान**-विश्वविद्यालय मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी दो प्रतियों में समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्रों सहित दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित विज्ञापन प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय में प्रेषित करें।

**प्रबंधक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोकेपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 31.01.2025**

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत लोकेपुर, विकास खंड- कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार/भठ्ठा मालिक दिनांक 03.02.2025 से दिनांक 07.02.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत लोकेपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 07.02.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | राम बरन के घर से रिंकू पंडित के घर के पास तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 3.23 लाख रुपये। | ईंट प्रथम श्रेणी गिट्टी, मोरंग, सीमेंट, सरिया व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते गाइडलाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- लोकेपुर, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

# लटक रहे बिजली के तार में फंसा डंपर, टला बड़ा हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। थाना क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती धनेवा मे प्रगतिशील स्कूल तिराहे के पास हाई टेंशन बिजली का पोल लगा है जिसके तार काफी अरसे से नीचे लटके है इसी पोल के जरिये दो गांव (नई बस्ती धनेवा ,मोहम्मद नगर) मे बिजली की सप्लाई होती है ?। तार नीचे होने के कारण आए दिन कोई न कोई डंपर, पिकप, ट्रक , डीसीएम जैसे अन्य उंची गाड़ी इन्ही तारो में फंस जाती है । रविवार को लगभग चार बजे मोहम्दनगर गांव मे चल रहे सड़क निर्माण मे लगा डंपर जब इस तिराहे से गुजरा तो उसका डंपर इन्ही तार मे फस गया जिससे बिजली का पोल टूट गया गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी जिससे ड्राइवर आनंद की जान बाल बाल बच गई जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई ।मौके पर पंहुचे जेईई ने सारा दोष डंपर के ड्राइवर के ऊपर मढ़ दिया जबकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर की कोई गलती नही थी। तार नीचे लटके होने से पोल टूटा है , बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन कोई न कोई गाड़ी से तार टकराकर टूट जाते है या फेस उड़ जाते हैं तिराहा होने के कारण गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है जिससे दोनों गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। नई बस्ती धनेवा गांव के ज्यादातर किसान नर्सरी का काम करते है जिससे गांव मे बड़ी गाड़ियों का आवागमन लगा रहता है ग्रामीणों के अनुसार अब तक लगभग दो दर्जन से अधिक गाड़ियां तार मे फंस चुकी है बेचारे ड्राइवर अपनी जान जोखिम मे डालकर इन्ही लटके तारो के बीच से गाड़ियां निकालने को मजबूर है और बिजली बाधित होने से ग्रामीण परेशान है।

**जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट, दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज :** बिजनौर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गईक्पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। बिजनौर के परवर पश्चिम गांव में रहने वाले रामलाल के मुताबिक बीते शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर छोटे भाई नारायण, उसके बेटे रवि, शनि और नारायण की पत्नी माधुरी ने मिलकर रामलाल, उसके बेटे दीपक, भतीजे विनय और विनायक पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जमकर मारा पीटा और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष की माधुरी ने आरोप लगाया कि रामलाल. दीपक, दिलीप, विनय और विनायक ने माधुरी, उसके पति नारायण और छोटे बेटे को लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। विरोध करने पर पीड़िता को बाल पकड़कर गिरा दिया। जिससे वह चोटिल हो गई। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसे और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता जान बचाकर घर को भागी तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे और उसके परिवार वालों को मारा पीटा।

## इनोवा में लगी आग, बाल बाल बचा चालक

लखनऊ। गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास रविवार की तड़के एक इनोवा कार में आग लग गई। जिसमें चालक बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी से आग बुझाई गई। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव के पास लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर रविवार की सुबह बनारस से लखनऊ इनोवा कार लेकर आ रहे जानकीपुरम निवासी पवन मिश्रा ने बताया कि गोसाईंगंज कस्बा क्रॉस करते ही उनकी गाड़ी से धुंआ निकलने लगा। कबीरपुर के पास गाड़ी रोकी तो आचानक इंजन से लपटे निकलने लगी। जब तक दमकल वाहन आती तब तक पूरी कार आग की लपटों में घिर गई। पीड़ित ने बताया कि वह गाड़ी से आग की लपटे निकलती देख दूर खड़ा हो गया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच के आग बुझा ली गयी है।


वसंत पंचमी पर फूलों की रंगोली बनाती युवतियां


जनेऊ संस्कार में हिस्सा लेते युवक


रंगबिरंगी रंगोली सजाती युवतियां

सभी फोटो-अमित वर्मा

# वसंत पंचमी : ज्ञानदात्री मां सरस्वती की हुई विधि-विधान से पूजा-अर्चना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वसंत पंचमी पर रविवार को सुबह से ही मां सरस्वती के पूजन का दौर शुरू हो गया। स्कूलों व कालेजों में ज्ञानदात्री मां सरस्वती का पूजन किया गया तो दूसरी ओर से मंदिरों में यज्ञ अनुष्ठान के साथ ही भंडारे का आयोजन हुआ।

निराला नगर के श्रीराम कृष्णमठ में अध्यक्ष मुक्तिनाथा नंद ने मां के आह्वान के साथ पुष्पांजलि की। घसियारी मंडी के काली बाड़ी मंदिर में गौतम भट्टाचार्य व आरएन बोस की मौजूदगी में पूजन के साथ ही भंडारा हुआ। यहां रविवार को महिलाए सेतोल षष्ठी यानि बासी खाना खाती हैं। इस दिन सिल बट्टे की पूजा होती है और गोटा सेद्धों बनाया जाता है। पालक, बैगन, आलू, सेम, सकरकंदी, हरी मटर, बेर, साबुत उरद दाल सब एक साथ नमक डालकर एक बार बिना कल्छुल के बनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन सिलबट्टे और घर की महिलाओं को विश्राम देने के लिए ऐसा किया जाता है। सदर के हाता रामदास स्थित श्री शिव श्याम मंदिर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। गुरुजी ने बताया कि वसंत पंचमी पर मां फूलों से श्रृंगार किया गया। चौक के सोंधी टोला स्थित द्वारिकाधीश मंदिर में उत्तम कपूर के संयोजन में भंडारा हुआ। बाबा नीब करौरी मंदिर में राम दरबार मंदिर का कार्य शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी ने बताया कि श्रीरामचरितमानस पाठ का समापन हुआ। भंडारे के साथ समापन हुआ।

**भंडारे संग बंगाली क्लब में मां शारदा का पूजन:** दूसरी ओर बंगाली क्लब में अध्यक्ष अरुण बनर्जी की उपस्थिति में मां शारदा का पूजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने मां को पीले फूल, वस्त्र और भोज्य सामग्रियां अर्पित कीं। विवेक खंड के पानी टंकी पार्क में गोमती नगर सरस्वती पूजा समिति की ओर से मां शारदा का पूजन किया गया। ऐशबाग के साईं मंदिर में सुदर्शन समाज कल्याण समिति की ओर से मां सरस्वती का पूजन किया गया। मालवीय नगर स्थित सरस्वती पार्क में नवजागृति समिति की ओर से वसंत महोत्सव मनाया गया। बासमंडी स्थित इस्कॉन मंदिर में मां सरस्वती का विशेष पूजन किया गया। इसके बाद हरे कृष्णा नाम संकीर्तन हुआ। शाम को फूलों की होली खेली गई। कुड़ियाघाट परशाम को वहां दीपदान किया गया। श्री शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकान्त पांडेय ने बताया कि यह अनुष्ठान 2005 से किया जा रहा है। राजेन्द्र नगर स्थित दुर्गा मंदिर में वसंत पंचमी पर खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। डालीगंज के मनकामेश्वर मठ मंदिर में महंत देव्यागिरि की अगुआई में विशेष आरती की गई। हनुमान सेतु मंदिर में गुरुकुल के बच्चों ने मां सरस्वती की अराधना की। अलीगंज के विध्यांचल देवी मंदिर में तहरी भोज हुआ।

**बड़ी काली जी मंदिर में हुए विविध संस्कार:** चौक बड़ी काली जी मंदिर चौक में वसंत पंचमी पर मंदिर और मां का श्रृंगार पीले रंग के फूलों से किया गया। साथ ही पीली रंग की तहरी और बूंदी का वितरण किया गया। पुजारी शक्तिदीन अवस्थी की देख-रेख में विद्यारंभ, मुंडन, कर्णछेदन, अन्न प्रसान संस्कार बड़ी संख्या में हुए। दूसरी ओर इन्दिरा नगर गायत्री ज्ञान मंदिर में सभी संस्कार निशुल्क करवाए गए। साथ ही विश्व कल्याण के लिए यज्ञ करवाया गया। जिन लोगों ने यज्ञ में भाग लिया, उन्हें निःशुल्क पुस्तकें भी भेंट की गईं।

**50वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न:** श्री रामलीला समिति महानगर द्वारा 50 वां सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार रविवार को वसंत पंचमी के अवसर पर विधि विधान से पंडित वंशीधर उप्रेती, पंडित दीपक जोशी, पंडित दिनेश उप्रेती, पंडित चंद्रशेखर तिवारी, पंडित भुवन जोशी, पंडित हरिश्चंद्र तिवारी, पंडित खष्टी वल्लभ आदि द्वारा संपन्न कराया गया। करीब 86 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। कार्यक्रम का संचालन रामलीला निर्देशक महेन्द्र पंत ने किया। आयोजन को सफल बनाने में रामलीला समिति के मुख्य संयोजक गिरीश जोशी, संयोजक दीपक पांडे दीनू, नीरज पंत, नीरद पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद पंत, आनंद सिंह, संजय पांडे, हरीश लोहुमी, हिमांशू मिश्रा आदि की महत्व पूर्ण भूमिका रही

इस अवसर पर लखनऊ सहित अन्य नगरों के बटुक भी शामिल थे। सामूहिक योग्य पवित्र संस्कार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख श्वांत रंजन जी ने शामिल होकर बटुकों को आशीर्वाद दिया और कहा कि हिंदू धर्म के 16 संस्कारों में उपनयन संस्कार एक प्रमुख संस्कार माना गया है । इस अवसर परणं महापरिषद के संरक्षक एन.के.उपाध्याय , उपाध्यक्ष के.एन.पाठक, महासचिव महेंद्र सिंह रावत, संगठन सचिव राजेश भट्ट एवं उत्तराखंड महा परिषद के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पन्त, उपाध्यक्ष मंगल सिंह रावत शामिल थे।

**गाजे बाजे संग निकली बारात :** शास्त्री नगर श्री दुगाजी मंदिर से रविवार देर शाम 21 वर सीमित परिवारीजनों के संग गाजे बाजे के साथ नाचते गाते ऐशबाग रामलीला मैदान में पहुंचे। यहां पर वर वधु ने जयमाल के बाद सात फेरे लेकर एक दूजे संग साथ जीने मरने की कसम खाई। श्री दुर्गा जी मंदिर धर्म जागरण एवं सेवा समिति की ओर से 72वां कल्याण मंडप (कन्यादान महायज्ञ) का भव्य आयोजन रविवार को हुआ। 21 कन्याओं के इस सामूहिक विवाह समारोह की भव्यता देखते बन रही थी।

शास्त्री नगर दुर्गा मंदिर से 21 वर बारात लेकर निकले, जो कि रकाबगंज, नेहरूक्रास, वर्मा स्टाप कोयला मंडी होते हुए ऐशबाग रामलीला मैदान में बारातियों संग पहुंचे। रामलीला मैदान में द्वारचार, जयमाल के बाद वर वधू का विवाह विधि विधान से संपन्न कराया गया। अयोध्या रंगमहल से आए अतिथि महंत रामशरण दास महाराज ने नव युगल जोड़ियों को आशीर्वचन दिया। विवाह करने वालों में लखनऊ के अलावा उन्नाव, बाराबंकी, हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली जिलों के युवक युवतियां रहे। इसमें लखनऊ की 15 निर्धन कन्याओं समेत दूसरे जिलों की युवतियां रहीं।



## शहर के चौराहों पर होलिका स्थापित



प्रहलाद के प्रतीक अरंड की डाल के साथ होलिका की स्थापना की गई। कृष्णानगर के सहसेबीर मंदिर, तुलसी मानस मंदिर, चंदरनगर, आलमबाग सहित शहर में कई स्थानों पर पूजन और होलिका की स्थापना विधि विधान से की गई। मनकामेश्वर मंदिर में ज्ञान की देवी सरस्वती मां का पूजन किया गया। इसके साथ ही होलिका का खंभ भी मंदिर के पास चौक पर लगाया गया। खंभ स्थल को गेंदे के फूलों की रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया था। 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ महंत देव्यागिरि ने खंब लगाया। मार्च की पूर्णिमा पर वहां होलिका दहन किया जाएगा। बाबा मनकामेश्वर महादेव का अभिषेक श्रृंगार कर उन्हें तहरी का भोग लगा कर उसका प्रसाद वितरण किया गया।

## परंपरा और रीति-रिवाज के साथ हुआ जनेऊ संस्कार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** देवभूमि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति, कल्याणपुर, लखनऊ के तत्वावधान में रविवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर उत्तराखंड की परंपरा एवं रीति-रिवाज के अनुसार सामूहिक जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन बरसाना उपवन, कल्याणपुर, लखनऊ में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की कुमाऊनी वंदना जिसके बोल है दैनि है जये माँ सरस्वती। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व श्री हरीश चंद पंत (अध्यक्ष), दीवान सिंह अधिकारी (संयोजक), भरत सिंह बिष्ट (महासचिव), मंगल सिंह रावत (देवभूमि के संयोजक), मदन सिंह बिष्ट (अध्यक्ष), जगत सिंह राणा (महासचिव), एवं पूरन जीना सहित कार्यक्रम के प्रभारी पूरन चंद्र जोशी ने बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया।

यज्ञोपवीत संस्कार के मुख्य प्रभारी आचार्य कमल बहुगुणा, जो काशी विद्यापीठ से शास्त्री एवं साहित्याचार्य उपाधिधारी हैं, के नेतृत्व में यह पावन संस्कार संपन्न हुआ। साथ ही, पंडित संतोष जोशी, पंडित सत्येंद्र पाठक, पंडित पवन देव शास्त्री, एवं पंडित दिनेश जोशी जी ने पांच बटुकों का उत्तराखंड की पारंपरिक विधि-विधान से यज्ञोपवीत संस्कार कराया। संस्कार प्राप्त करने वाले बटुकों में कुनाल भट्ट, पीयूष पंत, नितेश सिंह, वरुण पंत, अक्षत सिंह नेगी थे। इस शुभ अवसर पर बटुकों के परिवारजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम में लगभग 500 सम्मानित परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित किए तथा समाज की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। अंत में उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन को प्रसाद रूप में सभी ने ग्रहण किया। इस पवन अवसर पर बाल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया जिसमे सर्वप्रथम कुमारी गार्गी घुघत्याल, कुमारी मिताली सिंह और कनिष्का सिंह को देवभूमि बाल साहित्यकार सम्मान से नवाजा गया ।

## सरस्वती पूजन के साथ हुआ भंडारा, उमड़े श्रद्धालु



**लखनऊ।** इंदिरा नगर की एकता पार्क आवासीय सोसाइटी ए ब्लाक द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में तहरी भोज का विशाल आयोजन किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष शिखर विजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोसायटी के तमाम सदस्यों की आम राय के मुताबिक इस बार भी बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती की पूजा आराधना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन सोसायटी के पार्क में होलिका की भी स्थापना कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न किया गया।

तहरी भोज में सोसायटी के समस्त सदस्यों ने अपना भरपूर सहयोग किया। आने वाले तमाम आगंतुकों को सम्मान सहित भोजन कराया गया। सामंजस्य ऐसा कि किसी को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाए इसका विशेष ध्यान बराबर रखा गया। संरक्षक सीताराम त्रिपाठी, एन डी सिंह, और रमेश पाण्डेय ने बताया कि बच्चे, बुजुर्गों और महिलाओं के लिये अलग अलग बैठने और सुगमता से भोजन कराने का उचित इंतजाम किया गया। इस अवसर पर महिलाओं और पुरषों ने पीले वस्त्र पहने हुए थे। जितने भी आगंतुक पधार रहे थे सभी के मस्तक पर पीला तिलक लगा कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने भी इस विशेष अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा का प्रसाद चखा और खूब उत्सव मनाया। महिलाओं ने प्रारम्भ में माँ के भजन गीत गुनगुनाए इस संगीतमय माहौल का मौजूद लोगों ने खूब लुफ्त उठाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सचिव सुनीत सोनकर कुश्मेश वर्मा, अमरेश श्रीवास्तव, अरविंद पाण्डेय सहित सोसायटी के अधिकतम सदस्यों ने अपनी भागेदारी दर्ज कराई।

# साहित्य की विभूतियों को 'बसंत काव्य-रत्न सम्मान' से नवाजा गया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बसंत पंचमी पर 'सुरभि कल्चरल ग्रुप' के तत्वावधान में कवि गोष्ठी और साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले काव्यकारों को 'बसंत काव्यरत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। पिज्जा हवेली, खुशी विहार, कानौसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ रचनाकार 'विश्वास लखनवी' , विशिष्ट अतिथि पार्षद देवेंद्र सिंह यादव 'जीतू', तथा अध्यक्ष 'पायल सोनी' ने माँ शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित किया । काव्य गोष्ठी की शुरूआत डॉ अर्चना सिंह की वाणी वंदना से हुई। सुष्मिता सिंह 'काव्यमय' ने भोर का संदेश देखो ला रहीं हैं रश्मियां। भास्कर की नवकिरण फैला रही हैं रश्मियां, ऋषी श्रीवास्तव ने प्रेम रंग सब पे छा गया, देखिए बसंत आ गयार, संजय 'सागर' ने 'ओ बसंती पवन ना उड़ा मेरा मन। बादलों में उलझकर बरस जाएगार, रश्मि 'लहर' ने 'देख रहे ऋतुराज कनखियों, स्वप्न-चिरैया कुछ चहकी है। गेंदा ऑगन में बिखरा है कुसुमित हो देहरी महकी हैर, संजय मल्होत्रा हमनवा ने आ गया वसंत, ऋतुराज। मन की उमंग को उकेरता बसंत, ऋतुराज सुनाकर बसंत पंचमी ऋतुराज का स्वागत किया। इस अवसर पर ऋषी श्रीवास्तव, आशुतोष तिवारी, संजय 'सागर' , संजय मल्होत्रा 'हमनवा', रश्मि लहर, सुस्मिता सिंह 'काव्यमय', भारती पायल , श्वेता शुक्ला , निशा सिंह ''नवल', अर्चना सिंह, उमा आर्या, मोहिनी मिश्रा, रश्मि श्रीवास्तव को साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'बसंत काव्यरत्न सम्मान' से अलंकृत किया गया है। गोष्ठी का सफल संचालन संजय मल्होत्रा 'हमनवा' ने किया । अध्यक्ष पायल सोनी ने अंत में सभी काव्यकारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक संस्था के सचिव शैलेंद्र सक्सेना रहें।

## वरिष्ठ लेखक, नाटककार अजीत नवल को इप्टा परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** जाने माने वरिष्ठ लेखक, नाटककार, अनुवादक अजीत पुष्कल के निधन पर इप्टा की राष्ट्रीय समिति ने शोक प्रकट करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है एवं शोक संतप्त परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। 8 मई 1935 को बांदा में जन्मे अजीत पुष्कल ने बीती रात अपने पुत्र के नोएडा स्थित आवास में अंतिम सांस ली। उनके विपुल लेखन में शामिल हैं, उपन्यासः नई धरती नए लोग, सूखी रेत का समुद्र, शेष अनुबंधहीन, कछुआ जब शहर पहुंचा, मै और मेरा भाई, कहानी संग्रहःनई इमारत, जानवर जंगल और आदमी, नरक कुंड की मछ्ली, कविता संग्रहः पत्थर पर बसंत एवं नाटकः घोड़ा घास नहीं खाता, जनविजय, भारतेंदु चरित, प्रजा इतिहास रचती है, जल बिन जियत पियासे, राजा की मुहर, उम्मन उपाख्यान, कठपोड़वे, कथा शिकार की, के अतिरिक्त एकांकी संग्रहअग्नि चक्र एवं लेस्कोव की लंबी कहानी मैत्संस्क की लेडी मैकबेथ का नाट्य रूपांतरण ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के नाटक क्रेडिटर का हिंदी अनुवाद शामिल हैं। उन्होंने वर्तमान साहित्य पत्रिका के शताब्दी नाटक विशेषांक का संपादन भी किया। रंगकर्म से उनका विशेष लगाव था, उन्होंने मृत्यु के कुछ दिन पहले ही रंगकर्म पर एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था।

# मित्र की रचनाओं में समय और समाज का चित्रण : डॉ.रामबहादुर मिश्र

- डॉ . शितिकण्ठ को मिला मित्र स्मृति अवधी सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान के तत्वावधान में मित्र अवधी सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को हजरतगंज स्थित यू.पी.प्रेस क्लब के सभागार में किया गया। सारस्वत समारोह की अध्यक्षता सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक रहे कला समीक्षक अशोक बनर्जी ने की। समारोह में अवधी-हिंदी के आलोचक, समीक्षक और कथाकार डा. उमाशंकर शुक्ल शितिकंठ को वर्ष 2025 का मित्र स्मृति अवधी सम्मान प्रदान किया गया। संस्थान की संरक्षिका मनोरमा साहू, अध्यक्ष अजय साहू, सचिव डा. राम बहादुर मिश्र, मुख्य अतिथि कथाकार डा. महेन्द्र भीष्म ने संयुक्त रूप से सम्मान स्वरूप डा. उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' को शाल, स्मृति चिह्न, ग्यारह हजार रुपए और सम्मान पत्र प्रदान किये।

ध्यातव्य हो कि सीतापुर के छोटे से गाँव में जन्मे लक्ष्मण प्रसाद मित्र अवधी के ख्यातिलब्ध कवि हैं। उनकी स्मृति में यह सम्मान उनकी पुत्री मनोरमा साहू और दौहित्र अजय साहू प्रतिवर्ष किसी एक अवधी साहित्यकार को प्रदान करते हैं। अपने स्वागत भाषण में लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान के सचिव डा. राम बहादुर मिश्र ने बताया कि अवधी के उन्नायकों में लक्ष्मण प्रसाद मित्र का प्रमुख स्थान है। चार खण्डों में प्रकाशित मित्र रचनावली इसका जीता जागता प्रमाण है। आजादी के पूर्व आजादी के बाद दोनों के समय और समाज का चित्रण इनकी रचनाओं की प्रमुख विशेषता है।

लक्ष्मण प्रसाद मित्र स्मृति अवधी सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डा. उमाशंकर शुक्ल 'शितिकंठ' ने कहा कि आज के संदर्भ में अवधी गद्य और पद्य दोनों दृष्टियों से समृद्ध है। लेखकों ने श्रमसाध्य कार्य करके इसे लोकव्यापी बनाया है तथा विषय वैविध्य प्रदान किया है। लक्ष्मण प्रसाद मित्र का अवधी साहित्य भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रेरणा का स्रोत रहा है। समारोह अध्यक्ष अशोक बनर्जी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि अवधी गद्य और पद्य दोनों में मित्र जी ने उत्कृष्ट साहित्य सर्जना की है। चार खण्डों में प्रकाशित रचनावली पर शोध की आवश्यकता है। इनका साहित्य अवधी समाज का चित्रण और लोक संस्कृति की व्यापकता को प्रस्तुत करता है। लगातार अवधी के विस्तारण में लक्ष्मण प्रसाद मित्र सरीखे कवियों और लेखकों की साधना फलीभूत हो रही है। अवधी में नवीन प्रवृत्तियों का समाहार करने की शक्ति है जो इसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। समारोह को डा. सत्या सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन डा. संत लाल और धन्यवाद ज्ञापन अजय साहू ने किया। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद मित्र के परिजन सहित बड़ी संख्या में अवधी प्रेमी कवि-लेखक-साहित्यकार और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ब्लॉक लिये जाने के कारण अनेक ट्रेनों के मार्ग बदले



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार-मुकुरिया खंड के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के कारण ब्लॉक लिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। मार्ग परिवर्तन के तहत न्यू जलपाईगुड़ी से 03, 10, 17 एवं 24 फरवरी तथा 03, 10, 17, 24 एवं 31 मार्च को चलने वाली 19602 न्यू जलपाईगुड़ी-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुकुरिया-कुमेदपुर-कटिहार के रास्ते चलाई जायेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से 05, 12, 19 एवं 26 फरवरी तथा 05, 12, 19 एवं 26 मार्च को चलने वाली 12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुकुरिया-कुमेदपुर-कटिहार के रास्ते चलाई जायेगी। नाहरलगुन से 04, 11, 18 एवं 25 फरवरी तथा 04, 11, 18 एवं 25 मार्च को चलने वाली 22411 नाहरलगुन-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मुकुरिया-कुमेदपुर-कटिहार के रास्ते चलाई जायेगी।

उदयपुर सिटी से 03, 10, 17 एवं 24 फरवरी तथा 03, 10, 17, 24 एवं 31 मार्च को चलने वाली 19615 उदयपुर सिटी-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटिहार-कुमेदपुर-मुकुरिया के रास्ते चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 05, 12, 19 एवं 26 फरवरी तथा 05, 12, 19 एवं 26 मार्च को चलने वाली 15652 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटिहार-कुमेदपुर-मुकुरिया के रास्ते चलाई जायेगी। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से 03 फरवरी को 15018 गारेखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग कया जायेगा। मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग के तहत गोरखपुर से 03 फरवरी को चलने वाली 15018 गारेखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ (उत्तर रेलवे)-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-बीना- इटारसी के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से 06.00 घंटा रि-शिड्यूल कर 5.45 के स्थान पर 11.45 बजे चलाई जायेगी।

**सात ट्रेनें निरस्त रहीं:** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य परिचालनिक कारणों से गाड़ियों का निरस्तीकरण किया जायेगा। निरस्तीकरण के तहत - सीवान से 02 फरवरी को चलने वाली 55041 सीवान-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट से 02 फरवरी को चलने वाली 15129 गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 02 फरवरी को चलने वाली 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आरा से 02 फरवरी को चलने वाली 63229 आरा-बनारस सवारी गाड़ी निरस्त है। बनारस से 02 फरवरी को चलने वाली 63230 बनारस-आरा सवारी गाड़ी निरस्त है। बनारस से 02 फरवरी को चलने वाली 65129 बनारस-झूसी सवारी गाड़ी निरस्त है। झूसी से 02 फरवरी को चलने वाली 65130 झूसी-बनारस सवारी गाड़ी निरस्त है।

## लखनऊ से प्रयागराज के बीच वंदे भारत कल तक निरस्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोरखपुर से प्रयागराज वाया लखनऊ चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से प्रयागराज के बीच चार फरवरी तक निरस्त कर दी गई है।

सूत्र बताते हैं कि श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण ट्रेन को निरस्त किया गया है। गाड़ी संख्या 22549 गोरखपुर प्रयागराज वाया लखनऊ के लिए चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से सुबह 6:05 बजे चलकर सुबह 10:20 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचती है। जहां दस मिनट रुकने के बाद ट्रेन सुबह 10:30 बजे प्रयागराज के लिए रवाना हो जाती है। यह ट्रेन दोपहर 10:35 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच रही थी। वंदे भारत एक्सप्रेस वीआईपी ट्रेन है। पर, इन दिनों लखनऊ से प्रयागराज के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे हैं। नौचंदी, त्रिवेणी, इंटरसिटी सहित सभी ट्रेनों में भीड़ उमड़ रही है। सूत्र बताते हैं कि वंदे भारत एक्सप्रेस में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। इससे ट्रेन लखनऊ से प्रयागराज के बीच रद्द कर दिया गया है। हालांकि रेलवे अधिकारियों को कहना है कि परिचालन संबंधी कारणों से ट्रेन को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है।

## भगवान नेमीनाथ का जयकारा लगाकर निकली श्रीजी की रथ यात्रा

**लखनऊ।** श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा की ओर से चौक के श्री 1008 नेमीनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में माघ शुक्ल पंचमी को श्री जी की रथ यात्रा महामहोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से शुरू हुआ। सबसे पहले सभापति ने मूलनायक भगवान नेमीनाथ का जयकारा लगाकर मंगलाचरण किया। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें सर्व सम्मति से सभापति व अध्यक्ष के लिए विनय कुमार जैन सआदतगंज को कार्यभार सौपा। महामंत्री सुबोध जैन, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जैन, कार्यवाहक महामंत्री दिलीप जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक जैन, आदीश जैन व केसी जैन मनोनीत हुए। मुख्य प्रबंधक जैन बाग वीर कुमार जैन व उप प्रबंधक जैन बाग पार्श्व कुमार जैन को चुना गया। वरिष्ठ मंत्री वीर कुमार जैन, मंत्री रितेश जैन चुने गए। पुष्प वर्षा करते हुए श्री जी की पालकी लेकर गोल दरवाजे पर रथ तक पहुंचा। श्री जी को रथ पर विराजमान करके भव्य रथयात्रा निकाली गई। सबसे आगे बैंड बाजा, लिल्ली घोड़ी, बग्घी, हाथी चल रहे थे। पार्षद अन्नू मिश्रा ने पुष्प डालकर रथ को रवाना किया। सभापति विनय ने पार्षद अन्नू को तिलक लगाकर अभिवादन किया। सरार्फा एसोसिएशन चौक, व्यापार मंडल एवं चौक चिकन एसोसिएशन ने कई जगह रथ का स्वागत किया। रथ यात्रा चौक गोल दरवाजे से होते हुए, अकबरी गेट, नक्कास, यहियागंज होते हुए वापस चौक पहुंची। अखिल भारतीय युवा परिषद की ओर से सरार्फा बाजार मे कई दुकानें सजवाई गईं। चौक मंदिर कमेटी के मंत्री अमित जैन, विशद ग्रुप के पुनीत कागजी, अजय बोरा, मनीष जैन, पवन जैन समेत अन्य भक्तों ने श्री जी की मंगल आरती की। सभा की ओर से सभी को प्रसाद में बूंदी वितरित की गई।

## लविवि में पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा का कुलपति ने किया अनावरण



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आज ऐतिहासिक मालवीय हॉल के सामने मालवीय उद्यान में भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा का अनावरण किया। दोपहर 12:00 बजे आयोजित समारोह में महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक को श्रद्धांजलि दी गई। यह प्रतिमा शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में मालवीय के अपार योगदान का प्रमाण है। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर प्रो. राय ने एलबीएस छात्रावास में मां सरस्वती के नवनिर्मित मंदिर का भी उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी और छात्र मौजूद रहे, जो वसंत ऋतु के आगमन और ज्ञान और शिक्षा की देवी का सम्मान करने के लिए भक्ति भाव से एकत्रित हुए।

# स्कंद षष्ठी आज, होगी भगवान कार्तिकिय की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भगवान शिव और माता पार्वती के बड़े पुत्र भगवान कार्तिकेय को समर्पित स्कंद षष्ठी व्रत हर महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को रखा जाता है। इस बार माघ माह में स्कंद षष्ठी का व्रत 3 फरवरी को रखा जाएगा। आपको बता दें, स्कंद षष्ठी व्रत दक्षिण भारत में मुख्य रूप से मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से कार्तिकेय जी की पूजा अर्चना की जाती है। ये पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है।

यह व्रत भगवान कार्तिकेय को समर्पित है। भगवान कार्तिकेय को स्कंद, मुरुगन और सुब्रमण्डय के नाम भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, स्कंद षष्ठी के दिन भगवान कार्तिकेय की पूजा और व्रत करने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ माह की षष्ठी तिथि की शुरूआत सोमवार 3 फरवरी की सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर होगी. वहीं तिथि का समापन अगले दिन 4 फरवरी को सुबह 4 बजकर 37 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, माघ माह में स्कंद षष्ठी का व्रत 3 फरवरी को रखा जाएगा।

**पूजा विधि :** स्कंद षष्ठी व्रत का व्रत करने से लिए सुबह स्नान कर साफ कपड़े धारण करें। पूजा स्थल को साफ-सफाई कर भगवान कार्तिकेय की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। इसके बाद मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराएं और चंदन, रोली से तिलक लगाएं। फूल, फल और नैवेद्य अर्पित करें. दीप जलाकर भगवान कार्तिकेय का ध्यान करें. पूजा के दौरान इस मंत्र का जाप करें। देव सेनापते स्कंद कार्तिकेय भवोद्भव। कुमार गुह गांगेय शक्तिहस्त नमोस्तु ते॥ फिर पांच तरह के अनाज को तांबे के लोटे में भरकर भगवान कार्तिकेय को अर्पित करें। शाम को फिर से पूजा करें और भगवान कार्तिकेय से अपनी मनोकामनाएं मांगें।

**स्कंद षष्ठी व्रत का महत्व :** धार्मिक मान्यता के अनुसार, स्कंद षष्ठी का व्रत भगवान कार्तिकेय की कृपा प्राप्त करने और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाने के लिए किया जाता है। भगवान कार्तिकेय को संतान प्राप्ति और पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि का देवता भी माना जाता है। भगवान कार्तिकेय को युद्ध के देवता के रूप में पूजा जाता है, इसलिए यह व्रत शत्रुओं से रक्षा और उनके ऊपर विजय प्राप्त करने के लिए भी किया जाता है, जो लोग विवाह या संतान सुख की इच्छा रखते हैं, उनके लिए यह व्रत विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है।

# पर्वतीय महापरिषद ने किया उत्तराखंड से आये कुंभ यात्रियों का स्वागत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा उत्तराखंड पिथोरागढ़ थल से महादेव सेना श्री श्री 1008 बालेश्वर महादेव पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत थल के महंतके महाकुंभ यात्रियों का पढ़ाव लखनऊ, पर्वतीय महापरिषद भवन गोमतीनगर में रहा यह पहला जत्था जिसका स्वागत महापरिषद के अध्यक्ष, गणेश चंद्र जोशी महासचिव महेंद्र सिंह रावत व अन्य पदाधिकारीयों ने किया गया। यह पहला जथा है जो आज लखनऊ पंहुचा जिसको कि पर्वतीय महापरिषद ने बड़े अपनत्व भाव के साथ स्वागत सत्कार किया और आये हुए सभी धार्मिक यात्रियों को पर्वतीय महापरिषद ने निःशुल्क महाकुम्भ के लिए आज लखनऊ से बस के माध्यम से प्रयागराज त्रिवेणी घाट महाकुम्भ के लिए रवाना किया। इस धार्मिक यात्रा के जत्थे में 100 से भी ज्यादा यात्री आये थे। इस अवसर पर यात्रियों द्वारा महापरिषद के अध्यक्ष को भगवान शिव का प्रिय वाद्य यंत्र डमरू व उत्तराखंड प्रसिद्ध पुष्प बुरास भी भेट किया। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी ने बताया कि उत्तराखंड से जो भी यात्री महा कुम्भ के लिए लखनऊ आएगे उनका स्वागत सत्कार पर्वतीय महापरिषद करेंगी। इस अवसर पर महापरिषद के पदाधिकारी संरक्षक लबीर सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र उपाध्याय के एन पांडेय, के ऐन पाठक, बसंत भट्ट, माया भट्ट सहित कई उपस्थित रहे।

## साहित्यकार भगवान स्वरूप कटियार को मिला जन संस्कृति सम्मान



**लखनऊ।** हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार भगवान स्वरूप कटियार को हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में उनके 75 साल पूरे होने पर जन संस्कृति सम्मान से नवाजा गया। जन संस्कृति मंच और आस इनिशिएटिव ने समारोह आयोजित किया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि आजमगढ़ के वामपंथी विचारक कामरेड जयप्रकाश नारायण थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता वन्दना मिश्र ने की। कवि कौशल किशोर ने कहा कि कटियार जी की यह तीसरी पाली है। उन्होंने जो जिया वही रचा। सृजन का कलश भरा हुआ है। उनकी कविता में परिंदे की उड़ान है। ये बेमकसद जिंदगी की जगह बामकसद जिंदगी के पक्षधर हैं। जयप्रकाश नारायण ने कहा कि यह ऐसा राजनीतिक समय है जब मनुष्य विरोधी संस्कृति ने जनमानस को अपनी चपेट में ले रखा है। वे इसके विरुद्ध बदलाव चाहते हैं। इनके साहित्य में लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने की चिंता है। वन्दना मिश्र ने कहा कि कटियार जी राजनीतिक व्यवस्था से टकराते हैं। इनके साहित्य में मानव संबंधों, निजी अनुभूतियों तथा मनुष्य की आत्मीय और स्नेहिल दुनिया है। इस मौके प्रो. रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, सुभाष राय, चंद्रेश्वर, असगर मेहदी, शकील सिद्दीकी, विजय राय, अवधेश कुमार सिंह, सुहेल वहीद, प्रतिभा कटियार और सत्य प्रकाश ने उनके सृजन और व्यक्तित्व के विविध पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भगवान स्वरूप कटियार की दो किताबों का विमोचन किया गया। किताबों पर इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश और अशोक चंद्र ने अपने विचार रखे।

## अवध रत्न सम्मान से नवाजे गए 11 समाजसेवी

लखनऊ। अखिल भारतीय ब्रह्मा समाज की ओर से बसंत पंचमी पर रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। यहां शिशुओं का पाटी पूजन संस्कार एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 11 समाजसेवियों को अवध रत्न सम्मान से नवाजा गया। आलमबाग गीतापल्ली के तुलसी पार्क में हुए कार्यक्रम में वैदिक रीति रिवाज व मंत्रोच्चार से पुरोहितों ने 12 बच्चों ने मां सरस्वती के चरणों में पीले पुष्प अर्पित किए और पाटी पूजन अनुष्ठान संपन्न हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री देवेंद्र शुक्ल ने बताया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, विधिक परामर्श व ज्योतिष शिविर में आए दिव्यांगों को मुफ्त चश्मा, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टिक दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, रमेश चंद्र बेरी, अजय त्रिपाठी मुन्ना, वेद प्रकाश शर्मा, रामरूप यादव, पवित्र सिंह, नवनीत ओझा, डॉ. शशि मिश्र, मीनू तिवारी मौजूद रहे।

## गुलाम अब्बास को लविवि ने किया सम्मानित



**लखनऊ।** हल्लौर निवासी गुलाम अब्बास को लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रो. वॉइस चांसलर मनुका खन्ना ने सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2017 मे पूर्व तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक के हाथो गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले गुलाम अब्बास इस समय उर्दू विभाग लखनऊ यूनिवर्सिटी मे रिसर्च स्कॉलर हैं। साहित्यक शोध मे अब्बास के अच्छे यगदान वा निष्पछ शोध को सराहते हुए कार गुजार वॉइस चांसलर मनुका खन्ना ने उन्हे सम्मान पत्र दिया है। अब्बास को उर्दू अदब के क्षेत्र में विशेष योगदान के चलते समय समय पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा एवं विश्वद्यालय में अनेक सेमिनार और संगोष्ठी के दौरान प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया जा चुका है। इस मौके पर उर्दू विभाग के कॉर्डिनेटर डॉक्टर फाजिल अहसन हाशमी मौजूद रहे। सम्मान पत्र की प्राप्ति पर गुलाम अब्बास हल्लौरी के शोध पर्यवेक्षक प्रो. अब्बास रजा नय्यर सहित विभाग के शिक्षक डॉक्टर जान निसार आलम और उनके वतन हल्लौर के बड़े बुजुर्गों ने दुआएं और उर्दू अदब के साथी स्कॉलर्स ने मुबारकबाद दी।

# संगम के जल से आचमन गले एवं पेट के रोगो में लाभदायक : अमरजीत यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेट मेडिसिन के तत्वधान में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ 2025 कार्यक्रम का आयोजन योग सभागार मे किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कलश पूजन एवं मां सरस्वती पूजन करके हुआ। फैकल्टी के कोर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अध्यात्मिक आयोजन है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि एक अभूतपूर्व सांस्कृतिक और सामाजिक घटना भी है, जिसमे करोड़ो श्रद्धालु एकत्रित होते है। महाकुंभ का महत्व न केवल भारत मे मे बल्कि पूरी दुनिया मे है, क्योंकि यह आस्था, विश्वास, और एकता का प्रतीक है। कुम्भ मे श्रद्धापूर्वक स्नान करने से तन ही नहीं अपितु मन भी प्रभावित होता है। संगम के जल मे स्नान से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है। कुम्भ के अध्यात्मिक माहौल से शरीर की चेतना प्रकाशित होती है, जिससे श्रद्धालुओ के शरीर, मन तथा आत्मा मे समन्वय स्थापित होता है। वैज्ञानिक प्रमाण है कि संगम के जल के आचमन से गले एवं पेट के रोगो मे लाभ प्राप्त होता है अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर ने बताया कि कुम्भ हमे अध्यात्मिक मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करता है, जिससे व्यक्ति का अध्यात्मिक एवं नैतिक विकास होता है। शरीर की शक्तियों का जागरण होता है। योगाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि महाकुंभ भारतीय अध्यात्मिकता का महाकुंभ है। कुम्भ मे प्रतिभाग करने से मन की चंचलता पर नियंत्रण प्राप्त होता है और मानसिक विकास होता है। योग विभाग की छात्रा निकिता त्रिगुनायत ने शिव स्तुति एवं महाकुंभ नृत्य प्रस्तुत करके माहौल को रोमांचित कर दिया। फैकल्टी की ही छात्रा रागिनी ने नमामी नृत्य प्रस्तुत किया।




# गोवा, गंगनम और कोली डांस ने समां बांधा

लखनऊ पब्लिक स्कूल एल्डिको शाखा वार्षिकोत्सव तरंगिणी सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) की एल्डिको शाखा द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2025 को वार्षिकोत्सव- ह्यतरंगिणी-2024-25ह्ण का आयोजन किया गया।

वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यालय के सी.पी. सिंह स्मृति सभागार में किया गया। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पूर्व उप कमिश्नर अजय पंत जी मौजूद थे, जिनका स्वागत एवं अभिवादन विद्यालय के प्राइमरी शाखा के बच्चों द्वारा शंख भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ छात्र/छात्राओं द्वारा गणेश-वन्दना प्रस्तुत कर किया गया। इसके पश्चात प्राइमरी बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में एक गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समाँ बाँधा। अगली प्रस्तुति में कक्षा 5 से 9 के छात्र/छात्राओं द्वारा सिन्धु घाटी सभ्यता पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात माँ गंगा के अवतरण पर आधारित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी, जिसे दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। कक्षा 5 से 11 तक के छात्र/छात्राओं ने एक स्किट ह्यपानी मिशनह्ण प्रस्तुत कर पानी बचाओं का सदेश उपस्थितजनों तक पहुँचाया। गोवा डांस, गंगनम डांस और कोली डांस भी वार्षिकोत्सव का आकर्षण का केन्द्र रहे। प्राइमरी, जूनियर और सीनियर के बच्चों ने भी रिदमिक योगा की प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों को प्रभावित किया। कक्षा 5 से 9 के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कथकली, भरतनाट्यम और मणिपुरी लोकनृत्य के ग्रैंड फिनाले ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन समारोह मुख्य अतिथि के आशीर्वचनों से किया गया जिसमें अपने उद्बोधन में बच्चों को आगे बढ़ने और पानी बचाओ के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत मे प्रतिभागी छात्रों द्वारा समस्त उपस्थित जनों को जल-सरंक्षण हेतु शपथ दिलाई। विद्यालय के प्रबन्धक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते हुए उनका आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विद्यालय की एल्डिको शाखा की प्रधानाचार्या कैप्टन अपर्णा त्रिपाठी ने सभी अभिभावकों एवं सभी गणमान्य उपस्थितजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शाखाओं के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, शिक्षण-गण एवं अभिभावक-गण भी उपस्थित रहे।

# उद्यानों और गृहवाटिकाओं की प्रविष्टियों का जजिंग कार्य सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजभवन में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2025 के तहत लखनऊ के विभिन्न वर्गों के उद्यानों व गृहवाटिकाओं की प्रतियोगिता हुई, जिसमें लखनऊ के उद्यान प्रेमियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में उद्यान विभाग, सेना, रेलवे, पीएसी मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक, मेट्रो रेल कारपोरेशन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद एवं टाटा मोटर्स तथा व्यक्तिगत उद्यान प्रेमियों के विभिन्न श्रेणियों के उद्यान व गृहवाटिकायें, शहर के विभिन्न प्राचीन ऐतिहासिक स्थलों यथा-बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, सहादत अली खाँ का मकबरा आदि के उद्यानों की भी प्रतियोगिता में कुल 212 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई। इनकी जजिंग औद्यानिकी से जुड़े भारत सरकार के संस्थानों तथा प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञों के गठित निर्णायक मण्डलों द्वारा 01 व 02 फरवरी को प्रतियोगिता में आई सभी प्रविष्टियों की जजिंग सम्पन्न की गई। विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं का परिणाम 09 फरवरी को घोषित किया जायेगा एवं विजेताओं को उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पुरस्कृत राजभवन प्रांगण में किया जायेगा। संयुक्त निदेशक उद्यान / नोडल अधिकारी, प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी डा० सर्वेश कुमार ने बताया कि 6 फरवरी को राजभवन प्रांगण, लखनऊ में गमलों में लगी शाकभाजी, शोभाकार पत्ती व फूल वाले पौधों तथा फल, शाकभाजी, पान, शहद, मशरूम आदि तथा फल संरक्षित पदार्थों, कटे हुए फूल, रंगोली, वर्टिकल गार्डन, कलात्मक पुष्प सज्जा तथा फोटोग्राफी आदि वर्गों की प्रतियोगिता होगी तथा उसी दिन मध्यान्ह में जजिंग का कार्य होगा। उन्होंने बताया गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्वाधिक अंक विजेता प्रतिभागी को व्यक्तिगत वर्ग के लिए तीन स्तर तक क्रमशः धनराशि 51 हजार रुपये, 31 हजार रुपये एवं 11 हजार रुपये तथा प्रदर्शनी का सर्वोत्तम प्रदर्श विजेता का पुरस्कार 11 हजार रुपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा 07 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे, राजभवन प्रांगण, लखनऊ में प्रस्तावित है। उसके बाद प्रदर्शनी आम जनता के लिए खोल दी जायेगी।

संक्षेप

## पेड़ काटते समय डाल गिरने से मजदूर की मौत

**देवरिया** । लार थाना क्षेत्र के बढ़या हृदय गांव निवासी 46 वर्षीय घरभरन प्रसाद नामंक मजदूर के ऊपर पेड़ काटते समय डाल गिरने से मौत हो गयी। बताया गया है कि घरभरन एक ठीकेदार का पेड़ काटने पिपरा मिश्र गांव गया था ।मोती दाल के नीचे दब जाने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी ।मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई ।

## ट्रेक्टर ने बाइक को रौंद दिया पति मृत्यु पत्नी घायल

**देवरीया** । बरियारपुर थाना क्षेत्र महुआनी चौराहे के पास देर शाम एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार पति पत्नी को रौंद दिया जिससे पति की मौत हो गयो और पत्नी घायल हो गयी ।बताया गया है कि रामपुर अवस्थी के रहने वे अजय सिंह( 55 ) अपनी पत्नी मंजू का दवा कराकर देवरिया से घर लौट रहे थे कि महुआनी चौराहा पर सामने से आरही ट्रैक्टर ट्राली ने राउंड दिया और अजय सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी ।

## फंदे से लटकी मिली विवाहिता

**अयोध्या**। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत किछूटीं किशुनदासपुर में एक विवाहिता फंदे से लटकी मिली है। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने एफएसएल से जाँच कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

महराजगंज थाना क्षेत्र के सराय सागर निवासी मंजू (35) का विवाह थाना क्षेत्र के किछूटीं किशुनदासपुर निवासी मंगलदेव यादव से हुआ था, वर्तमान में मंगलदेव रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में है। रविवार को मंजू का शव उसके मकान से सटे टिन शेड में बल्ली के सहारे फंदे से लटकता मिला ।मामले की जानकारी पर परिजनों ने आनन-फानन में शव को उतार मामले की जानकारी मायकेवालों को दी। मृतका के भाई हरिश्चंद्र यादव का आरोप है कि ससुरालीजन उसकी बहन को प्रताड़ित कर रहे थे ।

# एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस लाइन देवरिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बैरकों, प्रशासनिक भवन, क्वार्टर गार्ड, डायल-112 कंट्रोल रूम, आवासीय परिसर और सेंट्रल पुलिस चौकी स्थित आवासीय परिसर का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों के रहन-सहन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

उन्होंने बैरकों में रहने वाले पुलिसकर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने साफ-सफाई की विशेष रूप से जांच की और संबंधित अधिकारियों को परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए।

### प्रशासनिक भवन और क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक भवन में संचालित कार्यों की समीक्षा की और पुलिस कर्मियों से उनकी ड्यूटी से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण की व्यवस्था को देखा और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए।इसके बाद, उन्होंने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने गार्ड ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों से सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने के सम्बन्ध में नर्द्रिशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने डायल-112 कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पीआरवी रिस्पॉन्स टाइम कार्रवाई की समीक्षा की।

उन्होंने वहां तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आपातकालीन सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें ताकि आमजन को शीघ्र सहायता मिल सके।

### आवासीय परिसर और सेंट्रल पुलिस चौकी का निरीक्षण

निरीक्षण के अंत में, पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के आवासीय परिसर और सेंट्रल पुलिस चौकी स्थित आवासीय परिसर का निरीक्षण किया।

उन्होंने पुलिस परिवारों से बातचीत कर उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली और सुविधाओं में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को आश्वस्त किया कि उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता बनाए रखने की हिदायत दी।

उन्होंने सभी से पुलिस लाइन को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया ।

इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाइन के प्रभारी अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करें न्यायिक अधिकारी: जिला जज



**देवरिया**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त सिविल जज के साथ उनके विश्राम कक्ष में बैठक व ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी सलेमपुर, भाटपाररानी, तथा बरहज के साथ वर्चुअल माध्यम से प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी।

जनपद न्यायाधीश के द्वारा समस्त सम्बन्धित सिविल जज व ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि अभी से न्यायालय में लम्बित मामलों को चिन्हित करने की आवश्यकता हैं ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किया जा सकें। समस्त सम्बन्धित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजा जायें तथा संबंधित को नोटिसों को ससमय तामिला कराने हेतु निर्देशित किया जायें। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को आयोजित किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ठ विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा।सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगने वालें मामलों का चिन्हांकन एवं निस्तारण व्यापक पैमाने पर हो तथा लोक अदालत की सफलता हेतु व्यापाक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए पोस्टर, बैनर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से आमजनमानस को जागरूक करने हेतु अपेक्षा किया गया।

## भाजपा में नहीं शामिल हुए कमलासन पाण्डेय

**अयोध्या**। कांग्रेस के नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलासन पांडेय भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं हुए। उनके शामिल न होने से भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। कमलासन ने कहा कि ऐसा मेरे स्वभाव से संभव नहीं था। मेरा राजनीति के साथ सामाजिक जीवन भी बहुत समृद्ध है। ऐसे में मैं लोगों के सवाल का जवाब ना दे पाता।

मैंने अपने पारिवारिक मित्र अनिल सिंह से हाथ जोड़ लिया, कहा कि हमें आपके सम्मान में समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी में से किसी का भी चुनाव प्रचार नहीं करेंगे हमेरे स्वभाव से परिचित होने से वह मान गए। कमलासन ने कहा मिल्कीपुर उपचुनाव में वह अब किसी का प्रचार नहीं करेंगे।

कोई भी हारे, जीते इसमें उनकी दिलचस्पी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोदय इंटर कॉलेज रामगंज में रविवार को आयोजित जनसभा में पूर्व प्रमुख को शामिल होना था। वह शामिल होने के लिए नहीं आए।

## आपस में टकराई दो बाइकें, महिला समेत तीन घायल

**देवरिया**। गौरीबाजार में आपस में टकराई दो बाइकें तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक की चपेट में आ गईं। एक बाइक पर सवार दो युवक, दूसरी बाइक पर सवार दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि ट्रक का पहिए दोनों महिलाओं के पैरों पर चढ़ गया। बाइक सवार घायलों को आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। गौरीबाजार के सोहसा निवासी अमित कुमार रविवार को दोपहर में बाइक से गौरीबाजार आ रहे थे। बाइक के पीछे दो परिवार की दो महिलाएं रागिनी व ममता बैठी थी। गौरीबाजार-हाटा मार्ग पर रामपुर के समीप पीछे से आ रही बाइक इनकी बाइक से टकरा जाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। उसी दौरान गौरीबाजार के तरफ से तेज रफ्तार में आ रह ट्रक सड़क पर गिरी बाइक पर चढ़ गया। इस हादसे में एक बाइक पर सवार अमित कुमार, रागिनी व ममता, दूसरी बाइक पर सवार क्षेत्र के डूमरी निवासी मंटू यादव पुत्र राजकुमार, अंकित पटेल पुत्र बलराम घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी बाइक सवार दोनों महिलाओं के पैर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया है ।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है ।

## 2025 के परिचय पत्र का हुआ वितरण



**कुशीनगर**। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई की बैठक पडरौना नगर स्थित होटल किचन कैलोरी के सभागार में हुई।

बैठक में नव वर्ष 2025 के परिचय पत्र का वितरण किया गया व संगठन को लेकर चचाएं की गई। बैठक में अतिथि के रूप में प्रदेश प्रचार मंत्री व बिहार बंगाल प्रभारी ओमप्रकाश द्विवेदी मौजूद रहे ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने किया। बैठक में तहसील अध्यक्ष खड्डा महेंद्र पांडे, कसया कृष्मोहन पाण्डेय, पडरौना हरिशंकर चौबे, हाटा गुरुदत्त गिरी, कप्तानगंज फरेंद्र पांडे, तमकुही राजकुमार चौबे, प्रभुनाथ गुप्ता, जिला पदाधिकारी सुरेंद्र राय, फैजुल हक, मुकेश नाथ तिवारी, पारस पांडे,मनोज मिश्रा, ब्लॉक प्रभारी कृष्णनंदन प्रसाद, राजीव कुमार गुप्ता ,सतीश चंद दुबे, संगम पांडेय, सुधीर पाण्डेय, दुर्गा दयाल तिवारी, गिरजेश मल्ल,अंजनी सिंह, सत्येन्द्र पाण्डेय, संजय उपाध्याय, मोहन रॉव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अनूप कुमार, जाहिद हुसैन, मनोज शुक्ल, ओम प्रकाश पाण्डेय, श्री प्रकाश तिवारी, धनंजय मिश्र, जितेंद्र दुबे आदि रहे।

## उद्योग व्यापार मंडल की बैठक संपन्न

**देवरिया**। उद्योग व्यापार मंडल देवरिया सदर तहसील क्षेत्र की बैठक देवरिया कसया सहकारी बैंक देवरिया के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राम कृपाल सिंह अध्यक्ष एवं संचालन महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने किया।बैठक को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवं पूर्व विधायक रविंद्र प्रतापमल ने कहा कि आगामी 15 फरवरी तक समस्त देवरिया सदर तहसील क्षेत्र के समस्त कस्बों में निष्क्रिय इकाइयों की जगह पर सकरी इकाइयों का गठन अवश्य कर लेना है। प्रांतीय उपाध्यक्ष शक्ति गुप्ता ने कहा कि समस्त कस्बों के व्यापारियों को सदस्यता रसीद काट कर ही पदाधिकारी बनाना है या चुनाव कराना है ।जिला अध्यक्ष कुसुमाकर त्रिपाठी एवं जिला महामंत्री वासुदेव वर्मा ने समस्त व्यापारियों को बिना भेदभाव के एकजुट होकर के ऑनलाइन व्यापार एवं जीएसटी के बिसंगतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने की बात कही। बैठक को जवाहर बरनवाल, जेपी जायसवाल, दारा यादव, श्याम सुंदर मद्धेशिया, महेश वर्मा, रामसनेही कुशवाहा, दिनेश जायसवाल, विनय नायक, सत्यम वर्मा, मुन्ना गुप्ता, कमलेश मणि, पवन पांडे, नथुनी मद्धेशिया, आशीष गुप्ता, रजत जायसवाल, मनोज गुप्ता, राम सिंह कुशवाहा, रामेश्वर गांधी, अनिल जायसवाल, राकेश यादव, पारसनाथ सिंह, रिंकू गुप्ता, उमेश मद्धेशिया, भरत मद्धेशिया, पंकज बरनवाल आदि ने संबोधित किया।

## सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव आज मुख्यमंत्री को सांसद के रोने का देंगे जवाब

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या**। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के बीच जीत के लिए चल रहे शह व मात के खेल में अवधेश प्रसाद ने उसके लिए मुश्किल खड़ी कर दी। खासकर पीड़ीए के दलित वर्ग की युवती की अयोध्या नगर निगम के सहनवा में नृशंस हत्या को लेकर पत्रकार वार्ता में सांसद के रोने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर के रामगंज में आयोजित जनसभा में जिस तरह ड्रामेबाजी कहा, सोमवार को भिटारी कल्याणपुर की जनसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से इसके जवाब की अटकलें हैं। प्रचार के अंतिम दिन तीन फरवरी सोमवार को उनकी चुनावी जनसभा पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद के लिए कल्याणपुर भिटारी में होनी है। अजीत प्रसाद सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र हैं जिनको समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। यह उपचुनाव अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने के बाद हो रहा है। मुख्यमंत्री की सांसद की ड्रामेबाजी को मान भी लिया जाए तो उनको बताना होगा कि भदरसा कांड में निषाद परिवार की नाबालिक के साथ दुष्कर्म के बाद पीड़ित परिवार से मिलने आए उनके मंत्री संजय निषाद के आंसू भी ड्रामेबाजी के थे। का रोना क्या था। सांसद ने अखिलेश के आने से 24 घंटे के निर्भया हत्याकांड की तरह दलित युवती से दुष्कर्म का मुद्दा जरूर दे दिया। सांसद का पत्रकार वार्ता में रोने का वीडियो वायरल होने के बाद अयोध्या से लेकर लखनऊ, लखनऊ से दिल्ली तक बवंडर मचा हुआ है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व बसपा प्रमुख मायावती के ट्वीट प्रदेश सरकार की बेचैनी बढ़ाने वाले हैं। सांसद के रोने को ड्रामेबाजी के कहकर मुख्यमंत्री ने भले ही हल्के में लिया हो लेकिन वह समाजवादी पार्टी के पीडीए वोट बैंक तक संदेश पहुंचाने में सफल रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग ने मारी बाजी

जिला संवाददाता(vol)



- सविता देवी की 9वीं पुण्यतिथि पर खेल प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण का आयोजन
- तरक्की के हर क्षेत्र में आगे हैं बेटियां: शिवकुमारी देवी

**कुशीनगर**। रविवार को कसया कुशीनगर क्षेत्र के परसौनी खुर्द स्थित श्री ज्ञान मंदिर गौतम बुद्ध प्राथमिक विद्यालय में स्व० श्रीमती सविता देवी पत्नी गिरजा शंकर गिरी की 9वीं पावन स्मृति के मौके पर आयोजित खेल प्रतियोगिता एवं कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची पडरौना नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकुमारी देवी ने बेटियों को देश का भविष्य बताया और कहा कि जमीन से लेकर आसमान तक हर क्षेत्रों में बेटियां बेटों से कम नहीं हैं, वे शिक्षा से लेकर खेल तक हर क्षेत्र में अपने मां-बाप, गुरु, जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रही हैं ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवकुमारी देवी ने कहा कि किसी भी घर के परिवार के गार्जियन को यह चाहिए कि एक रोटी भले ही वे लोग कम खाएं लेकिन अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाए, जिससे वे समाज में उनका नाम रोशन कर सकें।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि व हनुमान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ला ने कहा कि बेटियों को शिक्षा खेल व हर क्षेत्र में मजबूत बनाना हम सब की जिम्मेदारी है, क्योंकि बेटियां ही किसी परिवार को चलने का आधार होती हैं। समारोह को सपा नेता पुरेंद्र यादव, महंत राजकुमार गिरी किरण राकेश जयसवाल, सुशीला गिरी, बाबा योग गिरी, प्रधानाचार्य बाबा प्रहलाद आदि ने संबोधित किया।

इस मौके पर बालिका वर्ग में एसजीएम स्कूल परसौनी खुर्द की बालिकाओं को कबड्डी में प्रथम स्थान लाने व आर्यन पब्लिक स्कूल को कबड्डी में ही बालक वर्ग में प्रथम स्थान लाने पर विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य स्कूलों से आये टीम को भी खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्थान लाने वाले बालक/बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया, साथ ही क्षेत्र के हजारों जरूरतमंदों में कंबल वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, सामूहिक एवं एकल नृत्य, गीत, कौव्वाली, रिकार्डिंग नृत्य आदि से शुरू की गई। अंत में कार्यक्रम के आयोजन गिरिजा शंकर गिरी ने अपनी पत्नी स्व0 सविता देवी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय मधुर स्मृतियों को सबके बीच साझा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य था कि सभी पढ़ लिखकर शैक्षिक रूप में मजबूत हों। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश पासवान ने किया।इस मौके पर सुजीत कुमार पांडे यशवंत पांडे अर्जुन पटेल अंकित पटेल बलवीर कुशवाहा जफरीना खातून आदि लोग मौजूद रहे।

## ढाई किलो अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**कुशीनगर**। जिले की जटहां बाजार पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग के दौरान एक बाइक (बिना नम्बर प्लेट) से 02.50 कि0ग्रा0 अवैध गांजा ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति सूरज कुमार यादव पुत्र जवाहर यादव पता ग्राम दहवा (वार्ड नं0 17) थाना धनहा जिला पश्चिम चम्पारण (बिहार) है। जिसके पास से ढाई किलो अवैध गाजा के साथ तलाशी से 49 हजार रुपये नकद बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0026/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# डीएम साहब.! आधा अधूरा नाली निर्माण और धन के बंदरबांट का कब होगा जांच

- ठेकेदार और नगर पालिका की कारस्तानी: आधा अधूरा नाली निर्माण का विधायक से करा दिया लोकार्पण
- नगर पालिका कुशीनगर का खेल: 32 लाख के लागत से 06 सौ मीटर नाली निर्माण 2:5 सौ मीटर में सिमटा

**कुशीनगर**। विधायक कुशीनगर पीएम पाठक द्वारा लोकार्पण कराये गये 32 लाख रुपये का नाली ठेकेदार और पालिका प्रशासन के मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेट चढ गयी है। चर्चा-ए-सरेआम है कि नगर पालिका और ठेकेदार ने मिलकर आधा-अधूरा नाली निर्माण कराकर कर धन का बंदरबांट कर लिया है। मामला कुशीनगर नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-12 वीर अव्दुल नगर का है। स्थानीय लोगों ने अधूरे नाली निर्माण और धन के बंदरबाट को लेकर लगातार शिकायत के बाद अब जिलाधिकारी कुशीनगर से जांच की मांग की है।

काबिलेजिक्र है कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वीर अब्दुल नगर वार्ड मे 32 लाख रुपये की लागत से प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कुल 600 मीटर की नाली निर्माण की स्वीकृति नगर पालिका द्वारा की गई है। मजे की बात यह है कि बीते दिनो ठेकेदार अनीश आलम और नगर पालिका प्रशासन ने नाली निर्माण कार्य पूरा कराये बिना ही महज ढाई सौ मीटर नाली निर्माण को पूर्ण दिखाकर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से लोकार्पण करा दिया, जबकि तीन सौ मीटर से अधिक निर्माण कार्य अभी भी बाकी है और भुगतान 600 मीटर का हो गया है। नाली निर्माण का कार्य पूर्ण कराये बिना किये गए सम्पूर्ण भुगतान में कितनी सच्चाई है यह तो उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### नगर पालिका से लगायत विधायक पीएम पाठक तक लोगों ने की है शिकायत

स्थानीय व मुहल्लेवासियो का कहना है कि विधायक पीएन पाठक ने बीते दिनो नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित छह सौ मीटर नाली निर्माण का लोकार्पण किया गया था जबकि ठेकेदार ने निर्माण कार्य सिर्फ ढाई सौ मीटर कराया है। मुहल्ले के लोगो ने बताया कि ठेकेदार अनीश आलम की करतूत को नगर पालिका प्रशासन से लगायत विधायक तक को अवगत कराया गया है लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नही किया। लोगो का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि धन के बंदरबांट में सभी शामिल है। क्योंकि शिकायत के बावजूद अभी तक नगर पालिका प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार न तो मौके पर आकर स्थलीय निरीक्षण किया है और न ही ठेकेदार ने अधूरा नाली निर्माण को पूर्ण कराया है जबकि पांच माह से अधिक समय बीत गया है।

### लोकार्पण पत्थर पर अंकित है माननीयों के नाम

काले रंग मार्बल के बने लोकार्पण पत्थर पर सबसे उपर आदरणीय योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के प्रेरणा से 15वा वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से जनहित मे निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 अंकित है। इसके नीचे वार्ड संख्या 12 वीर अव्दुल हमीद नगर मे प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक आरसीसी नाली निर्माण का लोकार्पण लिखा गया है। बोर्ड के दाहिने तरफ क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे और बायी तरह नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एके शर्मा का नाम दर्ज है। इसके नीचे मोटे अक्षरों मे लोकार्पण करने वाले कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक फिर नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल और सबसे नीचे सभासद मधुबाला सोनू त्रिपाठी का नाम अंकित है।




### बोर्ड मे किया गया है खेला

लोकार्पण बोर्ड पर धनराशि के आगे कही भी 32 लाख रुपये का उल्लेख नही किया गया है और न ही प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कि 600 मीटर दूरी दशार्यी गयी है। जानकार बताते है कि लोकार्पण वोर्ड पर स्वीकृत धनराशि और दूरी न दशार्ना ही भ्रष्टाचार का सबसे खेल है।

## प्राइवेट गार्ड पर जानलेवा हमला, इलाज के दौरान मौत

**अयोध्या**। जनपद के पूराकलन्दर थानां क्षेत्र के सरियावा के पास एक मैरिज लान में प्राइवेट गार्ड की ड्यूटी कर रहे बेचई की कुछ लोगो द्वारा जानलेवा हमला घायल कर दिया गया जिन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां इलाज के दौरान गार्ड की मृत्यु हो गयी ।वहीं मृतक की मौत होने के बाद परिजनो का जिला अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल है और हत्या में आरोपियों की सजा की मांग कर रहे।

जानकारी के पूराकलन्दर पुलिस ने मिली तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकादमा दर्ज कर लिया। लेकिन अभी तक हत्या के आरोपियों को पुलिस नहीं पकड़ पाई ।वही इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य व समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव राजा मानसिंह ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सामने आए हैं ।मृतक गार्ड ध्रुव कुमार के साथ रात में घटना घटित हुई जिसे उन्हें बुरी तरह से मारा गया और जिला अस्पताल में लाया गया तो उनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिसकी हम घोर निंदा करते हैं।

## चिकित्सक व स्टाफ ने दी कार्यवाहक सीएमएस डॉ. उत्तम को विदाई



**अयोध्या**। जिला चिकित्सालय के कार्यवाहक सीएमएस रहे डॉ. उत्तम कुमार को शनिवार को विदाई दी गई। उनके रिटायरमेंट पर कार्यालय में ही एक पार्टी रखी गई थी। मौजूदा सीएमएस डॉ एके सिन्हा ने उन्हें गुलदस्ता देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. एके सिन्हा ने डॉ उत्तम कुमार के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ उत्तम ने प्रशासनिक पदभार संभालते हुए भी चिकित्सकीय कार्यों को किया। यह काफी काबिलेतारिफ है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ विपिन वर्मा ने कहा डॉ उत्तम कुमार का कार्य और चिकित्सकों के लिए प्रेरणादाई है। वह भले ही प्रशासनिक कार्यों से सेवनृवित्त हो गए हैं, लेकिन वह एक संरक्षक के रूप में हम सभी का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। इस मौके पर डॉ सीबीएन त्रिपाठी, डॉ वीपी सिंह, डॉ शिशिर श्रीवास्तव, , डॉ आरबी वर्मा, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ ए के कुशवाहा, डॉ अनिल वर्मा, डॉ गुलाब चंद्र पटेल, डॉ आशीष पाठक, डॉ नानक सरन, डॉ विनोद शुक्ला, डॉ ब्रिज कुमार,एवम फार्मासिस्ट हनुमत दुबे , संजय गुप्ता, विजय वर्मा, चीफ फार्मासिस्ट आर के कन्नौजिया, सर्वेश श्रीवास्तव, उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, कृपा शंकर चैधरी, संजीव गुप्ता, ओम प्रकाश पांडे, राम प्रकाश चैधरी, सुनील श्रीवास्तव, गोरखनाथ वर्मा आदि अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## वसंत पंचमी पर माता सरस्वती की पूजा-अर्चना

सीतापुर। रविवार को वसंत पंचमी का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। रविवार होने के कारण शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम नहीं हो सके। हालांकि अन्य जगहों पर माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान कार्यक्रम भी हुए। जिला मुख्यालय व विभिन्न कस्बों के प्रमुख स्थलों पर होलिका स्थापित की गई। इसके अलावा जगह-जगह पर तहरी भोज हुए।

## डीएम से ग्रामीणों ने की जगह बदलने की मांग की

सीतापुर। सकरन क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कोटे की दुकान के चयन की बैठक की जगह बदले जाने की मांग की है द्य इस संबंध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भी सौपा है। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत लखनियापुर में कोटे की दुकान के चयन को लेकर प्राथमिक विद्यालय में 28 जनवरी को खुली बैठक हुई थी। जिसमें जगह की कमी के चलते ग्रामीणों की संख्या अधिक हो गई थी। इस वजह से बैठक निरस्त कर दी गई थी। जिसमें चुनाव अधिकारियों द्वारा बैठक की तारीख को आगे बढा दिया गया था। ग्रामीण मुन्नी देवी, मो सईद, रामचन्द्र, मनारी आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आगामी बैठक लखनियापुर में न कराकर प्राथमिक विद्यालय मैथौरा या अशोक वाटिका में कराई जाए। ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त स्थान मिल सके।

## 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज

सीतापुर। पिसावां इलाके में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया है। जूनियर इंजीनियर राजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में पाया गया कि ये उपभोक्ता बकाया बिल न चुकाने के कारण काटे गए कनेक्शन को अवैध रूप से जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। विजली विभाग ने पथरी, पिसावां, प्रेमपुर और गुरसंडा क्षेत्र के इन 15 लोगों के खिलाफ धारा 138ठ के तहत सीतापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों में हरद्वारी, दिलशाद, परागी, प्रभू दयाल, असगर, पंचम लाल, खुशी राम, राम सिंह, मंजू शर्मा, जितेंद्र, हजीरा और जमील शामिल हैं। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि सरकार की एकमुश्त समाधान योजना का तीसरा चरण 1 से 15 फरवरी तक चल रहा है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बकाया बिल का भुगतान समय पर करें और सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं। जेई राजेश कुमार गौतम ने बताया कि 5 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि बिजली चोरी और अवैध कनेक्शन की समस्या को रोका जा सके।

## परिवार से नाराज युवक पेड़ पर चढ़ा

सीतापुर। कोतवाली देहात इलाके के अमीननगर गांव में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया। यहां विनोद यादव नाम का एक युवक परिवार से नाराज होकर सुबह नीम के पेड़ पर चढ़ गया। परिवार और ग्रामीणों के काफी समझाने के बावजूद वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले कचनार चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन युवक को नीचे उतारने में असफल रही। इसके बाद कोतवाली देहात थाना प्रभारी को सूचित किया गया, जो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को भी सूचना दी गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नायब तहसीलदार महेंद्र कुमार और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। अंततः तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की समझाने के बाद युवक पेड़ से नीचे उतरने को राजी हुआ।

# 42 रनों से विधायक टीम ने प्रशासन टीम को हराया



जिला संवाददाता(vol)

- कोतवाल अनूप शुक्ल का शतक भीनहीं जिता सका प्रशासन की टीम को,
- पुनीत शर्मा की धुआंधार बैटिंग ने दर्शकों का जीता दिल

महोली/सीतापुर। विमला कौशल फाउंडेशन ब्रह्मावली के तत्वाधान में कस्बे के कृषक इंटर कॉलेज मैदान में रविवार विधायक एकादश व प्रशासन एकादश के मध्य क्रिकेट टूनार्मेंट का मैत्री मैच खेला गया जिसमें विधायक की टीम ने 42 रनो से जीत दर्ज की है। रविवार को विधायक की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी विधायक टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 244 रन बनाए। बल्लेबाज पुनीत ने 26 गेंदों में 10 चौंके व पांच छक्के की मदद से सर्वाधिक 76 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश टीम निर्धारित ओवरों में 202 रन पर ही सिमटकर गई। जिसमें शहर कोतवाल अनूप शुक्ल ने 39 गेंदों में 11 चैके व 10 छक्को की मदद से शानदार 114 रन बनाए। क्रिकेट टूनार्मेंट में अच्छा प्रदर्शन करनेपर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनूप शुक्ला को दिया गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विजेता एवं उपविजेता विजेता को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम सदर,एसडीएम महोली, ब्लॉक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ऐलिया संजीव सिंह, लवकुश शुक्ला संजीव मिश्रा, मुकेश मिश्रा, अजीत दीक्षित,प्रवीण शुक्ला, श्री चंद मिश्रा समेत व्यापारी व क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रजापति ने कास्य पदक झटक लिया

उन्नाव। राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के चैक स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर मैडल झटक लिए। उन्नाव के कराटे प्रशिक्षक अंकित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की 150 खिलाड़ियों में लक्ष्मी प्रजापति ने बालिका सीनियर 21 वर्ग में कास्य पदक हासिल किया।



करांटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव की ब्रांच अंकित कराटे अकेडमी नवाबगंज में ट्रेनिग देने का कार्य रही है। जिन्होंने मैडल जीत कर अपने गाव, जनपद, माता, पिता, गुरु का नाम रौशन किया और बाकी लड़कियों के लिए प्रेरणा बनी। लक्ष्मी प्रजापति को उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी जसपाल सिंह ने मैडल व प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। वहीं लखनऊ जनरल सेक्रेटरी संतोष कुमार, श्याम बाबू सर, कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव के जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार प्रेसिडेंट रवि चौरसिया ने बताया कि बच्चों को आगे बढ़ाने व और अच्छा खिलाड़ी बनने के लिये मई के लास्ट में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे विजेता खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सेलेक्ट किया जाएगा।

## शिवम की धुआंधार बल्लेबाजी के बावजूद पत्रकार एकादश पराजित



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। मौरावां नगर पंचायत मैदान पर पत्रकार एकादस व पुलिस एकादश के मध्य खेले गए मैत्री क्रिकेट मैच का रोमांच चरम पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे मैच में पुलिस एकादश ने पत्रकार एकादश को 6 विकेटों से हरा कर मैच जीत लिया।

रविवार को मैच में पत्रकार एकादश की ओर से कप्तानी राजेश चौधरी ने की जबकि पुलिस एकादश के कप्तान थाना प्रभारी मौरावां चंद्रकांत रहें। मैच में पत्रकार एकादश के कप्तान राजेश चौधरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश ने 12 ओवर्स में 8 विकेट खोकर 100 रन बनाए, जिसमें ओपनर शिवम चौरसिया ने सर्वाधिक 35 रन, अनुज गौतम 14 रन, व सुजीत धानुक ने 11 रन बनाए। शिवम ने अपनी बल्लेबाजी के दौरान दो गगनचुंबी छक्के व चार बेहतरीन चैके लगाए। एक समय चार ओवर में बिना विकेट के टीम का स्कोर 48 रन था। पुलिस एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजेश ने 3 एवं दिग्विजय व सुमित ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस एकादश की शुरूआत काफी अच्छी रही पर शिवम चौरसिया व राजेश चौधरी ने अच्छे ओवर्स निकाल कर मैच में रोमांच भर दिया और मैच आखिरी ओवर तक खींचा। पुलिस एकादश ने 5 गेंदे शेष रहते हुए 4 विकेट खोकर 101 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया। पत्रकार एकादश की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुधीर अवस्थी को 2 जबकि रत्नम, शिवम व सुजीत को 1-1 विकेट मिला। मैच के दौरान प्रभारी निरीक्षक मौरावां चंद्रकांत सिंह, मनोज चौरसिया, दिनेश चौरसिया, राजेश यादव, अवधेश, हर्षित, आशीष, पंकज चौरसिया सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 210 लोगो ने आंखों का परीक्षण कराया



सफीपुर, उन्नाव। विधायक बम्बालाल दिवाकर के निर्देशन में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में 210 लोगो ने आंखों का परीक्षण कराया जिसमे मोतियाबिंद से पीड़ित 116 लोगो को ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर रवाना किया गया।

विधानसभा सफीपुर से भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर द्वारा परंपरागत रूप से लगाए जा रहे निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कानपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल से आये नेत्र विशेषज्ञों ने 210 लोगो के नेत्र का परीक्षण किया। जिसमें मोतियाबिंद के 116 लोगो को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।जिन्हें विधायक दिवाकर ने बस से शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर के लिए रवाना किया। जहां उनका ऑपरेशन करने के बाद पुनः वापस उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। विधायक ने कहा कि इलाज और आने जाने के सभी खर्च उनके द्वारा किये जायेंगे। किसी को कोई शुल्क नही देना होगा। इस मौके पर विधायक मीडिया प्रभारी राजू चौहान, दीपक विमल, आशीष कनौजिया, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार



सीतापुर। थाना मछरेहटा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी विकास दीक्षित उर्फ बिक्कू पुत्र लालता प्रसाद दीक्षित उर्फ बब्बू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि विकास दीक्षित हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा था। अवैध तमंचा बरामदगी के मामले में पुलिस ने धाराओं में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे , अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। हरगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम बबरापुर मजरा अरमी में पुरानी रंजिश में दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल अधेड़ हरिपाल 58 वर्ष ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

ज्ञात हो थाना क्षेत्र के ग्राम बबरापुर निवासी मृतक हरिपाल पुत्र महादेव शुक्रवार रात्रि घर के बाहर बैठे हुए थे आरोप है तभी पुरानी रंजिश में गांव के पप्पू पुत्र रामनरेश नशे में गाली गलौज करने लगे मना करने पर उनके घर के रंजीत, प्रताप पुत्रगण रामस्वरूप, बालगोविंद, विनयकुमार पुत्रगण रामनरेश, रामनरेश पुत्र राजाराम ने लाठीडंडों, ईट पत्थरों तथा लोहे की राड से हमला कर दिया हरिपाल को पिटता देख उनके परिजन पुनीत,मनोरथ तथा सुनीता देवी बचाने गई तो हमलावरों ने उन्हें भी पीट दिया। दूसरे पक्ष के रंजीत का आरोप है कि गांव में झगड़ा हो रहा था जैसे ही वह लोग बीच बचाव करने गये तो पुरानी रंजिश में गांव के ही हरिपाल ज्ञानेंद्र, मनोरथ, सोबरन, पुनीत रमेश, कमल तथा प्रकाश ने लाठीडंडों एवं ईंटा पत्थर से मारपीट कर दी। दोनों पक्षों की मारपीट में रमेश पक्ष के पुनीत, मनोरथ, ओमप्रकाश, सुनीता देवी, पुतान, सुरभी, सलोनी, हरिपाल तथा रंजीत पक्ष के अमित कुमार, उमाकांत, पवन कुमार, प्रताप, वंदना, संतोष तथा रामनरेश सहित 15 लोग चोटिल हुए थे जिनका इलाज सीएचसी में कराया गया तथा हरिपाल की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था जहाँ पर उन्होंने शनिवार देर रात्रि लगभग 12 बजे दम तोड़ दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा चुका है परिजनों की सूचना तथा पीएम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में सुसंगत धाराओं की वृद्धि कर नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए।

## अजय राय कारागार में बंद कांग्रेस सांसद से आज करेंग मुलाकात

सीतापुर। यौन शोषण के आरोप में जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर से आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात दोपहर 12:15 बजे निर्धारित की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। बताते चले कि कि बीते गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुलिस ने सांसद राकेश राठौर को महिला के यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें तत्काल जिला कारागार भेज दिया गया। यह मामला उत्तर प्रदेश की राजनीति में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में अजय राय की यह मुलाकात महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मालूम हो कि बीते 17 जनवरी को एक महिला नेता द्वारा सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच से अंतरिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद सांसद राकेश राठौर बीते गुरुवार को आवास पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती हुआ पूजन



सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में रविवार को ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इसके उपरांत सरस्वती वंदना का गायन किया गया। इसके साथ ही इसके साथ ही गणेश वंदना की प्रस्तुति भी दी गई। प्री प्राइमरी वर्ग के छात्र अत्यधिक उत्साहित एवं प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।

## लखनऊ ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जीता फाइनल मुकाबला

महोली/सीतापुर। कस्बे के कृषक इंटर कॉलेज मैदान में विमला कौशल फाउंडेशन ब्रह्मावली की ओर से आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रविवार को रेलवे लखनऊ व सीतापुर की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें



लखनऊ की टीम ने जीत हासिल की है। वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे लखनऊ की टीम ने तीन राउंड में जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने मैन ऑफ टूनार्मेंट का पुरस्कार लखनऊ के कप्तान रतन को दिया वहीं बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच का पुरस्कार सीतापुर टीम के सैनी को दिया गया। वालीवाल प्रतियोगिता के समापन पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने सभी का आभार करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से आपसी सद्भाव व भाईचारा बढता है। वहीं शारीरिक व्यायाम होने से स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता है। इस दौरान मिथिलेश यादव, जगदीश प्रसाद, संजू सिंह, मुकेश मिश्रा, राकेश अवस्थी, संजीव मिश्रा, देवेश मिश्रा संदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## ग्राम बगैया में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने अपनी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत आस-पास के गांव में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के प्रयासों को जारी रखते हुए, रविवार को ग्राम बगैया, तहसील दुधमनिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में डॉ. अभिषेक प्रभाकर (ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. आसिफ अहमद (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. जूही मिश्रा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. वंदना (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. संदीप शांगती (शल्य विभाग) एवं डॉ. उमा माहेश्वरी (मेडिसिन विभाग) के नेतृत्व में 150 से अधिक ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।स्वास्थ्य शिविर के दौरान एनसीएल की चरक पहल के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही कुछ गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को चिह्नित कर उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत रेफर किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने एनसीएल के इस प्रयास की सराहना की और इसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एनसीएल, अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए, ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें। एनसीएल की विशेष पहल मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी सिंगरौली परिक्षेत्र के सुदूर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही है।

## सड़क हादसे में दो की मौत, दो गंभीर



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। तकिया चौराहे के समीप ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। चार लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली बांगरमऊ के अतरधनी गांव निवासी कृष्ण कुमार पुत्र बाबूलाल 45 वर्ष अपने भांजे प्रिंस पुत्र सोनू 14, हिमांशू पुत्र रूपचंद्र 12 व संतोष 14 वर्ष बाइक से फतेहपुर चौरासी के ऊगू में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। जहां से सभी बाइक से वापस घर जा रहें थे अभी वह बांगरमऊ लखनऊ मार्ग पर तकिया चौराहे के समीप ही पहुंचे थे तभी बांगरमऊ की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक में सवार चारों लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां कृष्ण कुमार और प्रिंस को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही हिमांशू व संतोष की गंभीर हालत देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसमें हिमांशू की उपचार के दौरान मौत हो गयी। संतोष का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में मचा कोहराम। मृतक कृष्ण कुमार के दो पुत्रियां है। वही मृतक प्रिंस दो बहनों में अकेला भाई था। मृतक हिमांशू तीन भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। उधर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुँचते ही कोहराम मच गया। प्रिंस का अन्तिम संस्कार गांव के बाहर खेत में कर दिया गया। जबकि कृष्ण कुमार और हिमांशु का अन्तिम संस्कार सोमवार को किया जायेगा।

## अटेवा और पुरानी पेंशन की बात हर कर्मचारी तक पहुंचायेंगे

### अटेवा के बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। नैमिषारण्य के इंटर कॉलेज में अटेवा के पदाधिकारी ने बैठक की। बैठक में तहड़ी भोज का आयोजन किया और ब्लॉक कार्यकारिणी मिश्रिख के सक्रिय सदस्यों एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार नें सभी विभागों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों से अपील की कोई भी यूपीएस को न स्वीकार करें। क्योकि अगर किसी नें एक बार स्वीकार कर लिया तो दुबारा किसी भी योजना की न तो माँग कर सकता है। उन्होंने कहा कि न ही वचे में जा सकता है। ओपीएस में कर्मचारियों का जो अंश कटेगा उसकी वापसी केवल न के बराबर है। जिला कैडर प्रमुख डॉ संघप्रिय गौतम नें बताया होली के बाद ब्लॉक कैडर प्रमुखो और मीडिया प्रभारियों का प्रशिक्षण होगा जो अटेवा और पुरानी पेंशन की बात हर कर्मचारी तक पहुँचानें का कार्य करेंगे। अटेवा की जिला संरक्षिका एवं जिला अध्यक्ष राजकीय नर्सेज संघ शशिलता वर्मा नें कहा हम कर्मचारियों कों यूपीएस पुरानी पेंशन ही चाहिए न चाहिए न ही एनपीएस। महिला जिला प्रवक्ता श्रीमती आशुतोष सिंह यादव नें कहा अगर यूपीएस अच्छी है तो सबसे



माननीय लोगों को स्वीकार करनी चाहिए। उनका भी यूपीएस के अंतर्गत 10 प्रतिशत अंश कटना चाहिए। जिला सह महामंत्री विकास सैनी नें कहा जिला कार्यकारिणी की बैठक हर ब्लॉक में आयोजित होगी। अटेवा की ब्लॉक बैठक संकुल स्तर पर भी होगी। और पुरानी पेंशन की बहाली के लिए हर संभव प्रयास संबैधानिक तरीके करेगा और 100 प्रतिशत ओपीएस बहाल कराने का कार्य करेगा। ब्लॉक मिश्रिख महामंत्री राजकुमार नें कहा यूपीएस और एनपीएस एक बहुत बड़ा घोटाला है इसमें कर्मचारियों और देश का पैसा शेयर मार्केट में लगाया जा रहा है। ब्लॉक सयोंजक महोली रमाकांत वर्मा नें कहा पुरानी पेंशन न केवल कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है बल्कि सम्मान भी है। कार्यक्रम का संचालन जिला उप सयोंजक आरकेअहीरवार ने किया। कार्यक्रम को जिला संगठन मंत्री छोटे लाल आंनद, हरिविजय गौतम, जय प्रकाश, अंकुर गुप्ता, अवनीश कुमार ने अपने विचार रखे। बैठक में सोहन लाल, विकास कुमार, अर्जुन सिंह, महेंद्र सिंह, ओमकार राठौर, प्रवेश चैधरी, दीप कुमार वर्मा, श्रीकांत, ऋषभ, वीरेंद्र यादव, कृष्ण कुमार, ब्रज भूषण, डॉ हरिश्चन्द्र नीलमणि, प्रमोद कुमार, पदमाकर, राम शंकर, राकेश गौतम, सोहन लाल, जीतेन्द्र कुमार सरोज, संतोष कुमार, विजय इंसान, पुनीत भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## युवक से मांगी रंगदारी की मारपीट

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम चन्दावली में रहने वाले अरविन्द पुत्र किशोरी राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 1 फरवरी को रात करीब 9 बजे वह अपनी किराने की दुकान पर बैठा हुआ था। तभी गांव के कोमल पुत्र हरप्रसाद राजपूत, नरेन्द्र पुत्र कोमल राजपूत एवं राजेश व नाथूराम पुत्रगण रामसिंह लोधी एकराय होकर आये।

आरोप है कि उक्त लोगों ने दो सौ रुपये की अवैध मांग की, जिसे न देने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसके साथ लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आयी उसकी मां हलकन पत्नी किशोरी व पत्नी अनीता के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे उन्हें भी शरीर में कई जगहों पर चोटें आयीं हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने उसे परिवार सहित जान से मार देने की धमकी दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 352 व 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## केन नदी में नहाने गये युवक की डूबकर मौत

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के अलोना गांव में जगरूप कोरी 32 की केन नदी में डूबने से मौत हो गयी। वह अपने दोस्त छोटू चंदेल के साथ दोपहर लगभग 3 बजे नदी नहाने गये थे। लेकिन वह गहरे गड्ढे में चले गये और डूबने से घटना हुई। घटना की जानकारी मिलते ही छोटू चंदेल और नाव चालक प्रजापति ने लोगों को जानकारी दी।

लगभग डेढ़ घंटे खोजबीन के बाद गांव के गोताखोर धर्मेन्द्र और अंगद ने चार मीटर गहरे गड्ढे से शव बाहर निकाला। दो साल पूर्व पत्नी लक्ष्मी की बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी। जगरूप के दो बच्चे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते तीन वर्ष पूर्व उसके पिता की भी बकरी चराते समय आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गयी थी। उसके पास तीन बीघा जमीन थी और मेहनत और मजदूरी कर परिवार का भरष-पोषण करता था। मां पुनिया की हालत बेहद दयनीय है। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सुमित कुमार ने पुलिस को दी। खप्टिहा कला चैकी के इंचार्ज रोशन गुप्ता मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ज्वैलरी की दुकान में चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा



**ललितपुर।** कस्बा पाली के मुख्य बाजार स्थित रामराजा ज्वैलर्स में आठ माह पहले दीवाल की ईंट निकालकर की गयी चोरी का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। हालांकि इस पटाक्षेप को लेकर तमाम प्रकार की चचाएं सोशल मीडिया पर भी हो रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने चोरी से जुड़े सात लोगों के एक पूरे गिरोह को धर दबोचा है। पकड़े गये चोरों में एक 25 हजार का ईनामियां बदमाश भी शामिल हैं। पूरे शुरू कर दी थी। प्रकरण को लेकर पाली पुलिस के साथ सर्विलांस और स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया था। प्रकरण को लेकर एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश व एएसपी अनिल कुमार और सीओ महरौनी कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही थी। चोरी के समय गठित टीमों ने मौके पर द्वारा टेक्निकल

- **जेवरात, तीन मोटर साइकिलें, चार मोबाइल व औजार बरामद**
- **अपर पुलिस अधीक्षक ने दी प्रकरण की जानकारी**
- **गिरफ्तार अभियुक्तों में इनामिया बदमाश भी शामिल**

घटना की जानकारी पुलिस लाइन स्थित सभागार में एएसपी अनिल कुमार ने पत्रकारों के समक्ष दी। एएसपी ने बताया कि बीती 3-4 मई 2024 की रात पाली कस्बा के मुख्य बाजार स्थित रामराजा ज्वैलर्स की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दीवाल की ईंट निकालकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

दुकान संचालक हीरो एजेन्सी के पास बालाबेहट रोड पाली निवासी राकेश पटैरिया पुत्र खुशीलाल ने तत्मय लिखित तहरीर दी थी। जिस पर पाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 457 व 380 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना व मैनुअली, सीसीटीवी व अन्य माध्यमों से प्राप्त डेटा का तकनीकी अवलोकन व विश्लेषण कर, अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया। जांच के दौरान प्रकाश में आये ग्राम चन्देरा निवासी शिवम कुशवाहा पुत्र जानकी प्रसाद, रामपाल कुशवाहा पुत्र प्रेम, दिनेश कुशवाहा पुत्र कंछेदी के अलावा ग्राम दैलवारा निवासी राजकुमार पुत्र हरीसिंह कुशवाहा, मड़ावरा के गढ़ौलीकलां निवासी भुवनेश पुत्र अच्छेलाल कुशवाहा, महरौनी के करौंदा व हाल खितवांस के मोहल्ला गढ़ी निवासी गुडडू राजा पुत्र जण्डैल सिंह, खितवांस निवासी बालाराम पुत्र हरीराम कुशवाहा को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये 25 हजार के ईनामियां बदमाश शिवम कुशवाहा की निशानदेही पर थाना पाली के पीछे जंगल में पहाड़ के नीचे खुदी खाई से चोरी का माल बरामद किया तो वहीं जेवरात के अलावा तीन मोटर साइकिलें, चार मोबाइल व औजार बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान बताया कि वह सभी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं और मौका देखकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बताया कि टीम को लीड शिवम कुशवाहा द्वारा किया जाता था। रामपाल कुशवाहा ने बताया कि राकेश पटैरिया का वह पड़ौसी है। इसके चलते उनकी दुकान पर आना जाना रहता था। बताया कि रुपयों की आवश्यकता होने पर उसने अपने साथियों के साथ योजना बनाकर करीब 10 दिनों तक दुकान की रैकी की और मौका देखकर 3 व 4 मई की रात एकजुट होकर दुकान के बगल में बने खण्डहर से दीवाल तोड़कर अंदर घुसे और चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी करने के बाद सभी बाहर चले गये, लेकिन जब माल का बटवारा करने के लिए आये तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। शिवम कुशवाहा ने बताया कि वह भी गिरोह का सदस्य है और उसने पाली में बानपुर रोड स्थित पवन जैन की दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें उसके साथी को जेल भेजा गया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से पीली धातु करीब 89 नग बजन करीब 36 ग्राम, सफेद धातु वजन करीब 3 किलो 770 ग्राम, 04 अदद मोबाईल फोन व 03 अदद मोटर साईकिलें बरामद की हैं।

# कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पूर्ण मानक के अनुसार पौष्टिक आहार दें: जिलाधिकारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिले के आकांक्षात्मक विकास खण्ड कोतवाली एवं नजीबाबाद के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्डों में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी 40 एबीपी प्रदर्शन संकेतकों के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले के दो आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए, जिन ब्लाकों में इंडिकेटर्स की प्रगति में कमी प्रकाश में आई, संबंधित अधिकारी को मानक के अनुरूप कार्य प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने समीक्षा में कुछ इंडिकेटर्स में सुधार पाते हुए संतोष व्यक्त किया और कहा कि जिन इंडीकेटर्स में अपेक्षित प्रगति नहीं है, विभागीय अधिकारी जल्द से जल्द कार्य की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करें कि बच्चों का वजन मानक के अनुसार लें ताकि उनके स्वास्थ्य का सही आकलन किया जाना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यूनिसेफ के अधिकारियों को निर्देश दिए की बच्चों के स्वास्थ्य में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत करें ताकि उसके अनुसार कार्य योजना बनाकर संचालन किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें पूर्ण मानक के अनुसार पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए ताकि उनके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार लाया जाना संभव हो सके।

जिलाधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से आकांक्षातमक विकास खण्डों के बैठक एजेंडा के समस्त बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा में निर्धारित बिंदुओं हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, पुष्टाहार वितरण, आंगन बाड़ी केन्द्रों में शौचालयों एवं पेयजल व्यवस्था, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, सोशल डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, टीबी, पोषण, स्वच्छ पेयजल, इंटरनेट एवं मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता, आवास, स्वच्छ शौचालय, एग्रीकल्चर एंड एलाइड सर्विस सहित सभी निर्धारित इंडीकेटर्स पर गहन समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को मानक के अनुसार कार्य प्रगति बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा कौशलेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्म वीर सिंह, उप निदेशक कृषि गिरीश चन्द, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, डीसी एनआरएलएम सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## रंजिशन षडयंत्र कर कृषि अनाज भण्डारण गोदाम में आग लगाने का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** सदर चैकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला तालाबपुरा निवासी अमित कुमार जैन पुत्र वीरेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी आराजी संख्या 105/3 रकवा 2.67 एड़क ग्राम ककरूआ में है, जिस पर कृषि अनाज भण्डारण गोदाम निर्मित है। बताया कि विगत 16 जनवरी की

- **पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच-पड़ताल शुरू**

शाम करीब 6 से 7 बजे के मध्य उसकी जमीन पर बने स्टोरेज, जिसमें शटरिंग का सामान रखा हुआ था, में अचानक आग लगी दिखायी दी, जिसकी सूचना तत्काल फायर बिग्रेड को दी गयी।

फायर बिग्रेड की दो गाडियों ने पहुंच कर किसी तरह आग पर काबू पाया। आग के भयंकर विकराल रूप ने स्टोरेज में रखे सामान को जलाकर राख कर दिया।

इस घटना के बाद से वह काफी डरा और सहमा हुआ है। पीड़ित ने बताया कि मौके पर कोई भी ज्वलनशील सम्बन्धित वस्तु नहीं थी और न ही किसी प्रकार का बिजली संयोजन है और न ही वहां से कोई तार निकला हुआ है।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि रंजिश रखने वाले कुछ व्यक्तियों द्वारा इस कृत्य को अंजाम दिया गया है, ताकि वह आर्थिक, मानसिक रूप से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके।प

ाीड़ित ने संदेह व्यक्त करते हुये चण्डी मंदिर के पास रहने वाले हाकिम सिंह लोधी पुत्र टोड़ी सिंह, रजत राजपूत पुत्र हाकिम सिंह, शकुंतला देवी पत्नी हाकिम सिंह पर चार-पांच साथियों के साथ मिलकर इस षड ?त्र को अंजाम देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने पूर्व में भी ताले तोड़कर बाउण्ड्री तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया था, जो कि प्रशासन की मुश्तैदी से कामयाब न हो सके।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 (जी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# गहरीकरण के लिए तालाब से पानी की निकासी बनी मुसीबत

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** करीब एक करोड अस्सी लाख रुपये की लागत से सुम्मेरा तालाब को संवारने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन तालाब की सूरत सुधारने के लिए मोहल्ले की सीरत को

- **बिना किसी कार्ययोजना के सड़क पर छोड़ा जा रहा पानी**
- **मोहल्ले की नालियां उफनाई, गलियां बनी पोखर**

बिगाड़ा जा रहा है। ऐसा ही एक नजारा रविवार की दोपहर देखने को मिला। तालाब का गहरीकरण कराये जाने के लिए करीब चार फुट पानी खाली कराया जा रहा है।

बिना किसी कार्ययोजना के तालाब का पानी निकासी किये जाने से तालाबपुरा मुख्य सड़क एक तालाब के रूप में तब्दील हो गयी तो वहीं नालियां उफना गयी हैं तो वहीं गलियां भी पोखर नजर आयीं। मुख्य सड़क पर करीब छह इंच तक पानी बहने से आवागमन कर रहे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं नालियों के उफनाने उनमें जमीन गन्दगी बीच सड़क पर आ गयी, जिससे बहने वाले पानी से गलियां भी पोखर नजर आ रहीं हैं। लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करते हुये बिना किसी कार्ययोजना या फिर पानी निकासी की सटीक योजना बनाये ही पानी को तालाब से छोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से आह्वान किया कि वह सुम्मेरा तालाब के कराये जा रहे सौंदर्यीकरण को कराये, लेकिन कार्ययोजना बनाकर, जिससे लोगों को भी परेशानियां न हों।

## दिव्य सेवा संस्थान ने 150 असहाय लोगों को बांटे कंबल



**नगीना, बिजनौर।** समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान नगीना द्वारा धामपुर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर रामलीला बाग में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर दिव्य सेवा संस्थान ने गरीबों, असहाय, बेघर, वरिष्ठ वृद्ध और विकलांगों को कंबल वितरित किए। कॉलेज के प्रबंधक डॉ संदीप शर्मा की अध्यक्षता व संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेविका जूही बिश्नोई ने लोगों को ठंड के मौसम में बचाव के प्रति सचेत किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग डेढ़ सौ असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा ने कहा कि गरीबों और असहायों की सेवा करना बहुत ही अच्छा कार्य है। समाज के संपन्न लोगों को भी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। कंबल वितरण कार्यक्रम में जूही बिश्नोई, डॉ0 संदीप शर्मा, दीपा शर्मा, संगीता चैहान व संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा आदि के अलावा लाभार्थियों में गजना, रामकली, संतोष देवी, गोमती, मुनिया, रूपचंद, फूल सिंह, सुरेन्द्र आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चोरी की योजना बना रहे 8 अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण दिनांक 1 फरवरी 2025 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि थानाक्षेत्र के ग्राम बड़ा लिलवा के बाहर स्थित माता जी के मन्दिर परिसर में चोरी करने वाला एक गैंग किसी तांत्रिक की मदद से मन्दिर प्रागण में गड़ा धन खोदकर चोरी करने की योजना बना रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची व दबिश देकर 8 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त कार सहित खुदाई करने में प्रयुक्त उपकरण फावड़ा, कुल्हाड़ी, सब्बल, तसला व पूजन सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान इनका एक साथी मौके से भाग गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## केंद्रीय बजट हर वर्ग के लिए लाभकारी: सदर विधायक



**बांदा।** सदर विधायक ने केन्द्रीय बजट 2025-26 को ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होने इस बजट को देश के गरीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के लिए एक उम्मीद की किरण बताया है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में विकास को गति देना है। गांव और गरीबों की संपन्नता बढ़ाने, आयकर में छूट देने, महिलाओं को उद्यमशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा दिया गया है। इसके अलावा उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी बजट में विशेष प्राविधान किए गये हैं। उन्होने कहा कि बजट में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दी गयी है। केन्द्र सरकार ने कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस बजट में युवाओं को अवसर मिलेंगे। बजट में विशेष तौर पर महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं बनाई गयी हैं जो उनको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेंगी। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने में मदद करेगा बल्कि समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला साबित होगा।

## रोटी बैंक टीम ने गरीबों को बांटे कपड़े



**बांदा।** रविवार को बाँदा रोटी बैंक टीम ने गरम कपड़े, जूते चप्पलों आदि का ग्राम बगहाडेरा में वितरण किया। संरक्षक शेख सादी जमा और सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज के संरक्षण, अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता, शाखा प्रमुख मोहम्मद आफताब के नेतृत्व, ग्राम प्रधान कहला ओमप्रकाश ब्लॉक बड़ोखर तहसील बांदा, शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों द्वारा गर्म कपड़े, जूते चप्पल आदि का वितरण जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया। साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति टीम के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त गर्म कपड़े, जूते चप्पल आदि इस सर्दी के मौसम में पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी। सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में डॉ0 पंचा ग्राम बगहाडेरा, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, महिला महामंत्री, मोवशमीम कार्यालय प्रभारी, मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, मोहम्मद अजहर महामंत्री, मोहम्मद अतहर शाखा प्रमुख छिप्टहरी, अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका, अब्दुल शफीक कल्लू, अलीमुद्दीन, मोहम्मद सादान अली, राबिया खान, सबीहा नूरानी आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## ईओ ने किया गवर्नमेंट कैप्टिव प्लेटफार्म का निरीक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में ईओ दिनेश कुमार ने नझाई बाजार पुराने एलआईसी भवन मे पालिका द्वारा संचालित गवर्मेंट कैप्टिव प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान ईओ ने दीक्षांक संस्था के एमडी शशांक दीक्षित से गवर्मेंट कैप्टिव प्लेटफार्म के माध्यम से जनपदवासियों को दी जाने वाली हाइटेक सुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। बताया कि प्लेटफार्म के माध्यम से शहर के कई इलाको में वायरलेश नेटवर्क बन चुका है। इसके अंतर्गत घंटाघर पर पहले फ्री वाईफाई की स्थापना हो चुकी है, शेष स्थानों पर फ्री वाईफाई स्थापित कराये जा रहे है। बताया गया कि सभी सार्वजनिक स्थलों व चिन्हित स्थलों पर कैमरे लगाये गए हैं जिन्हें जीसीपी से कण्ट्रोल किया जा रहा है, इससे जनपद में एक पब्लिक एड्रेस नेटवर्क बनेगा, जन शिकायतों की सुनवाई व निस्तारण, टोल फ्री नम्बर 1533 व 14420 का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए 800 से अधिक परीक्षाओं के फ्री टेस्ट सीरीज भी उपलब्ध है। इस दौरान ईओ ने कचरा प्रबंधन/एफएसएसएम वाहनों की ट्रेकिंग के बारे में दीक्षांक संस्था एमडी से जानकारी ली गई। इस दौरान ईओ कचरा प्रबंधन/एफएसएसएम वाहनों की ट्रेकिंग हेतु वाहनों में जीपीएस सिस्टम व साउण्ड सिस्टम लगाये जाने व अन्य कमियों को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, दीक्षांक संस्था (एमडी) शशांक दीक्षित, तरून सिंह सहित पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला सफाई कर्मी संगठन का हुआ चुनाव

**बांदा।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में जनपद महिला मोर्चा का द्विवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर बीना देवी निर्विरोध चुन ली गयी। संघ के चुनाव अधिकारी व संगठन के जिला संप्रेक्षक राकेश पटेल तथा सह निर्वाचन अधिकारी रामराज सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे लेकिन उर्मिला देवी द्वारा अंतिम समय में अपना नाम वापस ले लिया जिससे बीना देवी महिला मोर्चा की निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दी गयीं। इसी प्रकार से महिला मोर्चा के महामंत्री पद पर निशा श्रीवास्तव व निर्मल राजपूत द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे इस बीच निर्मल राजपूत ने अपना नाम वापस ले लिया इस तरह निशा श्रीवास्तव को महामंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्मल राजपूत कोषाध्यक्ष बनाए गये। इसी प्रकार संगठन मत्री पद पर माधुरी शर्मा व संप्रेक्षक के पद पर उर्मिला देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष सूरज प्रसाद तथा रामदेव वर्मा द्वारा संगठन के सभी ब्लाक अध्यक्षों को जारी पत्र के माध्यम से महिला मोर्चा के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराने को पत्र जारी किए गए थे। इसके लिए 26 जनवरी रविवार का दिन निश्चित किया गया था। लेकिन गणतंत्र दिवस होने के कारण महिला मोर्चा के चुनाव के गठन के प्रक्रिया को रदद कर दिया गया था।

## 50 लाख की अवैध शराब बरामद



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 1 फरवरी 2025 को थाना श्रीनगर, आबकारी पुलिस टीम को मुखबिर के द्वारा अवैध रुप से शराब का परिवहन किए जाने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई, सूचना के क्रम में जीएसटी टीम को साथ में लिया गया, संयुक्त टीम द्वारा सूरा चौराहे के पास चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोककर चेक करने का प्रयास किया गया तो ट्रक चालक द्वारा ट्रक लेकर कस्बा श्रीनगर की ओर भागने का प्रयास किया गया, जिसका पीछा करके कस्बा श्रीनगर आरटीओ कार्यालय के सामने ट्रक को रोक लिया गया, इस दौरान ट्रक में भारी मात्रा में लदी गैर प्रान्त की 454 पेटी में कुल 4913040 रूपए की बरामद की गयी है। बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया व बरामद ट्रक को सीज किया गया है।

# ग्रामीणांचल में भक्ति रस में डूबे श्रोता




जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** पांच दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीणांचल रामायण मेले के दूसरे दिन समाजसेवी गोपाल भाई ने दीप प्रज्वलित कर, मानस की बिधिवत पूजा व माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान देर शाम तक दूर दराज से आये बिभिन्न विद्वानों ने अपने अपने तरीको से रामनाम का चरित्र चित्रण कर उपस्थित श्रोताओं को भक्ति का रसपान कराया। बीते कई वर्षो से अनवरत फतेहगंज क्षेत्र के खेरिया गांव में पांच दिवसीय अठारहवें राष्ट्रीय ग्रामीणांचल रामायण मेले के दूसरे दिन चित्रकूट से आये समाजसेवा संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने रामायण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामायण एक महाग्रंथ है। इसके नियमित अध्ययन से नकारात्मक शक्तियों का विनास होता है। कानपुर से आये जय प्रकाश ने गीतों के माध्यम से अहिल्या प्रसंग को अपने गीतों के माध्यम से उपस्थित श्रोताओ को भक्ति रस का पान कराया। अतर्रा से आई प्रियंका तिवारी ने बातया की शाश्वत चेतन का स्वर, अटल बिराम है, ओ राम है। ड़ॉ मनोज द्विवेदी, नारायण तिवारी, दिनेश दीक्षित आदि ने बिभिन्न माध्यमो से भक्ति का रसपान श्रोताओ को पिलाया। कार्यक्रम का संचालन बिमल कांत और संतोष पटैरिया ने किया। इस दौरान एडोवोकेट बिबेक बिंदु तिवारी, पूर्ब प्रधान पंकज तिवारी, जगदीश पांडे, चन्दन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस टीम ने वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर टेप

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं में रोकथाम एवं वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा यात्रियों का सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करने के उद्देश्य से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है।

यातायात प्रभारी सुनील कुमार ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंधेरे के समय में दृश्यता कम हो जाती है और सड़क पर यात्रा करते समय आमने सामने वाले वाहन ज्यादा दूरी तक दिखाई नहीं देते हैं, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। यात्रियों एवं वाहन चालकों को अपने आगे तथा पीछे चलने वाले वाहन बहुत कम दिखाई देते हैं।

# बजट में दिखा विकसित भारत का रोडमैप



मनोज बाजपेयी

> अधिकांश मध्य वर्ग शहरों में रहता है और जब उसकी जेब में खर्च करने के लिए अधिक पैसे बचेंगे तो एफएमसीजी से लेकर फैशन, ऑटो और पर्यटन तक, हर क्षेत्र में बहार आयेगी और समग्र रूप से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। लेकिन इस पिन-प्वाइंट के अलावा भी बजट में बहुत कुछ है। समग्र रूप से मोदी 3.0 के प्रथम पूर्ण बजट में विकसित भारत की रूप रेखा प्रस्तुत की गयी है।

बजट को लेकर सरकार, विपक्ष, आम आदमी और साधारण श्रमिक से लेकर उद्योग जगत के दिग्गजों तक, सबकी अपनी-अपनी राय होती है। सबको कुछ न कुछ उम्मीदें होती हैं और सबकी अपनी-अपनी धारणाएं होती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 का पहला पूर्ण बजट और वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट पेश करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाते हुए मध्य वर्ग की मुंह मांगी मुराद पूरी कर दी। आयकर में कटौती का लाभ सीधे-सीधे मध्य वर्ग को मिलता है और वह भी बिना कुछ किये। इसलिए सबसे अधिक चर्चा भी इसी पर होती है। नयी टैक्स रिजीम के तहत प्रस्तावित आयकर की नयी दरों के मुताबिक 12 लाख तक की आय पर कुल 60 हजार की कर देनदारी बनती है। लेकिन आयकर की धारा -87ए के तहत रिबेट को 25 से बढ़ाकर साठ हजार कर दिया गया है। इस तरह 12 लाख तक की आय पर करदेयता शून्य हो गयी है। वेतन भोगी वर्ग के लिए तो और भी खास अर्थात 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडेक्शन भी। मतलब आप अगर नौकरी पेशा हैं, आपकी आय वेतन से होती है तो 12.75 लाख की आय पर सरकार को कुछ नहीं देना।

मध्य वर्ग अधिकांशतः शहरों मे रहता है और जब उसकी जेब में खर्च करने के लिए अधिक पैसे बचेंगे तो एफएमसीजी से लेकर फैशान, ऑटो और पर्यटन तक, हर क्षेत्र में बहार आयेगी और समग्र रूप से देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। लेकिन इस पिन-प्वाइंट के अलावा भी बजट में बहुत कुछ है और समग्र रूप से मोदी 3.0 के प्रथम पूर्ण बजट में विकसित भारत की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गयी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदमों के साथ ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए दूरगामी योजनाएं हैं जिनको अगर ठीक से जमीन पर उतारा गया तो भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी में कृषि, डेयरी और समग्र ग्रामीण क्षेत्र का किरदार भी और बड़ा होगा। ग्रामीण क्षेत्र में प्रगति की रफ्तार तेज करने के लिए वित्तमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का वादा किया है। वित्त मंत्री ने उत्पादकता



बढ़ाने, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, सिंचित भूमि का दायरा बढ़ाने और भंडारण सुविधाओं में इजाफे के लिए 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के तहत देश के 100 जिलों में लक्षित हस्तक्षेप की घोषणा की है। केसीसी की सीमा बढ़ाने से खजाने पर 26,000 करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा और इससे 7.7 करोड़ से ज्यादा उत्पादकों, मछुआरों और डेयरी किसानों को लाभ होगा। बजट के बाद आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने कहा, केसीसी की सीमा में वृद्धि उन किसानों को सक्षम बनाने के लिए है जो वाणिज्यिक खेती कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अधिक फसल ऋण की आवश्यकता होती है।

**विमर्श**

दरअसल यह ग्रामीण खपत बढ़ाने के लिए नहीं है बल्कि उन किसानों को सुविधा देने के लिए है जो नकदी फसलों की खेती करते हैं और जिनको खेती के लिए ज्यादा कर्ज की जरूरत है। इससे कृषि सीजन में खेती के लिए जरूरी इनपुट्स किसान आसानी से जुटा सकेंगे। खेती में निवेश बढ़ेगा तो उत्पादन भी बेहतर होगा और किसानों की आय भी बढ़ेगी जो अंततः ग्रामीण समृद्धि और भारत के विकास का कारण भी बनेगी। राज्यों के साथ मिलकर चलाए जाने वाले 'धन-धान्य कृषि कार्यक्रम' को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 'आकांक्षी जिला' कार्यक्रम की तर्ज पर तैयार किया गया है। बहरहाल बजट दस्तावेजों से पता चलता है कि इस योजना के लिए केंद्र सरकार कोई सहयोग नहीं देगी। कुल मिलाकर कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों को 1,71,437 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2025 के संशोधित अनुमान की तुलना में करीब 22 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 के बजट अनुमान से करीब 13 प्रतिशत ज्यादा है। यह पिछले कुछ वर्षों में कृषि और संबंधित गतिविधियों के बजट आवंटन में बड़ी वृद्धि में से एक है। इसके अलावा बजट में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड बनाने की भी घोषणा की गई है। बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसे देखते हुए यह अहम घोषणा है। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। मखाना का उत्पादन देश में सबसे ज्यादा बिहार में ही होता है और इसलिए इसका सबसे अधिक लाभ भी इसी राज्य को मिलेगा। कृषि उत्पादन में बीजों का सर्वाधिक महत्व है और इसके लिए कृषि अनुंसधान के मोर्चे पर बजट में हाइब्रिड सीड के लिए नेशनल मिशन बनाने का वायदा किया गया है। इसके लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

समग्र रूप से कृषि अनुसंधान और विकास विभाग के लिए 10,466.49 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसमें 3 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। बजट में दूसरे राष्ट्रीय विस्तारित जीन बैंक की भी घोषणा की गई जो 10 लाख जर्मप्लाज्म का संरक्षण करेगा। यह भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से पौधों के आनुवंशिक संसाधनों की सुरक्षा करेगा। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, यह बजट ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल देगा और साथ ही किसानों का भाग्य बदलेगा। कम तकनीकी हस्तक्षेपों के कारण कपास की फसल की उत्पादकता में हाल के सालों में गिरावट दर्ज की गयी है। कपास की फसल के विकास के लिए वित्त वर्ष 2026 के बजट में 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ नये मिशन का वायदा किया गया है। भारत कपास की कम उत्पादकता वाले देशों में से एक है जहां प्रति हेक्टेयर 450 किलो कपास का उत्पादन होता है। जबकि वैश्विक स्तर पर औसत 800 किलो प्रति हेक्टेयर है। अगर वैश्विक स्तर की बराबरी या उसके आसपास भी पहुंचा जा सकेगा उतने की कृषि क्षेत्र में कपास उत्पादन डेढ़ गुना हो जायेगा। इसका सीधा लाभ कपास किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। कपास क्षेत्र के साथ-साथ धागा और बुनाई क्षेत्र के लिए भी कर में कई बदलाव किए गये। बजट में फ्लैट 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलो (जो भी अधिक हो) आयात शुल्क की घोषणा की गई है। इससे कपड़ा क्षेत्र को लाभ होगा और यह क्षेत्र ऐसा है जो कृषि के बाद सबसे अधिक लोगों को रोजगार देता है।

सब्जियों और फलों के लिए 500 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ मिशन की घोषणा की गई है। सिंचाई के लिए 'हर खेत को पानी' योजना के तहत बजट अनुमान में 83 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। नई योजनाओं के तहत सबसे ज्यादा 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन राष्ट्रीय दलहन मिशन के लिए किया गया है। ग्रामीण विकास और रोजगार में मनरेगा की भूमिका भी व्यापक है। इसलिए सरकार ने इसका भी अच्छे से ख्याल रखा है। मनरेगा का बजट 86,000 करोड़ रुपये रखा गया है जो वित्त वर्ष 2025 के बजट अनुमान के बराबर है। ग्रामीण आवास योजना के तहत बजट बढ़ाकर 54,832 करोड़ रुपये किया गया है जो वित्त वर्ष 2024 के 32,426 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से ज्यादा है। निर्मला सीतारमन ने बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग के साथ छात्रों, युवाओं से लेकर छोटे-बड़े उद्यमों के विकास और विस्तार पर फोकस किया है लेकिन यह सब करते हुए उन्होंने कृषि एवं ग्रामीण विकास पर भी पूरा ध्यान दिया है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में ग्रामीण भारत भूमिका भी बढ़ेगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

# निर्यात बढ़ाने के उपाय

भारत सरकार के समक्ष निर्यात के मोर्चे पर पहले से ही बेशुमार चुनौतियां थीं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापस और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया है। ट्रंप ने फिलहाल कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयात पर 25 फीसद ड्यूटी बढ़ाने और चीन के आयात पर 10 फीसद नयी ड्यूटी लगाने का एलान किया है। लेकिन ट्रंप के निशाने पर भारत भी आ सकता है। क्योंकि भारत के साथ भी अमेरिका का द्विपक्षीय व्यापार घाटे में है और भारत के पक्ष में है। फिलहाल तो भारत अभी तक ट्रंप के टैरिफ वार से बचा हुआ है लेकिन भविष्य को लेकर चीजें अनिश्चित हैं। ऐसे में सरकार से बजट के मध्यम से पूर्व की तैयारी की अपेक्षित थी। सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित




की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरुआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन देने के कदम ऐसे समय में उठाए जा रहे हैं, जब भारत के निर्यातक यूरोपीय संघ (ईयू) की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी गैर शुल्क उपायों को लागू करने से प्रभावित हुए हैं। इन उपायों में कार्बन बॉर्डर अडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) और ईयू डीफॉरेस्टेशन रेगुलेशन (ईयूडीआर) शामिल हैं। 2025-26 के बजट में सीतारमण ने कहा, हम निर्यात संवर्द्धन मिशन स्थापित करेंगे। इसमें मंत्रालय और सेक्टर के स्तर पर लक्ष्य तय होंगे। इसका संचालन वाणिज्य, एमएसएमई और वित्त मंत्रालय मिल जुलकर करेंगे। यह निर्यात ऋण तक आसान पहुंच, सीमा पार से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के साथ विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से एमएसएमई को निपटने में मदद करेगा। चालू वित्त वर्ष के शुरूआती 9 महीनों के दौरान भारत ने 321.37 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया है जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.6 प्रतिशत ज्यादा है। वाणिज्य विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि अगर सेवा क्षेत्र को भी इसमें शामिल कर लें तो वित्त वर्ष के प्रथम नौ महीनों में निर्यात 6 प्रतिशत बढ़कर 602.64 अरब डॉलर हो गया है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान 800 अरब डॉलर की वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करना है। दिलचस्प है कि वाणिज्य विभाग और निर्यातकों के अनुरोध के बावजूद वित्त मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम (आईईएस) की अवधि नहीं बढ़ाई है, जिसका लक्ष्य खासकर एमएसएमई को लाभ पहुंचाना था। बजट दस्तावेज के मुताबिक योजना के लिए संशोधित अनुमान 2,250 करोड़ रुपये है। मार्केट एक्सेस इनीशिएटिव (एमएआई) योजना का आवंटन भी खत्म कर दिया गया है। निर्यात संवर्द्धन और प्रोत्साहन के लिए बजटीय प्रयास आवश्यक है लेकिन वैश्विक स्तर पर उभरती नयी चुनौतियों के बीच भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नियोजित प्रयास करने होंगे जिसमें सुलभ और सस्ता कर्ज, स्किल्ड लेबर और कैपिटल इन्सेन्टिव जैसे इनिशिएटिव शामिल होने चाहिए।

## विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है। —विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है। —फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है। —भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है। —चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है। —रूसो.

## सोशल मीडिया

भारत फिस्कल मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, अर्थव्यवस्था की जरूरतों के लिए कोरोना काल में अधिक कर्ज लेना पड़ा। निर्मला सीतारमण.



टीम केजरीवाल मतलब टीम भ्रष्टाचार, बस 2,3 फीसद के लिए करने वाली सरकार, कांग्रेस के लिए, मेरे लिये पूरी दिल्ली परिवार जैसी है, जो वादे किये हैं, उसे पूरा करेंगे। राहुल गांधी.



विद्या, बुद्धि और ज्ञान विज्ञान की अधिष्ठात्री, मां सरस्वती की साधना और प्रकृति के प्रेम को समर्पित पावन पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभमानाएं। जेपी नड्डा.



# उपासना विधि का महत्व

**अंतर्दृष्टि**

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशाना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

# रिश्वत लेने का अवसर

**व्यंग्यलोक**

सरकार ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। अब सरकारें तो किसी अच्छे काम के लिए प्रयत्न ही कर सकती हैं। कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। फिर भी नये सिरे से लाने के लिए लोग पुनः सचेष्ट हो गये हैं। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत का सार्वजनिकी करण हो जाता है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिखाई देने लगा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन्स से दोस्ती रखना फख्र की बात माने जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बी.पी.एल. हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। इससे नेताओं की गरीबी तो सात पुश्तों तक के लिए मिट गई है, परन्तु इन गरीबों की गरीबी अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही। इसलिए इन्हें छोड़कर अन्य लोगों में समाजवाद लगभग पूरी तरह आ गया है।



पूरन सरमा

# सूरजकुंड शिल्प मेला, शिल्प और संस्कृति का बाइस्कोप




**पर्यटन**

हरियाणा के फरीदाबाद शहर स्थित सूरजकुंड क्षेत्र में हर साल लगने वाला अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला, इस बार 7 से 23 फरवरी 2025 के बीच लगेगा। अरावली की खूबसूरत पहाड़ियों के बीच आयोजित होने वाला शिल्प का विश्व में यह सबसे बड़ा मेला है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों से तो शिल्पकार और लोक कलाकार अपनी शिल्प और कला का प्रदर्शन करने आते ही हैं, दुनिया के अलग अलग हिस्सों से भी इस मेले में शिल्पकार भी और शिल्प प्रेमी पर्यटक भी आते हैं। कुल मिलाकर 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में 10 से 12 लाख तक देशी विदेशी पर्यटक जुटते हैं। हस्तशिल्प, हथकरघा और सांस्कृतिक ताने बाने की समृद्ध व लोककलाओं की विविधता को प्रस्तुत करने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा व अद्वितीय मेला है। इस मेले में हर साल देश का कोई एक राज्य फोकस राज्य होता है। मगर इस साल एक नहीं दो फोकस राज्य हैं ओडिसा और मध्यप्रदेश। दरअसल फोकस राज्य ही इस शिल्प मेले की हर वर्ष की थीम होते हैं। इसलिए इस साल मेले की थीम दो राज्यों की शिल्प कलाएं हैं- मध्यप्रदेश और ओडिसा। साथ ही इस साल बिम्सटेक संगठन के सदस्य देश- बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, नेपाल और थाइलैंड भी मेले में पार्टनर देश के रूप में शामिल होंगे, जिससे इस साल का यह शिल्प मेला बाकी सालों से कहीं ज्यादा खास होगा। क्योंकि इस साल इस मेले में भारत के किसी एक राज्य या विभिन्न राज्यों के ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत और छह अन्य देशों की कला व हस्तशिल्प को भी देखा जा सकता है।

इस साल इस मेले में बाकी सालों के मुकाबले कहीं ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। साल 2025 विशेष तौरपर शिल्पकलाओं में देश के सबसे समृद्ध माने जाने वाले दो राज्यों ओडिसा और मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, कला और शिल्प का यह मेला शोकेस के रूप में दिखेगा। सूरजकुंड शिल्प मेले की शुरूआत साल 1987 में हुई जब प्रदेश के मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल थे, उनके ही प्रयासों से हरियाणा टूरिज्म डिपार्टमेंट ने भारत सरकार के सहयोग से यह मेला शुरू किया, जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री चैधरी भजनलाल ने ही किया था। देखते ही देखते यह मेला न सिर्फ भारत का सबसे बड़ा और समृद्ध शिल्प व संस्कृति का मेला बन गया बल्कि अंतर्राष्ट्रीय नक्शे में भी शिल्प और लोककलाओं के इस मेले ने अपनी विशेष जगह बनाई है। आज पूरी दुनिया में विशेषकर शिल्प और लोककलाओं का इतना समृद्ध मेला कोई दूसरा नहीं है। दिल्ली के बॉर्डर में स्थित हरियाणा के शहर फरीदाबाद के सूरजकुंड क्षेत्र में यह मेला हर साल फरवरी माह में आयोजित होता है। पिछले लगभग चार दशकों में यह मेला भारतीय कला, शिल्प और संस्कृति का देश में सबसे ऑथेंटिक मंच बनकर उभरा है। विभिन्न परंपराओं और लोककलाओं के प्रदर्शन का सबसे जीवंत मंच बन गया है। यहां हस्तशिल्प, कला, संगीत, नृत्य केसाथ साथ उच्चकोटि के विभिन्न भोजन व्यंजनों का भी प्रदर्शन होता है। मेले में शिल्पकारों और कारीगरों को न सिर्फ अपनी कलाओं को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है बल्कि कारोबार का भी यह मेला शानदार गेट वे प्रदान करता है।

मेले में भाग लेने वाले विदेशी कलाकार जहां अपने अपने देशों की संस्कृति का आदान प्रदान करते हैं, वहीं ये कलाकार सूरजकुंड शिल्प मेले के दुनिया के कोने कोने में विस्तार करने वाले 'ब्रांड अंबेस्डर' बनकर भी उभरे हैं। वास्तव में इस मेले का मुख्य मकसद भारतीय कला और शिल्प को बढ़ावा देना है। यह शिल्पकारों और उनके उत्पादों को सीधा बाजार प्रदान करता है। साथ ही इससे बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक पर्यटन प्रोत्साहित होता है तथा हस्तशिल्प व लोककलाओं को संरक्षण मिलता है। इस मेले में अद्वितीय और दुर्लभ हस्तशिल्प कलाएं देखने को मिलती हैं। जैसे बिहार की मधुबनी पेंटिंग, बनारस की साड़ियां, कांसे की मूर्तियां और मिट्टी के खिलौने। आमतौर पर इस मेले में 20 से अधिक देशों के शिल्पकार भाग लेते ही हैं, जिससे यह भारत की शिल्प कलाओं का ही मंच नहीं बल्कि दुनिया की शिल्प कलाओं का शानदार मंच बनकर उभरा है। मेले में हर साल शामिल होने वाले देश बदलते रहते हैं, इसलिए यहां दुनिया के हर कोने की शिल्प देखी और दिल की धड़कनों से महसूस की जा सकती है। इस मेले में लोकनृत्य, लोकसंगीत के साथ साथ फैशन शो भी आयोजित होते हैं, जो पर्यटकों को खास तौरपर आकर्षित करते हैं। पन्द्रह दिनों तक चलने वाले इस मेले में हरियाणा और दिल्ली से हर दिन हजारों लोग घूमने के लिए आते हैं।

**धीरज बसाक.**

## आपकी बात

### ई-वेहिकल को प्रोत्साहन

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

### युवाओं को मिले रोजगार का हक

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। सरकार को रोजगार देने का प्रयास भी करना चाहिए और भर्तियों में निष्पक्षता भी जरूरी है।

**शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## चार आरा मशीनें सीज

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** क्षेत्र में संचालित अवैध मशीनों पर कोतवाली इनायत नगर व वनविभाग ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की है। थाना कोतवाली इनायत नगर अंतर्गत पुलिस चैकी बारून बाजार क्षेत्र के खजूरी मिजार्पुर, मेहदौना और बारुन बाजार मैं अवैध रूप से आरा मशीन का संचालन हो रहा था। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित चार आरा मशीनों को सीज करते हुए बड़ी कार्रवाई की है।वन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक खजूरी मिजार्पुर गांव निवासी दिलशाद, मेहदौना गांव निवासी अरशद बारून बाजार निवासी राजेंद्र यादव अवैध रूप से आरा मशीन चल रहे थे अवैध धारा मशीन चलने की शिकायतें लगातार विभागीय कर्मचारियों को मिल रही थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी।पुलिस और वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यवाही का निर्देश दिया। पुलिस और वन विभाग की साइट टीम ने छापेमारी करते हुए अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों को सीज करते हुए संचालकों के विरुद्ध के दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# किसानों को खुशहाल किये बिना देश का विकास नहीं हो सकता: रामसिंह पटेल



**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल आप के द्वार चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय लोकदल ने बीकापुर विधानसभा के सोहावल ब्लाक ग्राम पंचायत पिलखावां मजरे चिरैधा गांव मे युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा के द्वार पर चैपाल का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चैधरी राम सिंह उपस्थित रहे।बड़ी संख्या मे आस पास के गांव के ग्रामीण चैपाल मे शामिल हुए। चैपाल की अध्यक्षता पूर्व प्रधान कलाफर पुर डाक्टर उत्तम प्रसाद वर्मा एवं संचालन जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा ने किया।

इस मौके पर रालोद नेता चैधरी रामसिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ही इकलौती पार्टी है जो गांव, गरीब, किसानों के साथ सभी जाति, धर्म के लोगों को साथ लेकर चलती है और सभी के लिए काम करती है हमारे नेता केंद्रीय मंत्री चैधरी जयंत सिंह शिक्षित, ईमानदार ,युवा, संघर्षील नेता है इसलिए हम सभी को मिलकर रालोद को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह, रालोद संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री चैधरी अजित सिंह , और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री कौशल विकास और उद्यमशीलता, शिक्षा राज्यमंत्री चैधरी जयंत सिंह राजनीतिक मे तीन पीढियां देश, प्रदेश मे प्रमुख पदों पर रहने के बाद भी आज भ्रष्टाचार के ममाले मे कोई उंगली नहीं उठा सकता है जब भी मौका मिला देश प्रदेश के विकास के साथ गांव, गरीब ,किसानों के लिए काम किया है।

किसान मसीहा चैधरी चरण सिंह व्यक्ति नही एक विचार धारा थे उन्होंने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किये बिना देश का विकास नही हो सकता है उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठने की थी वह कहते थे देश देश के समृद्धि का रास्ता गांव के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है चैधरी अजित सिंह को भी जब भी मौका मिला उन्होंने भी गांव, गरीब किसानों के लिए काम किया केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए जनपद फैजाबाद में भी मसौधा ब्लाक के पास बीज बिधायनी केंद्र, बनाया और नागरिक उड्डयन मंत्री रहते फैजाबाद एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट करने का काम किया था चैपाल मे गन्ना मूल्य 400 रुपए प्रति कुंतल घोषित करने व सहनवा निवासी एससी समाज की बिटिया के साथ हुए जगन अपराध पर पर उसको त्वरित न्याय मिले एवं अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले राष्ट्रीय लोकदल बिटिया के परिवार के साथ हर संभव मदद करने के लिए खड़ा है

चैपाल को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव ने कहा कि रालोद जाति धर्म की बात नहीं करती है वह सभी सामाज को साथ लेकर चालती है हमारे नेता केंद्रीय मंत्री चैधरी जयंत सिंह सड़क से लेकर सदन तक किसानों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। शिवकुमार वर्मा पिलखावा,विनोद वर्मा अहलाद का पुरवा करन निषाद तहसीन पुर, डॉक्टर राम जी कौशल खिरौनी, अरुण कश्यप अम्बर पुर, सुरजीत रावत मुबारक गंज ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। चैपाल मे प्रमुख रूप से अवध क्षेत्र सचिव नेतराम वर्मा युवा नेता गंगाराम वर्मा, प्रोफेशनल मंच जिला अध्यक्ष आशीष सिंह रावत, राम जी कौशल, राकेश रावत, ने संबोधित किया।

# पीएम उषा के तहत विवि में संचालित होंगी विभिन्न शैक्षिक गतिविधियां



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में शनिवार को पीएम उषा के तहत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को संचालित किए जाने हेतु समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्षों से कार्ययोजना पर मंत्रणा हुई। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि पीएम उषा के अन्तर्गत साफ्ट कंपोनेंट पैरामीटर के तहत परिसर में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियां कराई जानी है। सभी विभाग कार्ययोजना बनाते हुए प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराये। बैठक में शैक्षिक गतिविधियों के अन्तर्गत सेमिनार और वर्कशाप व अन्य गतिविधियों को कराये जाने पर मंत्रणा की गई। कुलपति ने समस्त को निर्देशित किया कि फरवरी व मार्च में जो भी शैक्षिक गतिविधियां संचालित कराई जानी है उसका सम्पूर्ण प्रस्ताव शीघ्र ही साफ्ट कंपोनेंट के प्रभारी प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल को उपलब्ध कराये जिससे पत्रावली को आगे बढ़ाया जा सके। इसके अलावा कुलपति ने सभी को निर्देशित किया कि समस्त शैक्षिक गतिविधियां जेम माध्यम से होनी है। इसलिए सभी प्रस्तावों को बढ़ाने में शीघ्रता लाये। इस संबंध में पहले भी समस्त को सूचित किया जा चुका है। इस बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 अजय प्रताप सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 गंगाराम मिश्र, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, पीएम उषा के समन्वयक डॉ0 पीके द्विवेदी, डॉ0 विनोद चैधरी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

- कुलपति ने साफ्ट कंपोनेंट के पैरामीटर को लेकर समस्त संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

# किसानों ने एक सप्ताह के भीतर न्याय न मिलने पर एसडीएम के समक्ष आत्मदाह की दी चेतावनी

जिला संवाददाता(vol)

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिरखौली के किसानों कि भूमि गाटा संख्या-112 स/0.400 हे. 112 अ. स/0.081 हे. किसान मंहगू राम रैदास,सुन्ने रैदास के नाम खतौनी में दर्ज है जो ग्राम पंचायत पिरखौली में स्थित है। भूमि पर किसान अब तक काबिज एवं दाखिल थे।

लेकिन अब रिलायंस कंपनी किसानों की भूमि को जबरदस्ती कब्जा कर बिल्डिंग निर्माण कर रही है। जिसका कार्य रात दिन चल रहा है किसानों के कई बार प्रार्थना पत्र देकर अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद उप-जिलाधिकारी,सीओ सदर,थाना अध्यक्ष रौनाही,रुदौली आदि ने मौके पर जा कर पैमाइश कर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को रोकते हुए भूमि पर रखे मिटीयल को 4 जनवरी 2025 तक हटाने का आदेश दिया था। लेकिन अब तक रिलायंस कम्पनी ने नहीं हटाया। किसानों नें समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि अब जबर दस्ती प्रार्थीगण कि भूमि पर रिलायंस कम्पनी दीवाल का निर्माण कर रही है।

दिनांक-31/01/2025 को किसानों ने मौके पर जाकर वहां पर उपस्थित रणधीर कुमार एवं अशोक सैनी से निर्माण कार्य रोकने को कहा तो वह लोग उग्र हो गये और जाति सूचक शब्दों से भद्दी भद्दी गालियाँ देने लगे। कहा कि मेरी इतनी बड़ी कंपनी है। तुम कुछ नहीं कर पाओगे। तुम लोगों के ऊपर फर्जी मुकदमा लिखवा कर जेल भेजवा दूंगा। वह कुछ नहीं करेंगे चाहे जितनी मेरी शिकायत करो तुम लोग कुछ नहीं कर पाओगे किसान अत्यंत गरीब एवं मजदूरी पेसा व्यक्ति हैं।अगर भूमि चली गई तो किसानों का परिवार भुखमरी के कगार पर होगा किसानों ने चेतावनी देते हुए बताया है कि अगर एक सप्ताह के अंदर प्रशासन रिलायंस कम्पनी से भूमि को अबैध कब्जा मुक्त नहीं कराती है।तब किसान मजबूर होकर परिवार सहित उप-जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे।

- सरकार किसान मजदूर हित की बात करती है लेकिन बड़ी कंपनियां किसानों का उत्पीडन कर रहीं हैं
- भूमि पर रखे मिटीयल को 4 जनवरी 2025 तक हटाने का आदेश दिया था

# अंतर्जनपदीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में बहराइच ने मारी बाजी



**बहराइच।** पुलिस लाइन परिसर बहराइच के परेड ग्राउण्ड में आयोजित गोरखपुर जोन की 12वीं अन्तर्जनपदीय आर्चरी महिला/पुरूष प्रतियोगिता-2025 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस नगर रामानंद कुशवाहा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ कैसरगंज रवि खोखर, मिहींपुरवा के हीरा लाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, पीटीआई राजेश सहित पुलिस बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी तथा खेल प्रेमी मौजूद रहे। पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार व जीत मायने नहीं रखती है। डीएम ने कहा कि खेल के मैदान हमें हार कर जीतने की सीख देते हैं जिसका ज्ञान किसी पुस्तक के माध्यम से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि तीरअंदाजी का खेल भारत की माटी में रचा बसा है।

आर्चरी का उल्लेख महाभारत काल से पूर्व भी मिलता है। डीएम ने खिलाड़ियों को सीख दी कि हार जीत से ज्यादा गुड स्पोर्ट्स मैन स्प्रिट को महत्व दें। डीएम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों की मेधा को निखारने में सफल होगी। इस अनुभव के सहारे आप प्रदेश, देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेंगे।

पुरूष वर्ग की 30 मी. रेंज में बहराइच के पीटीआई ज्ञानेश्वर तिवारी, सिद्धार्थनगर के चन्द्रिका श्रीवास्तव व देवरिया के प्रभात कन्नौजिया, 50 मी. में सिद्धार्थनगर के चन्द्रिका श्रीवास्तव, बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी व संजीय कुमार मिश्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम चैम्पियन शिप में बहराइच के ज्ञानेश्वर तिवारी, जान मोहम्मद, संजीव कुमार मिश्र व गिरजाशंकर तथा सिद्धार्थनगर, चन्द्रिका श्रीवास्तव, विनोद कुमार व अजीत यादव ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग की 30 मी. रेंज में देवरिया की आरक्षी कशिश सोनकर, बहराइच की शशि पटेल व लक्ष्मी यादव, 50 मी. रेंज में देवरिया की कशिश सोनकर, बहराइच की शिखा श्रीवास्तव व गोण्डा की रचना कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

टीम चैम्पियनशिप में बहराइच टीम की शचि पटेल, अनुप्रिया शुक्ला, अंजली शुक्ला व लक्ष्मी यादव ने प्रथम तथा देवरिया की कशिश सोनकर, मीना, अंजली पाण्डेय व शीला सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल व स्कोरर के रूप में अभिमन्यु सिंह, रंजीत कुमार, सूरज वर्मा, विष्णु दयाल, वीरभद्र त्रिपाठी, प्रज्ज्वल त्रिपाठी तथा मेडिकल स्टाफ के रूप में मुख्य फार्मासिस्ट अरविन्द शुक्ला द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान आरक्षी आरक्षी प्रशांत कुमार पाण्डेय द्वारा उदद्योषक की भूमिका का निर्वहन किया गया।

अन्तर्जनपदीय आर्चरी (तीरंदाजी) महिलाध्पुरूष प्रतियोगिता-2025 में गोरखपुर जोन के 11 जनपदों में से गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा व बहराइच कुल सात जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शेष कुशीनगर, बस्ती, बलरामपुर व श्रावस्ती की टीमें अपरिहार्य कारणों से प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकीं।

- डीएम के हाथों सम्मानित हुए खिलाड़ी

# सपा महिला प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**अयोध्या।** रविवार को सपा महिला प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव व महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल ने शहनवां गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की व दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महिला प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव ने कहा कि दलित परिवार की बेटी 3 दिन से गायब थी परिवार के लोग प्रशासन के चक्कर लगाते रहे लेकिन प्रशासन ने कोई मदद नहीं की, बिटिया के दोनों हाथ पैर बांधकर नग्न अवस्था में शव मिला है उसकी दोनों आँखें फोड़ दी गई है उसके साथ दुर्दांत व्यवहार हुआ है। जब प्रशासन को परिवार ने 3 दिन पहले सूचना परिवार द्वारा दी गयी थी तो अगर प्रशासन ने ईमानदारी से अपना कार्य किया होता तो शायद बिटिया के साथ ऐसी घटना न होती और बिटिया जीवित रहती,हम प्रशासन से मांग करते है कि जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्यवाही करे तथा परिवार को 1 करोड़ रुपए मुआवजा दे, महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल ने कहा कि ये बहुत ही दुखद घटना है, आज भाजपा सरकार में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं अपराधी निडर होकर इस तरह के कामों को अंजाम देते हैं,हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो भी पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरते हैं और दोषी हैं, उनके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए,परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिया जाए इस मौके पर सपा की वरिष्ठ महिला नेता व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रही ।

## पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**अयोध्या।** सहनवा गांव में दलित युवती के साथ हैवानियत व विभत्स तरिके से हत्या किया गया यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। रविवार को कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बिटिया के परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त किया और यह भरोसा दिलाया की जब तक बिटिया के साथ न्याय नहीं होगा दोषियों के साथ सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं होगी कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से पीड़ित परिवार के साथ है प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से नि जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव नि महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर, फूलचंद यादव, सहाब दीन , गंगाराम यादव,दीप कृष्ण वर्मा आदि शामिल रहे।

# दलित बेटी से दरिंदगी पर फफक-फफक रो पड़े सांसद



**अयोध्या।** एक दलित बिटिया को निर्वस्त्र कर रेप और हत्या जैसी दरिंदगी देखते हुए लोगों की रूह कांप गई है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए सपा के अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने रविवार पूर्वाह्न स्थानीय होटल सभागार में प्रेसकांफ्रेन्स आयोजित कर वाक्ये की जानकारी देते देते फफक पड़े। तेज आवाज में रो रहे सांसद को देखकर पत्रकारों समेत प्रेसकांफ्रेन्स में बैठे सपा के पदाधिकारी भी भौचक रहे। सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यमंत्री तेजनारायण पांडेय पवन और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने उनको ढ़ांढस बधाते रहे। किसी तरह से प्रेसवार्ता पूरी करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि बिटिया को न्याय नहीं दिला सका तो लोकसभा से इस्तीफा दे दूंगा।सांसद अवधेश प्रसाद पत्रकार वार्ता में रोते रोते हालात बयां किया। कहा कि अयोध्या की जनता ने उनको अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपते हुए लोकसभा भेजा था। जिसे पूरा करने में वह नाकाम रहे हैं। इतना बताते-बताते पहले उनका गला भर आया फिर फफक फफक रोने लगे। कहा कि अगर बिटिया को इंसाफ नहीं दिला पाये तो फिर उस जिम्मेदारी का क्या मतलब जिसे अयोध्या की जनता ने उनको चुनकर लोकसभा में भेजा है। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने उनको ढ़ांढस बधाते हुए कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। पार्टी बिटिया को इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ेगी। सांसद अवधेश प्रसाद ने बताया कि घटना अयोध्या नगर निगम के सरदार पटेल वार्ड के सहनवा में हुई है। दलित बिटिया की हत्या हैवानियत को भी शर्मा ने वाली है। दिल्ली के निर्भया कांड से कई गुना अधिक वीभत्स है।

पुलिस का एक भी अधिकारी अभी तक पीड़ित परिवार से नहीं गया। तीन दिन पहले दलित पारिवार की बिटिया लापता हुई थी। पुलिस को बताया गया कोई सुनवाई नहीं की जिसका नतीजा शनिवार को उसका निर्वस्त्र शव मिलना रहा।प्रेसकांफ्रेन्स के दौरान अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने शव मिलने पर उसके हालात भी बताया। कहा कि जिस समय शव नाली में मिला है। उस समय दोनों हाथ व पैर बंधे थे। आंख फोड़ दी गई थी। स्तन कटे व शरीर पर चोट के गम्भीर निशान रहे। सांसद अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि हिंदू रीति रिवाज से दाह संस्कार न करके परिवार की मौजूदगी में जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर पुलिस की अभिरक्षा में दफनाया गया। प्रदेश पुलिस ने ठीक उसी तरह से किया जैसे हाथरस की बिटिया का शव दफनाने में किया। वह उसे समय स्वयं मौजूद रहे जब पुलिस जीडीपी से गड्ढा खोदवा रही थी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ट्वीट का हवाला दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी व एक पीड़ित परिवार को एक करोड रुपये देने की मांग की।

# फ्लेक्सी योजनाओं की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**बहराइच।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित फ्लेक्सी योजनाओं की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत कम आवेदन कराने तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अग्रिम आदेशों तक नगर पालिका परिषद बहराइच को छोड़कर जनपद के शेष सभी अधिशासी अधिकारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के निर्देश दिये।

डीएम द्वारा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वेण्डरों के माध्यम से शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को पीएम सूर्य घर योजना से आच्छादित कराया जाय। ग्राम पंचायतों में सूर्य सखी की नियुक्ति के सम्बन्ध में उपायुक्त एन.आर.एल.एम. को निर्देश दिया कि महिला स्वयं सहायता समूह की हाईस्कूल उत्तीर्ण सक्रिय महिला सदस्य का सूर्य सखी के रूप में चयन कर चयनित महिलाओं की सूची परियोजना अधिकारी नेडा को उपलब्ध करा दी जाय। डीएम ने कहा कि चयनित सूर्य सखियों को प्रशिक्षण दिलाया जायेगा ताकि वे ग्राम पंचायत में सोलर पैनल की मरम्मत का कार्य कर सकेंगी जिससे महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तथा योजना से आच्छादित व्यक्ति को घर बैठे ही सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा के दौरान प्रगति खराब पाये जाने पर डीएम ने राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जिले में गठित 86 कृषक उत्पादक संगठनों के निदेशकों को निर्देश दिया कि अपने सदस्य किसानों के सहयोग से आस-पास के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति में सुधार हो सके। समीक्षा में पाया गया 08 से 10 एफपीओ को छोड़कर अन्य कृषक सदस्यों द्वारा रजिस्ट्री नहीं करायी जा रही है।

इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि आगामी किसान दिवस में सभी निदेशक फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के साथ आयेंगे। डीएम द्वारा सभी एफपीओ से अपेक्षा की गई कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में हर संभव सहयोग प्रदान कर जिले की प्रगति में सुधार लाने का प्रयास करें। डीएम ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्मिकों एवं एफपीओ किसी अपरिहार्य परिस्थितियों के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। सीएम युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा व लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि आकांक्षी जिले के अधिक से अधिक इच्छुक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। डीएम ने कहा कि आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य क्षेत्रों में पूर्व से कार्य कर रहे युवक-युवतियों को जागरूक कर उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाय। डीएम ने सुझाव दिया कि शिविर आयोजित कर लक्षित वर्ग को योजना के लिए जागरूक भी किया जाय।

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम गति शक्ति योजना जिसे मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान भी कहा जाता है, कि समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बहु-मॉडल नेटवर्क बनाने के लिए यह योजना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह योजना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है इसे शासन की मंशानुरूप लागू किया जाय। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये गये कि योजना का क्रियान्वयन न करने वाले विभागों की सूची तैयार की जाय।

बैठक के दौरान डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना से आच्छादित कराया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने गो संरक्षण एवं संवर्द्धधन कोष का खाता खोले जाने की प्रगति एवं फण्ड निर्गमन की स्थिति, आर.एफ., सी.आई.एफ., की एफ.डी.एम. पर फीडिंग की प्रगति, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक, संस्कृत विद्यालयों के प्रस्ताव प्रेषित किये जाने, पीएम श्री विद्यालयों के क्रय व निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्ब्न्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमारस्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

- किसान दिवस में सभी निदेशक फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के साथ आयेंगे

# उद्योगपति राजेश अग्रहरी ने भाजपा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क



जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मतदान की तारीख ज्यो ही नजदीक आ रही है, पार्टियां मतदाताओं को रिझाने में एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में मतदान प्रचार के लिए प्रदेश के जाने-माने मसाला व्योसाई राजेश अग्रहरी भी मिल्कीपुर चुनाव प्रचार में उतर चुके हैं , क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में पहुंच कर व्यापारियों से दुकानों पर जाकर सघन जनसंपर्क किया तथा उन्हें व्यापारियों का समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। अमेठी जिले के मसाला व्योसाई जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने भाजपा प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था पर महत्वपूर्ण बयान दिया। अग्रहरि ने कहा कि योगी सरकार अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने सुल्तानपुर में हुई 8 करोड़ की डकैती का उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ लोगों ने जातिगत आधार पर अपराधियों को बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों की रैकी का वीडियो सामने आने के बाद उनके समर्थकों की बोलती बंद हो गई। पिछली सरकारों की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि 2007 से 2017 के बीच कोई भी बाजार लूट, डकैती या हत्या से अछूता नहीं था। लेकिन वर्तमान सरकार में अपराध होने के 24 से 48 घंटे के भीतर कार्रवाई होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब पुलिस को भी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की पूरी छूट है। व्यापारी नेता ने कहा कि व्यापारी समाज विकास और सुरक्षा चाहता है। विकास कार्यों से प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी हरकेश श्रीवास्तव, सियाराम अग्रहरि और दिनेश कौशल सहित अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहे।

संक्षेप

## तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उनि# रावेन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 59/24 धारा 418, 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि थाना कमरौली जनपद अमेठी में वांछित 3 नफर अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र रामशंकर निवासी मंगरौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 35 वर्ष, रामनरायण मौर्या पुत्र जगजीवन मौर्या निवासी म.नं. - सी 7 सेक्टर 5 UPSIDC कालोनी कठौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र 52 वर्ष, कमरुद्दीन पुत्र मोइनुद्दीन निवासी मंगरौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 41 वर्ष को मंगरौरा बस स्टाफ के पास से समय करीब 11:45 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, दंपति घायल

**बछरावां, रायबरेली।** रविवार शाम चूरूवा पश्चिम गांव बायपास मार्ग पर इसिया गांव के पास अनियंत्रित वैगननार कार ने एक साइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार हरिश्चंद्र पुत्र भिखारी व उनकी पत्नी गंगाजली निवासी रामपुर समोधा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया जहां दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं कार सवार कार समेत नहर में कूद गए। पर गनीमत रही कि चालक सुरेंद्र प्रकाश पुत्र वीर प्रकाश निवासी अजराइल खेड़ा बाल बाल बच गया। जिसे कार से ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## महिला से चेन और मंगलसूत्र छीनकर लुटेरे हुए फरार

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर के व्यस्ततम बाजार बेहटा चैराहा और गांधी चैराहा के बीच लूट की घटना हुई है। बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला को शिकार बनाते हुए उसके गले से सोने की चेन व मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गये। मामले में पीड़ित महिला रीता शर्मा पत्नी आशीष कुमार ने बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट की है। महिला ने बताया कि वह दोपहर 2 बजे बेंहटा चैराहे से गांधी चैराहे की तरफ अपने ससुर रमाशंकर शर्मा के साथ पैदल जा रही थी। तभी सतगुरु ट्रेडर्स के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने उसके गले से चेन और मंगलसूत्र झपट लिया और गांधी चैराहे की तरफ भाग निकले। दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से पुलिस महकमा सकते में आ गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, लालगंज कोतवाल संजय कुमार सिंह सहित सरेनी कोतवाल शिव शंकर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना के बाबत जरूरी पूछताछ करते हुए जल्द से जल्द बदमाशों के पकड़ने की बात कही। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, प्रतीक शर्मा, कौशलेंद्र कंचन आदि व्यापारी नेता मौके पर पहुंचे और महिला को सांत्वना देते हुए पुलिस से मामले के जल्द से जल्द खुलासा किए जाने की मांग की।

# बसंत पंचमी पर आयोजित हुई घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता



**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** बल्दीराय के भवानी शिवपुर गांव के निकट गोमती नदी के तट लगने वाला प्रसिद्ध प्राचीन मेले की शुरूआत आज बसंत पर्व से घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता के साथ शुरू हो गई है। यह मेला बसंत पर्व से शुरू होकर पूरे एक माह से अधिक तक चलता है। मेले में जनपद के अलावा अयोध्या, प्रतापगढ,.जौनपुर, अमेठी, रायबरेली जनपद के घोड़े दौड़े। जनपद सुलतानपुर का बल्दीराय ब्लॉक के रानी दुगार्पुर गांव के निवासी प्रदीप तिवारी का घोड़ा प्रथम रहा। द्वितीय स्थान पर बद्रीनाथ यादव जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव का घोड़ा प्रतापगढ़ जनपद के स्वरा एजाज अहमद द्वारा घोड़ा दौड़ाया गया। प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शकों की भीड़ लगी रही। मेले में उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान आगरा, बनारस लखनऊ, कानपुर, आदि स्थान की आसमानी झूला, मौत का कुआं सर्कस बच्चों के खेलने वाले खिलौने, मिठाई रुदौली की पपड़ी आगरा का पेठा लकड़ी की फर्नीचर लोहे के बक्से की दुकान सज गई है। मेले में आने वाले जायरीनों जहां दांता करीम शाह बाबा व यालादि शाहिद बाबा के दरगाह पर माथा टेकते हैं। तो वही मेला परिसर में ही स्थित बजरंगबली के मंदिर व शंकर भगवान के शिवलिंग पर प्रसाद चढ़ाना नहीं भुलते हैं। इस तरह हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। दांता करीम शाह बाबा धूनी का मेला धूनी मेला प्रबंधक राकेश जोशी ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बल्दीराय थाना के सहयोग से मेला परिसर में ही अस्थाई पुलिस चैकी निर्मित है। जिसका संचालन पारा बाजार चैकी इंचार्ज चंद्रशेखर सोनकर द्वारा किया जा रहा है। पूरे मेला परिसर में विद्युत लाइट व पेयजल पानी की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

### वसंतोत्सव पर माँ सरस्वती की पूजा कर किया भंडारे का आयोजन

**भेटुआ (अमेठी)।** वसंतोत्सव का पर नई ऋतू आने का संकेत देता है। क्षेत्र में कई जगह इस अवसर पर लोग माँ सरस्वस्ती की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। क्षेत्र के टिकरी गाँव स्थित शिवकुटी पर वसंतोत्सव पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम चरित मानस पाठ का आयोजन गाँव के लोगो ने किया है। शिवकुटी के संचालक शिवदुलारे सिंह उर्फ दादा ने बताया की पिछले दस वर्षो से इस मौके विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जो इस बार भी होगा। इस भंडारे में लोगो को प्रसाद वितरित किया जायेगा।

## परती खेत में विस्फोट से पड़वे का जबड़ा उड़ा, ग्रामीणों में दहशत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रविवार दोपहर स्थानीय थाना क्षेत्र के मलवा ग्राम पंचायत के करौदी गाँव के एक परती खेत में चरते समय एक पड़वे के मुख तेज धमाके के साथ उड़ गया। आसपास पशु चरा रहे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पशुपालक ने स्थानीय थाने पर नामजद शिकायत दी है।

रविवार दोपहर मलवा गाँव के भुलेसर अपने पशुओं को चरा रहे थे। 3 बजे के करीब उनका 3 वर्षीय पड़वा गाँव के कोटेदार बनारसी के परती खेत में चर रहा था। तभी अचानक तेज धमाका हुआ। लोग मौके पर पहुँचे तो देखा कि पड़वे के मुख का निचला जबड़ा उड़ गया है और तेज रक्तस्राव हो रहा है। पशुपालक भुलेसर ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे पुलिस कर्मियों ने मामले की जांच की।

ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार बनारसी अक्सर खेतों में हथगोले रखता है। कई बार लोगों ने उसे माना किया, लेकिन वह मानता नहीं। देरशाम उपनिरीक्षक बुद्धीलाल ने मौके पर जाकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। आरोपी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र के कटसारी गांव में रविवार को फैली पाइप को हटाने को लेकर हुए विवाद में पिता पुत्र पर विपक्षियों ने हमला कर दिया। गांव निवासी सत्येंद्र मिश्र (46) और उनके पड़ोसी दीपक मिश्र से पाइप हटाने को लेकर दोपहर लगभग एक बजे विवाद हो गया। आरोप है कि दीपक मिश्र ने असलहे के बट से उनके ऊपर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। बीच बचाव करने पहुंचे उनके पुत्र ऋतिक मिश्र (24) के ऊपर दीपक ने गोली चला दी। गोली ऋतिक के गाल के पास लगी। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटना की जांच की जा रही है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। जांच के उपरांत तहरीर मिलते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर बेटे ने की गौ सेवा



**महराजगंज, रायबरेली।** पिता की प्रथम पुण्यतिथि को बेटे ने एक अलग प्रकार से मनाकर जहां पिता को श्रद्धांजलि दी तो वहीं समाज को एक संदेश देने का भी काम किया है। बेटे ने गौ आश्रय स्थल में जाकर गौवंशों की सेवा की और उन्हें केला और गुड़ खिलाया। बता दें कि कस्बे के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार रहे स्वर्गीय सुभाष पांडेय का पिछले वर्ष हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। रविवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि के दौरान लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्वर्गीय सुभाष पांडेय के छोटे बेटे सुयश पांडेय ने पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर जहां उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी तो वहीं कस्बा स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल पर पहुंचकर गौवंशों को केला और गुड़ खिलाते हुए उनकी सेवा की। इस दौरान सुयश पांडेय ने कहा कि गौवंशों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है, हिंदु धर्म में गाय को मां का स्थान दिया गया है, और इसीलिए इनकी पूजा की जाती है। सभी को गायों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए माता, पिता गाय, की जिस घर में सेवा होती है, और उन्हें पूजा जाता है, वह घर किसी तीर्थ से कम नहीं होता वहां देवताओं का वास होता है। वहीं स्व पांडेय की पुण्यतिथि पर पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, प्रेस क्लब संरक्षक बाल किशोर त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, पत्रकार शिवाकांत अवस्थी, पूर्व सभासद विजय धोनी, एडवोकेट सत्य प्रकाश मिश्रा आदि ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ई-रिक्शा पलटने से बच्चे का पैर टूटा आधा दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें

**रायबरेली।** गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र में गायत्री मेला देखने जा रहे यात्रियों से भरा ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से पलट गया। हादसे में कहुआ गांव के एक 12 वर्षीय बच्चे के पैर की हड्डी टूटकर बाहर आ गई। जानकारी के अनुसार जब मोनू अपने 5-6 साथियों के साथ ई-रिक्शा से गायत्री मेला देखने जा रहा था। यात्रियों की चेतावनी के बावजूद चालक तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था। खगिया खेड़ा काली मंदिर के पास ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घायल बच्चे को उसकी बहन और ई-रिक्शा चालक ने 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा पहुंचाया। वहां डॉ. अश्विनी कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोटों को देखते हुए मोनू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के बाएं पैर की हड्डी टूटकर बाहर आ गई है।

## मारपीट में घायल रामकिशन पासी की 11 दिन बाद हुई मौत

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के गौरा रुपई गांव में जमीनी विवाद को लेकर 22 जनवरी को दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल रामकिशन पासी की मौत हो गई है। रविवार को सुबह मृतक के पुत्र राम किशोर अपने पिता के शव को लेकर लालगंज कोतवाली पहुंचे जहां प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मामले में कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कड़ी कार्यवाही किए जाने का परिजनों को भरोसा दिलाया है।

उल्लेखनीय है कि गौरा रुपई में एक ही बिरादरी के दो पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा था। 22 जनवरी को दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई थी। घटना में गंभीर रूप से घायल रामकिशन पासी ने गांव के ही अशोक पुत्र छोटेलाल, सचिन पुत्र अशोक, सोनी पुत्री अशोक, केशाना पत्नी अशोक के ऊपर जबरन उनकी भूमि पर शौचालय का निर्माण कराने और मना करने पर धारदार हथियारों से हमला करने की शिकायत पुलिस से की। घटना में रामकिशन, रद्धन सोनू, रेनू देवी और रवि गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 11 दिन इलाज के बाद रामकिशन की मौत हो गई है। घटना को लेकर लालगंज पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मामला भी दर्ज किया था। गंभीर रूप से घायल राम किशन का इलाज पहले लालगंज और रायबरेली के जिला अस्पताल में हुआ था। उसके बाद डॉक्टरों ने उसे संजय गांधी रेफर कर दिया था लेकिन मृतक के परिजनों का कहना है कि वहां पर डॉक्टर ने उनके पिता को भर्ती नहीं किया जिसके कारण वह अपने पिता की जान बचाने के लिए प्राइवेट अस्पताल टेंडर प्लाम हॉस्पिटल ले गए थे जहां पर इलाज चल रहा था। रविवार सुबह 4बजे डॉक्टर ने कह दिया कि अब इनको घर ले जाओ बचने की उम्मीद नहीं है। हम लोग उन्हें लेकर के घर वापस आ रहे थे तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कानून सम्मत कार्यवाही की जाए। वहीं घटना में नामजद अशोक और सचिन को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## टैलेंट हंट में शैल्वी व अरनव रहे अव्वल



**सुलतानपुर (वीओएल)।** शहर के सनबीम स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर टैलेंट हंट नाम से आयोजित डांस,फैंसी ड्रेस व सिंगिंग प्रतियोगिता में दरियापुर दल ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली कक्षा चार की छात्रा शैल्वी शुक्ला व कक्षा दो के छात्र अरनव शुक्ला ने प्रथम स्थान क्रमशः डांस व फैंसी ड्रेस में प्राप्त किया। उक्त बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित जन समूह का मन मोहते हुए खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर संगठन के चेयरमैन विकास राव, सहायक चेयरमैन मो. शाहिद, सुधीर कुमार सिंह, श्रद्धा सिंह, अद्विक सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रधान की शिकायत के बावजूद ऊसर भूमि पर हो रहा है अवैध निर्माण

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज नगर के साकेत नगर स्थित ऊसर भूमि के कीमती भूखंड पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में भी ग्राम प्रधान अमित कुमार ने जिलाधिकारी से की थी लेकिन लेखपाल के द्वारा मामले में कोई कार्रवाई न करने के चलते रविवार को भी निर्माण कार्य चल रहा था। निर्माण कार्य चलने पर सुबह एक्सप्रेस लेखपाल अनूप को बताया गया लेकिन काम बदस्तूर चलता रहा। ग्राम प्रधान अमित कुमार उर्फ बच्चा लाल का कहना है कि लेखपाल की लापरवाही से कीमती भूखंडों पर कब्जा हो रहा है। वही मामले की शिकायत मोबाइल पर एसडीएम से भी की गई है। एसडीएम ने कहा कि अगर ऊसर भूमि पर निर्माण हो रहा है तो काम बंद कराया जाएगा। साथ ही कार्रवाई भी होगी।

## कार पलटी, सास-बहू घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे झारखंड रांची निवासी की कार शनिवार रात हादसे का शिकार हो गई। घटना अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चैकी के थोड़ी दूर पर हुई। जहां कार के चालक को झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में झारखंड के रांची निवासी स्वीटी सिंह 38 और उनकी सास बॉबी देवी 55 गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए जिनमें एक बच्ची भी थी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे पुलिस द्वारिकागंज चैकी इंचार्ज द्विवेश त्रिवेदी ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भिजवाया, जहां उनका इलाज किया गया।

## लघु अश्वमेध यज्ञ स्थल पर गायत्री महामंत्र जप प्रारंभ

**अमेठी।** युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वसंत पंचमी के अवसर पर मार्च में आयोजित राष्ट्र जागरण 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के यज्ञ स्थल पर गायत्री महामंत्र जप प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक यज्ञ स्थल पर जप का कार्यक्रम 18 मार्च तक निरंतर चलता रहेगा। इसके पूर्व गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा ने विधि विधान के साथ यज्ञ कर्म संपन्न कराया। परम पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक बोध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गुरुसत्ता को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए लघु अश्वमेध यज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया। जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने अपने संबोधन में सभी का आवाह्न करते हुए लघु अश्वमेध यज्ञ में समय दान, अंश दान, अन्न दान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विगत सितम्बर माह से अमेठी के गाँव-गांव में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता पहुँच रहे हैं और लोगों को यज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। उक्त कार्यक्रम में सुभाष चंद्र द्विवेदी, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. विजय लक्ष्मी सिंह, अखिलेश पांडेय, डॉ. आरपी सिंह, अरविंद सिंह, अशोक बरनवाल, अशोक कुमार मिश्रा, रमेश सिंह, महेश बरनवाल, घनश्याम वर्मा, सत्यम अग्रहरि, अविनाश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



**रायबरेली।** परम पूज्य गुरुदेव के आध्यात्मिक जन्मोत्सव बसन्त पर्व के पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ रायबरेली पर आज विद्यारंभ संस्कार-126, दीक्षा संस्कार-51, पुंसवन संस्कार-02, नामकरण संस्कार-02, अन्नप्राशन संस्कार-02, यज्ञोपवीत संस्कार-12, मुंडन संस्कार -02 आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ नारी शक्ति द्वारा संचालित एवं नियंत्रित किया गया। यज्ञशाला प्रभारी शशी तिवारी एवं 16 बहनों की टीम ने प्रभावी तरीके से यज्ञ संपन्न कराया। मंच संचालन, उद्बोधन तथा संगीत मीना सिंह के नेतृत्व में सुधा तिवारी, पूनम शर्मा ने संपन्न किया। माँ भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी समारोह एवं पडोसी जनपद अमेठी में संपन्न हो रहे 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में समयदान अंशदान का आवाहन किया गया जिसमें परिजनों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी करने का संकल्प लिया। आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी का काउंटर लगाया गया जिसका संचालन बहन सविता श्रीवास्तव, ऊषा गुप्ता, रेनू टंडन के द्वारा किया गया। साहित्य विस्तार पटल के द्वारा पर्याप्त मात्रा में सभी परिजनों को आवश्यक साहित्य एवं सामग्री शांति कुंज मूल्य पर उपलब्ध करायी गयी।

हरीकान्त शर्मा के नेतृत्व में कमल बाजपेयी, गिरीश श्रीवास्तव, एसपी सिंह, जयशंकर सिंह आदि के द्वारा ब्रह्म भोज साहित्य आधे मूल्य पर उपलब्ध कराया गया जिसको परिजनों द्वारा व्यापक रूप में प्रसाद स्वरूप खरीदा गया। संपूर्ण कार्यक्रम का प्रबंधन वीबी सिंह, आरसी श्रीवास्तव, हनुमत वीर पांडेय, रामशंकर वर्मा आदि के द्वारा किया गया। भोजन भंडारे का प्रबंधन राधेश्याम वर्मा कृतंजय मौर्य एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में हजारों परिजनों ने भागीदारी किया और कार्यक्रम में संपन्न हुए भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## भारत की अर्थव्यवस्था को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा बजट

**भेटुआ, अमेठी।** सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट देश मे गरीबों, किसानों और मध्यम वर्ग के लिए खुशहाली भरा है। बजट में मध्य वर्ग, मध्यम वर्ग और किसानों के लिए राहत दी गई है। हर बार के बजट से अलग इस बजट की खास बातों को लेकर लोगो में खुशी है। खासकर मध्यमवर्गीय लोग इस बजट में अपनी तंगहाली से दूर खुशहाली तलाश रहे हैं। बजट पेश होने के पहले इस बजट को लेकर लोग अपनी अपनी राय व्यक्त कर रहे थे लेकिन शनिवार को पेश हुए आम बजट से लोग खुश नजर आए। इस बजट को लेकर क्षेत्र के मठिया रिसाल गिरि भीमी के वरिष्ठ शिक्षक एवम अर्थशास्त्री डॉ घनश्याम द्विवेदी ने इस बजट को लेकर अपनी राय व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि यह बजट सबके लिए राहत भरा है,किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड की ऋण राशि मे बढ़ोतरी की गई है जिसके कारण किसान अब पहले की तुलना में अधिक लाभकारी कार्य कर सकेंगे। नई योजना से पशु पालकों को सीधा लाभ मिलेगा। जीवन रक्षक दवाओं के सस्ते हो जाने से हर वर्ग के लोंगो को राहत मिली है। नौकरी पेशा लोंगों को आय कर में राहत देकर सरकार ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। इससे वेतनभोगी कर्मियों को राहत मिली है। हर जिले में कैंसर डे केअर सेन्टर खोलकर सरकार ने तेजी से फैल रही इस गंभीर बीमारी से लड़ने के लिए प्रभावी पहल प्रारम्भ किया है जो जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम है। बजट में पांच लाख महिलाओं और अनुसुचित जाति तथा जनजाति श्रेणी के उद्यमियों को 5 साल की अवधि के लिए टर्म लोन की व्यवस्था करके सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बजट में महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए भी प्रभावी प्रयास किये गए हैं। वीमा, विज्ञान एवं कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए बजट में किये गए प्रावधान स्वागत योग्य हैं। कुल मिलाकर केंद्रीय बजट 2025-26 भारत की अर्थव्यवस्था को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## गौरव को मिली पीएचडी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** गौरव मिश्र पुत्र सुशील चंद्र मिश्र निवासी कूरेभार को चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर से सब्जी विज्ञान विषय से पीएचडी की उपाधि मिली। जिससे क्षेत्र व परिजनों में खुशी की लहर व्याप्त है। इनका शोध कार्य का शीर्षक टमाटर में गर्मी से तनाव सहनशीलता के लिए अनुवांशिक और आणविक विश्लेषण रहा। गौरव का शोधकार्य भारत के इकलौते वेजिटेबल रिसर्च इंस्टीट्यूट भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी से हुआ। कानपुर के एडवाइजर डॉ. पी.के सिंह डीन कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर व डायरेक्टर ऑफ रिसर्च, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर तथा को-एडवाइजर प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नागेंद्र राय (डायरेक्टर) भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जागेश कुमार तिवारी, डॉ. आर. बी सिंह तथा डॉ. राजीव के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। सभी शिक्षकों और बैज्ञानिकों ने गौरव को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। डा. गौरव मिश्र ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों तथा परिजनों को दिया।



## तालाब में गिरने से मासूम की मौत

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। खेलते समय तालाब में गिर जाने से एक बच्चे की मौत हो गई। रविवार को सुबह लगभग 08:00 बजे कोतवाली क्षेत्र के भीटी पहाड़पुर के महेंद्र कुमार के पुत्र यशवन्त (2) घर के पीछे स्थित तालाब के पास खेल रहे थे। खेलते समय अचानक तालाब के पानी में चले गए, जिससे डूबने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान में चित्रकला रंगोत्सव का आयोजन

**रायबरेली।** गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान में कैनवस क्लब रायबरेली के तत्वावधान में विशाल चित्रकला रंगोत्सव का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय अपनी कल्पना को कैनवास पर उतारना था। इस प्रतियोगिता को दो संवर्ग जूनियर और सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया था जिसमें जूनियर वर्ग में कुल 83 बच्चे थे तथा सीनियर वर्ग में 92 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी पेंटिंग का अवलोकन करने के उपरांत निर्णायक समिति ने जूनियर वर्ग में 10 शीर्ष प्रतिभागी तथा सीनियर वर्ग से 10 शीर्ष प्रतिभागी का चयन किया गया। जूनियर संवर्ग में अक्षत को प्रथम, नंदिनी को द्वितीय एवं शिखर को तृतीय स्थान एवं सीनियर्स संवर्ग में आयुष को प्रथम, नवीन गौतम को द्वितीय तथा सुष्मिता शुक्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर व सीनियर वर्ग के सभी 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया। प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों से प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल स्वप्निल श्रीवास्तव ने बच्चों को आशीर्वाद दिया व विशिष्ट अतिथियों के रूप में अरविंद श्रीवास्तव, राजीव भार्गव, कृष्ण बिहारी, देवीदास एवं डॉ रवि प्रताप सिंह थे। सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने का शुभाशीष दिया। डॉ रवि प्रताप सिंह ने कैनवास क्लब को ऐसे समय में जब प्रत्येक मानव अवसाद में जी रहा है, में जीवन में रंगों को भरने के लिए धन्यवाद दिया। कैनवास क्लब के सभी सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक वर्मा कैनवास क्लब द्वारा सभी बच्चों को शुभ आशीर्वाद दिया गया एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में रेल डिब्बा कारखाना ने लिया हिस्सा




**रायबरेली।** भारतीय रेलवे की कोच उत्पादन इकाई आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना राजकोट, गुजरात में 2 से 5 फरवरी तक आयोजित 9वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2025 में अपने कोच मैन्युफैक्चरिंग और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन कर रहा है।

इस इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का उद्घाटन केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की राज्य मंत्री, भारत सरकार निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया ने किया। आरेडिका मंडप पहुंचने पर आरेडिका के उप मुख्य डिजाइन इंजीनियर एसपी गोविल एवं जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने उनका अभिनंदन किया तथा उन्हें आरेडिका द्वारा निर्मित कोचों के बारे में बताया। साथ ही कोच उत्पादन क्षेत्र में हो रहे नवीन तकनीकी बदलावों के बारे में बताया।

इस इंडस्ट्रियल फेयर में आरेडिका की ओर से कोचों में लगने वाले कम्पोनेन्ट की प्रदर्शनी लगाई गई है। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रदर्शनी उद्योग के विशेषज्ञों, व्यवसायियों और आगंतुकों के लिए आरेडिका की तकनीकी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रही है। आरेडिका भारतीय रेलवे की प्रमुख कोच उत्पादन एवं फोर्ज व्हील उत्पादन इकाइ है, जो कोच एवं व्हील निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इस प्रदर्शनी में आरेडिका निर्मित मेमू कोच, मोजांबिक कोच, तेजस कोच, ट्रैक इंस्पेक्शन मॉनिटरिंग कार कोच के मॉडल, इंफोग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किए गए साथ कोच में लगने वाले विभिन्न प्रकार के मदों को भी प्रदर्शित किया गया जिसमें भारी संख्या में विजिटर आये तथा कंपोनेंट्स की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर उप मुख्य डिजाइन इंजीनियर एसपी गोविल, जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक सामग्री प्रबंधक राजेश कुमार, वरिष्ठ यांत्रिक इंजीनियर अंगद सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार गुप्ता, प्रणीतेश रंजन, आलोक रंजन, परवेज अहमद, जितेंद्र व उनकी टीम ने कोच उत्पादों और नवाचारों की विस्तृत जानकारी आगंतुकों और उद्योग विशेषज्ञों को प्रदान की। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की इस भागीदारी का मुख्य उद्देश्य अपने असाधारण उपलब्धियों को प्रदर्शित करना, उद्योग जगत के साथ नवाचार को बढ़ावा देना और भारत को रेल निर्माण के वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करना है।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की यादों को सहेजेगी भाजपा : उमाशंकर पाण्डेय

**गौरीगंज,अमेठी।** भाजपा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। पूर्व पीएम की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की। उन्होंने कहा शताब्दी वर्ष के दौरान भाजपा पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के यादों को सहेजेंगी। उनके स्मृतियों को संजोकर भाजपा उनके लेख, पत्र, फोटो, ऑडियो व वीडियो का संकलन करेगी। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह के संचालन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजातशत्रु बताया। उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 25 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 25 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला मौजूद रहे।

संक्षेप

## लूट का फर्जी केस दर्ज कराने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 86,650 रुपयों की लूट का फर्जी अभियोग लिखाने वाले को 86,650 रुपयों की बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। वादी सुबोध द्वारा थाना दक्षिण पर सूचना दी गयी कि वह दिनांक 1/2/2025 को निखिल अग्रवाल निवासी छिंगा कचौरी के पास दुली मौहल्ला से 86,650 रुपये लेकर लेबर को बाँटने के लिए श्रीनाथ फैक्ट्री, फैक्ट्री एरिया नगला भाऊ जा रहा था, तो रास्ते में सी0एल0 जैन डिग्री कॉलेज के पास बिना नम्बर प्लेट की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उसको तंमचा दिखाकर उससे 86,650 रुपये लूट कर ले गये। वादी की तहरीर के आधार पर थाना दक्षिण पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। रविवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे समस्त सीसीटीवी0 कैमरों को चैक किया गया जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही थी, वादी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके बयानों में विरोधाभास था जिसमें वादी द्वारा स्वीकार किया गया कि मेरी पत्नी की बिमारी के कारण मेरे उपर 60,000 का कर्ज हो गया था जिससे लालच में मैने निखिल अग्रवाल से लिये गये 86,650 रुपयों को छुपा कर थाना दक्षिण पर लूट की झूठी सूचना दी, पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त सुबोध की निशान्देही पर अभियुक्त के घर से 86,650 रुपयों की बरामदगी की गई पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त सुबोध पुत्र लाखन सिह निवासी ढोलपुरा थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## 4 चोर गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने बाइकचोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से चोरी की पांच बाइक व एक एक्टिवा स्कूटी बरामद की गई। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैंकिंग के दौरान थाना उत्तर फिरोजाबाद तथा थाना दक्षिण पर पंजीकृत चोरों द्वारा चोरी की घटना का अनावरण कर चार अभियुक्त संदीप उर्फ कुलदीप उर्फ चौवा पुत्र भूरी सिंह निवासी सिरगमा थाना जलेसर जिला एटा, अजय पुत्र केशव देव निवासी पवरा थाना जलेसर जिला एटा, सोनू पुत्र पप्पू निवासी रहना थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद, राजू पुत्र सौपाली निवासी महानवई थाना जलेसर जिला एटा को रहना की पुलिया थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 5 बाइक व 01 एक्टिवा स्कूटी बरामद की गयी। पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की है।

## पेंट की दुकान में लगी आग, 10 लाख का माल खाक

**आगरा।** पेंट के चलते आग तेजी से फैली। आसपास की दुकानों को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर एक के बाद एक छह दमकल मौके पर पहुंच गईं। बमुश्किल लपटों पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक मोटा नुकसान हो चुका था। आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सेक्टर-1 में शनिवार रात पेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में गोदाम भी आ गया। सूचना पर पहुंची छह दमकलों ने एक घंटे में काबू पाया। आग से 10 लाख रुपये से अधिक के नुकसान की बात कही जा रही है। दयालबाग निवासी मनोज आनंद की आनंद पेंट के नाम से सेक्टर-1, ट्रांसपोर्ट नगर में दुकान है। मालिक ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे दुकान को बंद किया था।

# जन्मभूमि पर वासंती श्रृंगार में विराजे ठाकुर श्रीकेशवदेव जी



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आज रविवार बसंती पंचमी (02फरवरी 2025) के विशिष्ट पर्व पर बसंत-महोत्सव मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान की विज्ञप्ति के अनुसार जन्मस्थान पर विराजित ठाकुर श्रीकेशवदेवजी महाराज ने दिव्य बसंती वस्त्र धारण कर भक्तों को दर्शन दिये। मंदिर के गर्भ गृह एवं जगमोहन को भव्य बसंती भवन के स्वरूप में सजाया गया। बसंती वस्त्र, पुष्प एवं प्रकाश के सुन्दर संयोजन से बनाये बसंती भवन में विराजमान ठाकुर श्रीकेशवदेव जी के मंदिर की छठा अद्भुद थी। ठाकुरजी के ऐसे मनोहारी दर्शन से स्थानीय श्रद्धालू तो अभिभूत थे ही, देश-विदेश से पधारे हजारों दर्शनार्थी इस अनूठी छठा के दर्शन से अभिभूत हो उठे। बसंत पंचमी के पुण्य अवसर पर श्रद्धालुओं को वृहद मात्रा में पीले बेर, केसरिया चावल, रेबड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही अन्नक्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए नियमित भण्डारे में आज विशेष रूप से पर्व के अनुरूप पकवान एवं व्यंजन श्रद्धालुओं को वितरित किये। ज्ञातव्य है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र भण्डारा सेवा में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुजन भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस विशिष्ट आयोजन में ठाकुरजी के बसंती गुलाल धारण कराया गया एवं दर्शनार्थियों को गुलाल के टीके प्रसादी रूप में लगाकर श्रीकृष्ण जन्मस्थान की प्रसिद्ध होली का शुभारम्भ हो गया।

### वसंत पंचमी पर गालों पर गुलाल लगवाकर भक्तों को दर्शन देंगे बिहारीजी

मथुरा। आज सोमवार बंसत पंचमी से बांकेबिहारी मंदिर में अबीर-गुलाल उड़ेगा। ठाकुरजी इस दिन गालों पर गुलाल लगवाकर भक्तों को दर्शन देंगे। पंचमी से धुलेंडी (होली) तक बिहारीजी को रोजाना गुलाल का प्रसाद लगाकर उसे भक्तों पर बरसाया जायेगा। मंदिर के सेवायत गोस्वामी थाली में प्राकृतिक गुलाल रखकर ठाकुरजी को भोग लगायेंगे और फिर उनके दोनों गालों पर गुलाल लगाकर भक्तों पर बरसायेंगे। मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा, हरीशंकर गोस्वामी ह्वचुनचुनह्व ने बताया कि बसंत पंचमी का श्रृंगार आरती के बाद अबीर गुलाल का बरसाना शुरू होगा। इसी के साथ 40 दिवसीय होली उत्सव में यह क्रम जारी रहेगा। रंगभरनी एकादशी से रंगों की भी होली शुरू हो जायेगी। इसको लेकर मंदिर में तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं।

# द्वारकाधीश मंदिर में भगवान को रंग गुलाल लगाकर रंगोत्सव का आगाज

- 40 दिनों तक भगवान खेलेंगे भक्तों संग होली

**मथुरा।** प्राचीन पुष्टिमार्गीय मंदिर श्री द्वारकाधीश में रविवार को वसंत पंचमी पर्व के साथ रंगोत्सव का आगाज हुआ जहां श्री द्वारकाधीश भगवान को अबीर गुलाल लगाकर फिर भक्तों को प्रसादी स्वरूप में उड़ाया गया। ब्रज में वसंत पंचमी से ही होली का आयोजन मंदिरों में होने लगता हैं। ये रंगोत्सव ब्रज के प्रसिद्ध मंदिरों में पूरे 40 दिनों तक चलता रहता है। ब्रज के मंदिरों में वसंत पंचमी दो दिन मनाई जा रही है, पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय के मंदिर श्री द्वारकाधीश में वसंत पंचमी पर्व रविवार को मनाया गया वाकी वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर और शाह जी मंदिर में सोमवार को वसंत पंचमी पर्व मनाया जाएगा। वसंत पंचमी पर्व के दौरान मथुरा के श्रीद्वारकाधीश मंदिर में भगवान को श्वेत वस्त्र धारण कराई गई। जिस पर विविध प्रकार के रत्न जड़ित आभूषण धारण कराए गए, भगवान को मोर पंख से सुसज्जित सुंदर मुकुट धारण कराया गया, जिससे भगवान राजाधिराज श्री द्वारिका नाथ की छवि अलौकिक छटा बिखेर रही थी। मंदिर पुजारियों द्वारा भगवान के गालों पर गुलाल लगाया गया, इसके बाद भगवान के अलग अलग अंगों पर भी गुलाल लगाया, भगवान को गुलाल लगाने के बाद मंदिर पुजारियों ने भगवान के भक्तों के ऊपर प्रसादी स्वरूप गुलाल उड़ाया, भगवान की इस प्रसादी को लेने के लिए भक्तों में उमंग और उत्साह का नजारा कुछ अलग ही दिखाई दिया।

### आज खुलेगा बसंती कमरा दो दिन होंगे दर्शन

**मथुरा।** प्रयागराज, अयोध्या और काशी के बाद अब वृंदावन में भी भक्तों का सैलाब देखने को मिलेगा क्योंकि ब्रज में अब 40 दिन की होली शुरू होने वाली है और 40 दिन की होली बसंत पंचमी से यानी 3 फरवरी से शुरू होगी। वृंदावन में शाहजी मंदिर का बसंती कमरा साल में केवल एक बार वसंत पंचमी के दिन खुलता है, जहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। बसंत पंचमी के दिन साल में केवल एक बार प्राचीन शाहजी मंदिर खुलता है, जिसे टेढ़ा खंभे वाले मंदिर के नाम से भी जाना जाता है. इसी के साथ-साथ इसे बसंती कमरे वाला मंदिर भी कहा जाता है. यहां पर सालों पुराना एक विशेष कमरा है, जिमसें बाहर के कलाकारों ने कलाकृतियां बनाई हुई हैं और झाड़ फानूस लगे हुए हैं। यह कमरा साल में एक बार ही खुलता है. निधिवन मंदिर के पास स्थित शाहजी मंदिर में यह कमरा 3 फरवरी यानि सोमवार के दिन भक्तों के लिए खोला जाएगा।

# धूमधाम से मनायी खटवांग महाराज की जयंती



**टूंडला।** नगर के मौहल्ला नई बस्ती में स्थित श्री हनुमान मंदिर पर चक खटीक समाज के आराध्य देव परम पूज्य खटवांग महाराज की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई, और एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के वक्ताओं ने विचार रखे। चक समाज के लोगों द्वारा महाराज खटवांग जी के चित्र पर तिलक कर पुष्प अर्पित किए और विधि विधान से पूजा पाठ कर आरती की। इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक ने कहा आज महाप्रतापी क्षत्रिय महाराज खटवांग जी द्वारा पूर्वकाल में सनातन संस्कृति और भारत माता के लिए अनेकों कार्य किए थे। मुगल आक्रांताओं द्वारा जब जब देश पर आक्रमण किया था तब महाराज खटवांग जी द्वारा उनको युद्ध में पराजित कर देश से खदेड़ दिया था। एक बार देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध हुआ तब देवता पृथ्वी आकर महाराज श्री खटवांग से मिले और देवताओं ने उनसे सहायता करने का अनुरोध किया था तब महाराज खटवांग जी ने देवताओं की रक्षा की और राक्षसों का विनाश किया है। इस दौरान हाकिम सिंह, नरेन्द्र चक, गिरेन्द्र सिंह चक, हरिविलास चक, रमेश चक गौरव चक, चंद्रपाल चक, सतीश चक, संजू चक, ऊवन सिंह चक, कंचन चक, देवांशू प्रताप सिंह, नैहना चक, सुनील चक, वीरपाल सिंह, मुन्नालाल चक, भरत सिंह चक, मातादीन चक, ओम प्रकाश चक, सहित अनेकों चक समाज के लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर की लापरवाही से गयी थी पति की जान, विधवा को 22 साल बाद मिला न्याय

**आगरा।** एत्माउद्दौला क्षेत्र के शाहदरा की एक 75 वर्षीय विधवा महिला, श्रीमती गिरिजा देवी को 22 साल बाद अपने पति की मृत्यु के मामले में न्याय मिला है। उनके पति सुरेंद्र कुमार गुप्ता की मृत्यु 23 फरवरी 2003 को डॉक्टर की लापरवाही से हुई थी। श्रीमती गिरिजा देवी ने जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम में डॉक्टर उमाकांत गुप्ता और डॉ. विद्या गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आयोग ने 1 जनवरी 2007 को फैसला सुनाया, जिसमें डॉक्टरों को 50 हजार रुपये सेवा में कमी और इलाज में हुए खर्च पर एक लाख तथा वाद व्यय के रूप में एक हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया गया था। डॉक्टरों ने इसके खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग और फिर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में अपील की, लेकिन दोनों जगहों पर उनकी अपील खारिज कर दी गई। अंततः जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने गिरिजा देवी को 3.15 लाख रुपये का चेक दिया तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। इस मामले में गिरिजा देवी के पति को पहले डॉक्टर शेखर वाजपेई ने देखा था, जिन्होंने प्रोस्टेट की समस्या बताई थी। बाद में उन्हें विद्या नर्सिंग होम में डॉक्टर उमाकांत गुप्ता और डॉ. विद्या गुप्ता ने देखा। उन्होंने तुरंत पति को नर्सिंग होम में भर्ती कर लिया तथा दस हजार रुपये जमा करा लिए और ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर ऑपरेशन कर दिया। वादिया के पुत्र अनिल कुमार ने पूछा कि पिताजी का ऑपरेशन आपने इतनी जल्दी क्यों कर दिया जबकि उसके पिता हाई ब्लड प्रेशर व अस्थमा के मरीज हैं। इस पर डॉ. उमाकांत गुप्ता ने वादिया के पति को दिखाने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एसके सिंह को बुलाया तो उन्होंने भी मरीज को देखते ही डॉक्टर से कहा कि आप लोगों ने यह क्या कर दिया। मरीज की पल्स रेट गिरती जा रही है। उन्होंने तुरंत कई इंजेक्शन लगाए और ऑक्सीजन लगाई। इसके बाद डॉ. उमाकांत और विद्या गुप्ता ने कहा कि अब आपके पति ठीक हैं, घर ले जाइए। वादिया गिरिजा देवी पति को घर ले आई लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। तीन दिन बाद जब वादिया अपने पति को दिखाने ले गई तो डॉक्टर गुप्ता ने पट्टी करके घर भेज दिया। उसके बाद पति की हालत खराब होने पर 7 फरवरी 2003 को उन्हें अस्पताल ले गई तो उन्हें डॉक्टर ने पट्टी करके घर ले जाने के लिए कहा। वादिया के अनुसार उस समय पति के घाव से मवाद निकल रहा था। स्थिति बिगड़ने पर डॉ. उमाकांत गुप्ता को दिखाया तो डॉक्टर ने पति को राम रघु हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया, जहां इलाज के दौरान 23 फरवरी 2003 को पति की मृत्यु हो गई।

# महोत्सव में शंकर तांडव व मेरी देश की धरती सोना उगले प्रस्तुति पर झूमे जनपदवासी




**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद महोत्सव के दूसरे दिन मध्यान्ह के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम पीडी जैन इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित किए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम धनराज, प्रभात कुमार नवीन कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मध्य में पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें जनपद के पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार, उपकृषि निदेशक एस पी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय जिला सूचना अधिकारी नरेन्द्र मोहन ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों के प्रस्तुति की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के तत्त्वाधान में आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें, द्वितीय दिवस की प्रस्तुति में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगला बल्ल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, कस्तूरबा इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती गीत गायन, देश भक्ति गीत पर प्रस्तुति, एम जी बालिका इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद की छात्राओं ने स्वागत गान, मेरे राम आए हैं, गिरधारी इंटर कॉलेज सिरसागंज की छात्राओं ने मेरे देश की धरती सोना उगले, क्षेत्रिय इंटर कॉलेज, सिरसागंज की कु वंशिका ने डोला रे डोला, सेंट एस डी मेमोरियल स्कूल फिरोजाबाद के विद्यार्थियों ने शंकर तांडव नृत्य, सिर पर हाथ, केसरी के लाल ब्रज की होली की प्रस्तुतियां दीं और दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजीव कुमार, संतोष पाल, सरिता सिंह ममता, अंजली शुक्ला, तन्वी गुप्ता विनीता सिंह, रीमा सिंह, चेतेन्द्र प्रताप सिंह शिवेन्द्र प्रताप सिंह, शिवकांत पलिया, प्रशान्त वशिष्ठ, दिनेश राजा चेतन दीक्षित, जयवीर सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, समाजसेवी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आलू बेच दिये पर किसान को पैसे नहीं दिये आयोग ने दिये भुगतान के आदेश

**आगरा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम के अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने कोल्ड स्टोरेज संचालक कपिल अग्रवाल को किसान सुनील कुमार को 3,37,337 रुपये मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने का आदेश दिया है। इसके अलावा, मानसिक पीड़ा और वाद व्यय के रूप में 15,000 रुपये भी देने का आदेश दिया है। मामले के अनुसार बरहन निवासी किसान सुनील कुमार ने अपने आलू के 2536 पैकेट मोना देवी आइश एण्ड कोल्ड स्टोरेज में भंडारित किए थे। कोल्ड स्टोरेज संचालक कपिल अग्रवाल ने कुछ आलू के पैकेट विक्रय किए और उनका भुगतान किसान को किया। शेष 1106 पैकेट आलू 571 रुपये की रेट पर बेचने की सहमति बनी थी, लेकिन बाद में उन्होंने शेष आलू के पैसे नहीं दिए। किसान ने अपने अधिवक्ता राजीव कांत गौतम के माध्यम से कोल्ड स्टोरेज संचालक के खिलाफ आयोग में मामला दर्ज किया और अपना पक्ष रखा। आयोग ने कोल्ड स्टोरेज संचालक को किसान को पैसे देने का आदेश दिया है।

# रजिस्ट्री दफ्तर में बंद घोटालों का राज, कई जिल्द की अदला-बदली, जांच दबाने में जुटे अधिकारी

**आगरा।** रजिस्ट्री दफ्तर के रिकॉर्ड रूम में घोटालों का राज कैद है। यहां एसआईटी अगर जांच करे तो हजारों बैनामों में गड़बड़ी सामने आ सकती है। कई अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आगरा में फर्जी बैनामों की जांच में जुटी एसआईटी रजिस्ट्री दफ्तर के रिकॉर्ड रूम में नहीं घुस पाई है। वहां में घपलों की पोटली है। चार केस दर्ज होने के बाद भी यह पोटली नहीं खुली। एसआईटी की जांच सिर्फ 11 शिकायतों के इर्दगिर्द घूम रही है। इनमें आठ फर्जी बैनामा शामिल हैं, जिनके रिकार्ड रूम में रखीं जिल्द से अदला-बदली की गई। रिकार्ड रूम में 100 साल पुराना तक रिकार्ड है। 50 साल पुराने बैनामे जिल्द में अंकित हैं। जिल्द बही से कितने पन्ने फटे। स्याहा व इंडैक्स और जिल्द में फटे पन्नों का ब्योरा एसआईटी नहीं जुटा सकी। निबंधन विभाग और प्रशासन के अधिकारी इनकी जांच को दबाने में लगे हुए हैं। यदि रिकार्ड रूम में एक-एक जिल्द को खंगाला जाए तो हजारों बैनामों में गड़बड़ियां मिल सकती हैं। पांच साल से लगातार शिकायत हो रही हैं। उन्हें भी प्रशासन से लेकर निबंधन अधिकारी तक दबाने में जुटे रहे हैं। इस खेल का मास्टरमाइंड रजिस्ट्री दफ्तर का एक लिपिक माना जा रहा है जो पूर्व में रिकार्ड रूम का प्रभारी था। उसके समय से जिल्द से मूल रिकार्ड नष्ट करने का कार्य शुरू हुआ। कई सब रजिस्ट्रार ने जिला निबंधक को जांच के लिए कहा। इसके अलावा 2021 में मौजा घटवासन की जांच में भी 15 से अधिक जिल्द से पन्ने फटे मिले थे। जो किसी गहरे षडयंत्र की तरफ इशारा कर रहे हैं।

# उप्र पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि व गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा का दीक्षांत समारोह आज




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि एवं गो-अनुसंधान संस्थान (डूवासु), मथुरा के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह 3 फरवरी को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व विवि की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नीति आयोग, भारत सरकार के सदस्य, प्रो. रमेश चंद होंगे।

इस समारोह के दौरान कुल 129 उपाधियाँ प्रदान की जाएँगी, जिनमें 64 बीवीएससी एवं ए.एच., 42 स्नातकोत्तर उपाधियाँ, 4 पीएच.डी. उपाधियाँ और 19 स्नातक बायोटेक्नोलॉजी की उपाधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 21 पदक प्रदान किए जाएँगे, जिनमें 15 स्वर्ण, 04 रजत एवं 02 कांस्य पदक शामिल हैं। इसके साथ ही, 04 सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार (स्नातकोत्तर), 4 सर्वश्रेष्ठ थीसिस पुरस्कार (पीएच.डी.), 01 सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार एवं 01 सर्वश्रेष्ठ विभाग पुरस्कार भी प्रदान किया जाएँगे। शैक्षणिक और शोध क्रिया-कलापो के विकास हेतु विश्वविद्यालय द्वारा डेयरी विज्ञान महाविद्यालय के नवीन लोगो का अनावरण कुलाधिपति द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रकाशन की 06 पुस्तकें, 1 ई-मैगजीन, विश्वविद्यालय समाचार पत्र एवं पशुधन पत्रिका का भी विमोचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवाचार ह्यबकरी के दूध से बना प्रोबायोटिक योगर्ट का विमोचन किया जायेगा। ग्रामीण निर्धन वर्ग के उत्थान के प्रति प्रतिबद्ध विवि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। आंगनवाड़ी केंद्रों एवं गोद लिए गए गाँवों के सरकारी विद्यालयों से जुड़कर सराहनीय कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ करने हेतु किट वितरित की जाएंगी।

# राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम-डीआईजी ने किया कार्यक्रम स्थल और हैलीपेड का निरीक्षण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक/ एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से उप्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विवि एवं गो अनुसंधान संस्थान के 14वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित कार्यक्रम में दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने महामहिम राज्यपाल के आगमन के द्वार, उनके प्रवेश करने के स्थल, फोटोग्राफी प्वाइंट, स्टेज पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में टाइम लाइन आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपनी अपनी ड्यूटी पर समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हर एक ड्यूटी नई चुनौतियां लाती है, हमे अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने हेलीपैड का निरीक्षण किया। लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से बैरीकेडिंग एवं बैरियर लगाए जाए, स्विस कॉटेज में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराए तथा सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करे। निरीक्षण में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी छाता श्वेता, डिप्टी कलेक्टर कंचन, रितु सिरोही, एसीएमओ डॉ. भूदेव सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# एनएसएस शिविर में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान




**टूंडला।** राम सिंह महाविद्याल नगला सिकंदर टूंडला एटा रोड फि रोजाबाद की ओर से एनएसएस द्वितीय एक दिवसीय शिविर ग्राम नगला मुरली में आयोजित किया गया। एनएसएस शिविर की शुरूआत वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माँ सरस्वती के पूजन कर की गई। तत्पश्चात स्वयं सेवक व सेविकाओं ने ग्राम के परिक्रमा मार्ग की सफाई करके ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीपी सिंह के द्वारा विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को बताया गया कि स्वच्छता को जीवन में अपनाने से व्यक्ति किस तरह स्वस्थ रहकर अपनी उम्र को बढ़ा सकता है। इस अवसर पर छात्र - छात्राओं के लिए स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रबंधक डीपी सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चंद्र ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चंद्र, रवि भारद्वाज, मंजू सिंह, अंजली मिश्रा, संदीप ओझा, पूजा सिंह, नेत्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# वसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा आयोजित



**टूंडला।** माँ सरस्वती पूजा महोत्सव कमेटी द्वारा भव्य पंडाल एवं प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इसके साथ हो महिलाओ एवं बालिकाओ ने माता के गानों पर नृत्य किया। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर यज्ञशाला न्यू रेलवे कॉलोनी टूंडला एवं मनोरंजन केन्द्र कम्युनिटी हॉल में तीन दिवसीय माँ सरस्वती पूजा महोत्सव कमेटी द्वारा भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान हवन यज्ञ कर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की गई। महिला पुरुषों एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सांय को महिलाओ एवं बालिकाओ ने माता के पंडाल में जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम मैं कमेटी अध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह.मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिय जयकिशन अजवानी दीपू आकाश बघेल.शिवम.योगेश बघेल.गुड्डा ठेकेदार विपिन कुमार अविनाश परिहार.लवकुश.सोनू बघेल.चुनमुन विवेक पाल विशाल यादव.भोला यादव मोनू यादव आदि सैकड़ो की संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# स्वास्थ्य सचिव ने परखीं स्वास्थ्य सेवाएं

**मथुरा।** जनपद मथुरा में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की सचिव पुन्य सलिला श्रीवास्तव ने पहुंचकर आमजन को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना। उन्होंने सीएचसी बलदेव और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदी का निरीक्षण करके स्वास्थ्य सेवाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 100 दिवसीय क्षय रोग कार्यक्रम की समीक्षा की। स्वास्थ्य सचिव ने क्षय रोगियों से बात की। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदी पर तैनात सीएचओशशांक से 100 दिवसीय अभियान समेत स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहां पर उनके द्वारा ग्राम प्रधान और आशा बहुओं से वार्ता कर कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य सचिव के द्वारा मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के लक्ष्मी कांत गौर से वार्ता कर उनके क्षय रोग उन्मूलन में अमूल्य योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस दौरान संस्था को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया।




सचिव ने आरोग्य मंदिर के अंतर्गत आने वाले तीन मरीजों और उनके परिजनों को पोषण पोटली भी वितरित की। स्वास्थ्य सचिव ने बंदी स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित हैंड हैंडल एक्स-रे मशीन व निश्चय वाहन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद स्वास्थ्य सचिव ने स्वास्थ्य केंद्र बलदेव पर पहुंच कर चिकित्सा अधीक्षक के साथ विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र पर विभिन्न विषयों की जानकारी ली और स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित हैंड हैंडल एक्स-रे मशीन व निक्षय वाहन का भी निरीक्षण किया।

सीएमओ डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सचिव द्वारा निक्षय शिविरों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। बंदी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर उपस्थित आशा बहुओं के द्वारा किए जा रहे कार्य के संबंध में चर्चा की। एएनएम, आशा बहुओं और सीएचओ द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में किए सहयोग की सराहना की।

ीएमओ ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत मेडिकल मोबाइल यूनिट पर स्थापित एक्स-रे मशीन और नाट मशीन लगाकर किए जा रहे एक्स-रे और नाट परीक्षण की सराहना की। साथ ही सभी टीबी टारगेटेड ग्रुप के लोगों की अधिक से अधिक एक्स-रे और लक्षण युक्त लोगों के नाट परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में किया जा रहे कार्यों को समयबद्ध रूप से किए जाने के लिए निर्देशित किया। सीएचसी बलदेव पर नाट परीक्षण के साथ-साथ अन्य 50 तरह के किए जा रहे परीक्षण पर हो रहे कार्य पर संतोष जताया। सीएचसी पर भर्ती मरीजों से उपचार के संबंध में चर्चा की। इसी दौरान आमजन को दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा की।

# खेरागढ़ में अवैध खनन में बड़ी कार्रवाई, 5 डंपर सीज

**आगरा।** एसडीएम खेरागढ़ संदीप यादव के नेतृत्व में खनन विभाग और राजस्व विभाग टीम ने संयुक्त रूप से खनन माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने बिना वैध प्रपत्र के परिवहन कर रहे खनन माफियाओं के पांच डंपर ट्रकों को सीज कर दिया है। ये ट्रक खेरागढ़ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए हैं। शासन के निर्देशानुसार एसडीएम ने खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान छेड़ा है, जिसका मकसद अवैध खनन पर अंकुश लगाना है। आज की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। एसडीएम खेरागढ़ संदीप यादव ने बताया कि अवैध खनन के शासन के निर्देश पर टास्क बनाया गया है। खनन और राजस्व विभाग की कई टीमें सैंया, तेहरा, इरादतनगर, कागारौल, सरैंधी, जगनेर आदि क्षेत्रों में निरंतर चेकिंग कर रही हैं। विगत दिवस चेकिंग में पांच डंपरों को पकड़कर सीज किया गया। इनके ड्राइवरों को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। फतेहाबाद। स्थानीय पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह बाइक सात माह पूर्व आगरा के एत्माउद्दौला थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया और आगे की कार्रवाई की। यह गिरफ्तारी थाना फतेहाबाद के रेलवे अंडरपास से हुई है।

## संक्षेप

### चमड़ा, फुटवियर का निर्यात 1.1 लाख करोड़ बढ़ेगा

नयी दिल्ली। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने रविवार को कहा कि फुटवियर और चमड़ा क्षेत्रों के लिए एक केंद्रित उत्पाद योजना शुरू करने की बजट घोषणा से उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात में 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि होगी। सीएलई ने कहा कि यह योजना चमड़े के अलावा किसी अन्य चीज से बने गुणवत्तापूर्ण फुटवियर के उत्पादन के लिए आवश्यक डिजाइन क्षमता, घटक विनिर्माण और मशीनरी का समर्थन करेगी। सीएलई के चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान ने एक बयान में कहा कि यह योजना फुटवियर और उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक डिजाइन क्षमता, घटक विनिर्माण और मशीनरी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने, चार लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने और 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात होने की उम्मीद है। जालान ने कहा कि इस योजना से निवेश आकर्षित करके उत्पादन और उत्पादकता बढ़ेगी।

### कुछ उत्पादों पर शुल्क कटौती से होगा फायदा

नयी दिल्ली। शोध संस्थान ग्लेबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि मोटरसाइकिल और स्वाद बढ़ाने वाले कृत्रिम तत्व जैसे उत्पादों पर बजट में घोषित सीमा शुल्क कटौती से अमेरिकी निर्यात को लाभ होगा। जीटीआरआई ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारत की टैरिफ किंग के रूप में आलोचना करने के बावजूद देश के बजट ने कई उत्पादों पर महत्वपूर्ण शुल्क कटौती की है, जिनमें से कई उत्पाद अमेरिकी निर्यात को लाभ पहुंचाते हैं। जीटीआरआई ने बयान में कहा कि प्रौद्योगिकी, वाहन, औद्योगिक कच्चे माल और अपशिष्ट आयात पर शुल्क कटौती के साथ भारत व्यापार को सुविधाजनक बनाने की दिशा में कदम उठाता दिख रहा है, जबकि वैश्विक व्यापार वातावरण तनावपूर्ण बना हुआ है। हालांकि, जीटीआरआई ने इस बात को लेकर आशंका जताई है कि यह कटौती भारत के व्यापार व्यापार के बारे में अमेरिकी प्रशासन का नजरिया बदलने में कामयाब होगी या नहीं।

### सेबी का सुरक्षित यूपीआई भुगतान प्रणाली पर विचार

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नयी प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया। प्रस्तावित प्रणाली के तहत, सेबी ने पंजीकृत बाजार मध्यस्थों के लिए एक अनूठा यूपीआई पता बनाने का सुझाव दिया है, जिससे निवेशकों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान हो जाएगा कि वे केवल पंजीकृत इकाइयों को ही भुगतान कर रहे हैं। पूंजी बाजार लेनदेन के लिए प्रस्तावित यूपीआई भुगतान सीमा पांच लाख रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गई है, जो मौजूदा दो लाख रुपये की सीमा से अधिक है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के परामर्श से इसका समय-समय पर मूल्यांकन किया जाएगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने शुक्रवार को प्रस्तावों पर एक परामर्श पत्र जारी किया और 21 फरवरी तक उनपर सार्वजनिक टिप्पणियां मांगीं।

### पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुस्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में आर्थिक वृद्धि को गति नहीं दे सका है, जबकि इस दौरान केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में 10 प्रतिशत की भारी कटौती की थी। एक मीडिया रिपोर्ट ने यह जानकारी दी गई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने 27 जनवरी को की गई नवीनतम कटौती में ब्याज दर को एक प्रतिशत घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले साल जून के 22 प्रतिशत से 10 प्रतिशत कम है। उम्मीद थी कि इस निर्णय से मुद्रा आपूर्ति और वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी। समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्याज दर में भारी गिरावट के बावजूद चालू वित्त वर्ष (जुलाई-जून) के पहले सात महीनों के दौरान मौद्रिक विस्तार नकारात्मक रहा। इसमें कहा गया है कि ब्याज दरों में लगातार गिरावट के कारण बैंकों से निजी क्षेत्र और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफआई) की ओर भारी मात्रा में नकदी का प्रवाह हुआ।

# कंपनियों की पूंजी 1.80 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,83,322.54 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत चढ़ा और निफ्टी 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत के लाभ में रहा। आम बजट पेश होने के कारण शनिवार को शेयर बाजार खुले थे।

बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 32,471.36 करोड़ रुपये बढ़कर 5,89,066.03 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 32,302.56 करोड़ रुपये बढ़कर 8,86,247.75 करोड़ रुपये हो गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 30,822.71 करोड़ रुपये बढ़कर 12,92,450.60 करोड़ रुपये और आईटीसी की 26,212.04 करोड़ रुपये बढ़कर 5,78,604.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 25,373.2 करोड़ रुपये बढ़कर 17,11,371.54 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 19,411.05 करोड़ रुपये बढ़कर 6,83,715.14 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का मूल्यांकन 16,729.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,36,201.68 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, टीसीएस की बाजार हैसियत 28,058.27 करोड़ रुपये घटकर 14,73,918.40 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 11,211.96 करोड़ रुपये घटकर 9,25,201.90 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 9,653 करोड़ रुपये घटकर 7,68,959.76 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

# विनिर्माण मिशन के तहत गठित समिति मुद्दों पर विस्तार से विचार करेगी: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो कारोबार की लागत में कटौती, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने तथा मेक इन इंडिया पहल को और बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तृत जानकारी जुटाएगी।

समिति में केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। यह समिति उन प्रमुख ध्यान वाले क्षेत्रों की पहचान करेगी, जो भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और जहां घरेलू और विदेशी, दोनों बाजारों में मांग है। समिति भविष्य की रूपरेखा को लेकर भी सिफारिशें पेश करेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो विस्तार से सभी मुद्दों की जांच करेगी, जैसे कि केंद्र और राज्यों की भूमिका। इसमें विभिन्न मंत्रालय, निजी क्षेत्र से लोग भी शामिल होंगे और वे उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देंगे जिनके पास भारत में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी लाभ हैं और जिनमें निर्यात की संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों के लिए नीतिगत समर्थन, कार्यान्वयन खाका, शासन और निगरानी ढांचा प्रदान करके मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मझोले और बड़े उद्योगों को शामिल करने वाले मिशन की घोषणा की है।मिशन के तहत पांच मुख्य ध्यान वाले क्षेत्र आएंगे। इनमें कारोबारी सुगमता और लागतअ मांग वाली नौकरियों के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार कार्यबलअ एक जीवंत और गतिशील एमएसएमई क्षेत्रअ प्रौद्योगिकी की उपलब्धताअ और गुणवत्ता वाले उत्पाद।गोयल ने कहा, हम इसके शीघ्र कार्यान्वयन के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए घोषित कदमों से डीप टेक और छोटे शहरों में स्टार्टअप इकाइयों के उद्यमियों को मदद मिलेगी। गोयल ने कहा, हम इन स्टार्टअप पर अपना ध्यान बढ़ाएंगे। देश के विनिर्माण क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 16-17 प्रतिशत योगदान है और सरकार इस हिस्सेदारी को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

# निर्यातकों ने ब्याज समानीकरण योजना के विस्तार की मांग की

नयी दिल्ली। भारतीय निर्यातक समुदाय ने रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि उन्हें सस्ती दर पर ऋण मिल सके।

गौरतलब है कि उनकी मांग का बजट में उल्लेख नहीं किया गया है। यह योजना पिछले साल 31 दिसंबर को समाप्त हो गई थी। निर्यातकों के अनुसार, इस योजना ने उन्हें ऐसे समय में प्रतिस्पर्धी दरों पर रुपया निर्यात ऋण पाने में मदद की, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था मुश्किलों का सामना कर रही है। निर्यातकों को इस योजना के तहत निर्यात से पहले और बाद में रुपया निर्यात ऋण के लिए सब्सिडी मिलती थी।उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय निर्यात-आयात (एक्जिम) समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने कहा कि बजट में की गई घोषणाओं से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन हम वित्त मंत्री से अनुरोध करते हैं कि वह सभी निर्यातकों को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कृपया इस योजना को बहाल करें। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने कहा कि आईईएस और एमएआई (बाजार पहुंच पहल) को शामिल करते हुए निर्यात संवर्धन योजना के तहत वाणिज्य मंत्रालय ने 2,250 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय रुपये की विनिमय दर में गिरावट को लेकर जारी आलोचना को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि यह केवल मजबूत हो रहे डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है, जबकि मजबूत आर्थिक बुनियाद के कारण अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर बना हुआ है।

सीतारमण ने आम बजट पेश करने के एक दिन बाद पीटीआई-भाषा के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन प्रतिशत की गिरावट चिंता का विषय है क्योंकि इससे आयात महंगा हो गया है, लेकिन यह सही नहीं है कि इसकी विनिमय दर में चौतरफा गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि मैं रुपये की विनिमय दर में गिरावट से चिंतित हूं लेकिन मैं इस आलोचना को स्वीकार नहीं करूंगी कि ओह रुपया कमजोर हो रहा हैउ हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। अगर बुनियाद कमजोर होती, तो रुपया सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर नहीं होता। पिछले कुछ महीनों में भारतीय रुपया दबाव में रहा है लेकिन यह एशिया और अन्य देशों की मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में सबसे कम अस्थिर मुद्रा रही है। हाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने का कारण व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 में ब्याज दर में कम कटौती के संकेत के बाद डॉलर सूचकांक में उछाल है। सीतारमण ने कहा कि रुपये में जो अस्थिरता है, वह डॉलर के मुकाबले है। रुपया किसी भी अन्य मुद्रा की तुलना में कहीं अधिक स्थिर रहा है। डॉलर के मजबूत होने से रुपये में अस्थिरता देखने को मिल रही है। आरबीआई उन तरीकों पर भी विचार कर रहा है, जिनसे वह भारी उतार-चढ़ाव के कारणों को दुरुस्त करने के लिए ही बाजार में हस्तक्षेप करेगा।

# देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है।

सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा। सीतारमण के साथ साक्षात्कार में कहा, इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन के दाम गिरे



नयी दिल्ली। आम बजट में तिलहन उत्पादन की निराशाजनक स्थिति पर सरकार द्वारा चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह सरसों की नयी फसल की आवक के बीच इसकी कीमतों पर दबाव है जो सरसों तेल-तिलहन में गिरावट आने का मुख्य कारण है। हालांकि, अनुमानतः मार्च के अंत तक अगले साल की सरसों फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की उम्मीद की जा रही है और किसान सचेत होकर अपनी फसल बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम भी गिरावट के साथ बंद हुए। बिनौला खल का दाम तोड़े जाने और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य की खरीद लागत से कम दाम पर बिनौला सीड की बिकवाली करने से बाकी सभी देशी खल और डीओसी पर दबाव है। बिनौला सीड का दाम टूटने से पूरी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई है।उन्होंने कहा कि फिलहाल आयातित खाद्य तेलों में सबसे सस्ता सोयाबीन तेल है। धन की कमी से जूझ रहे आयातक इसे आयात लागत से भी कम औने-पौने दाम पर बेच रहे हैं। ऊंचा भाव होने की वजह से पाम, पामोलीन का कारोबार कमजोर है। दाम ऊंचा रहने से सूरजमुखी तेल का भी कम आयात हो रहा है। पाम, पामोलीन का भाव इतना ऊंचा है कि इसके आगे सरसों तेल का दाम भी पाम, पामोलीन से नीचे हो गया है। खाद्य तेलों की इस कमी को सबसे सस्ते सोयाबीन तेल द्वारा पूरा करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि फसल आने से पहले सितंबर, 2024 में वायदा कारोबार में बिनौला खल के सितंबर अनुबंध का भाव 3,800 रुपये क्विंटल था। फसल आने के बाद मौजूदा समय में बिनौला खल के फरवरी अनुबंध का भाव घटकर 2,670 रुपये क्विंटल रह गया है, जो वायदा कारोबार के दुरुपयोग के बगैर संभव नहीं है।सूत्रों ने कहा कि मूंगफली की स्थिति भी चिंताजनक है। इसके खल के दाम टूटे पड़े हैं। किसान एमएसपी से काफी कम दाम पर मूंगफली बेचने को मजबूर हैं। सूत्रों ने कहा कि मूंगफली का एमएसपी 6,860 रुपये क्विंटल है और मिलावटी बिनौला खल का कारोबार बढ़ने के बीच बाजार की कारोबारी धारणा बिगड़ने से मूंगफली का हाजिर भाव 5,000-5,300 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।

# देश में बिजली खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (बीयू) रही है। इस दौरान सामान्य से अधिक तापमान के कारण हीटर और गीजर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 1901 के बाद 1958 और 1990 को छोड़कर सबसे अधिक गर्म जनवरी का महीना रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2024 में बिजली की खपत 133.94 बीयू थी। इसी तरह, एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग) भी जनवरी, 2024 के 222.32 गीगावाट से बढ़कर इस साल जनवरी में 237.30 गीगावाट हो गई। इससे पहले मई, 2024 में चरम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले महीने हीटर और गीजर जैसे गर्मी पैदा करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल कम होने से बिजली की मांग और खपत में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि फरवरी में भी बिजली की मांग और खपत में वृद्धि कम रहेगी। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि जनवरी के गर्म और शुष्क रहने के बाद फरवरी में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और सामान्य से कम बारिश होगी।

## पेज एक का शेष

### दक्षिण अफ्रीका

की। भारत बिना कोई मैच गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम भी बना। गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की। त्रिशा ने इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। पारुनिका सिसोदिया (छह रन पर दो विकेट), आयुषी शुक्ला (नौ रन पर दो विकेट) और वैष्णवी शर्मा (23 रन पर दो विकेट) ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसे भारतीय गेंदबाजों ने गलत साबित किया। दक्षिण अफ्रिका ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। उसकी तरफ से माइकी वान वूर्स्ट (23) शीर्ष स्कोरर रहीं। टीम की सिर्फ चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाईं जबकि चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाईं। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को त्रिशा और जी कमालिनी (08) ने पहले विकेट के लिए 36 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। रेनेके ने कमालिनी को सिमोन लॉरेन्स के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। त्रिशा ने हालांकि इसके बाद सानिका के साथ मिलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। त्रिशा ने 33 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे जबकि सानिका ने 22 गेंद की अपनी पारी में चार चौके जड़े। उप कप्तान सानिका ने स्कायर लेग पर चौका जड़कर भारत की जीत सुनिश्चित की जिसके बाद भारत की युवा खिलाड़ियों को तिरंगे के साथ जश्न मनाते देखा गया। सानिका ने मैच के बाद कहा, मैं पिछले दो साल से इस लम्हें का सपना देख रही थी और मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैंने विजयी चौका मारा। यह अवास्तविक सा लगता है। टीम की मेरी साथियों के समर्थन ने अंतर पैदा किया और इस लम्हें को मैं हमेशा सहेजकर रखूंगी। पारुनिका ने खाता खोले बिना सिमोन को आउट करके भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरुआत में ही बैकफुट पर आ गई।

### मुख्यमंत्री योगी

कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर के लोग आकर अभिभूत हो रहे हैं लेकिन पीड़ा सपा को हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस चीज से सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, जिससे हर भारतीय का सीना चौड़ा होता हो, जिससे हर व्यक्ति अभिभूत होता हो, उससे समाजवादी पार्टी को पीड़ा होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वही समाजवादी पार्टी है जो बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करती है और कहती है कि इसे गाजी (सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी) का (स्मारक) होना चाहिए, उन्हें गाजी और पाजी (अराजक तत्व) प्यारे हैं। उन्होंने सपा पर अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और (रामलला के नवीन विग्रह की) प्राण प्रतिष्ठा के अलावा अयोध्या के विकास और अयोध्या हवाई अड्डे के निर्माण का विरोध करने का भी आरोप लगाया।

### अतिक्रमण का

वहां का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। आज इसका दुष्परिणाम तमाम वेटलैंड भुगत रहे हैं। बहुत से जीवों और जंतुओं की प्रजातियां इसके कारण नष्ट होती हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1971 में शुरू हुए रामसर अंतरराष्ट्रीय वेटलैंड कन्वेंशन में तय हुआ था कि अगर दुनिया को बचाना है तो हमें इस (वेटलैंड के संरक्षण) पर ध्यान देना होगा। रामसर ईरान में एक स्थल है जहां पर एक इंटरनेशनल कन्वेंशन के माध्यम से 1971 से लगातार कार्यक्रम आयोजित होते हैं और दुनिया का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है। हमें बताते हुए प्रसन्नता है कि देश की आजादी के बाद 65 वर्षों में मात्र 23 रामसर स्थल ही चिह्नित किये गये थे, मगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पिछले 10 वर्षों में देश में 63 नए स्थलों को रामसर स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलैंड प्रकृति के मूल स्वरूप की ओर ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी बनते हैं। इस मूलस्वरूप के बारे में ही अथर्ववेद में कहा गया है कि माता भूमि पुत्रोहं पृथिव्या। इसका मतलब है कि धरती हमारी माता है क्योंकि हमें जीने के लिए उस प्रकार के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने में मदद करती है। हम सब इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के रूप में हमारा दायित्व है कि हम इस प्रकृति मां का संरक्षण करें।

### कांगो में

की कड़ाई के साथ अनुशंसा करते हैं। नवीनतम सलाह में आपातकालीन स्थिति में संपर्क करने के लिए भारतीय नागरिकों के लिए एक नंबर (243 890024313) और एक मेल आईडी भी दी गई है। भारतीय दूतावास ने मूल रूप से 30 जनवरी को कांगो के दक्षिण किवु के बुकावु में सभी भारतीय नागरिकों के लिए सलाह जारी की थी।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि गोमा में लगभग 1,000 भारतीय नागरिक रह रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा था कि उनमें से अधिकांश संघर्ष शुरू होने के बाद सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। जायसवाल ने यह भी कहा कि पूर्वी कांगो में एमओएनयूएससीओ (कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन) शांति स्थापना मिशन के तहत कांगो में लगभग 1,200 भारतीय सैनिक सेवा दे रहे हैं।

### भ्रष्टाचार में

सरकार बना रही है। मोदी ने लोगों से कहा, पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार, और वहां उपस्थित लोगों ने नारा लगाया, मोदी सरकार।

प्रधानमंत्री ने बाद में सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, दिल्लीवासी केवल भाजपा पर भरोसा करते हैं क्योंकि वह जो कहती है, वह करती है। आरके पुरम में उमड़ी भारी भीड़ से यह स्पष्ट है कि दिल्ली में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) खिलेगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जिसे अब दिल्ली की जनता मुंहतोड़ जवाब देने को तैयार है। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर उसके कथित झूठे वादों और भ्रष्टाचार की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण कारखाने बंद हो रहे हैं और जिन्होंने लोगों को लूटा है, उन्हें इसका हिसाब देना होगा।

उन्होंने आप सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई करने और उनसे इसकी भरपाई कराने का भी वादा किया। मोदी ने कहा कि आप जानती है कि दिल्ली के लोग उनसे कितना नाराज हैं और नफरत करते हैं और अब वे झूठ फैलाने पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा आप सरकार अब दिल्ली की जनता के सामने बेनकाब हो चुकी है। लेकिन वे बार-बार उन्हीं झूठे वादों पर वोट मांग रहे हैं। दिल्ली की जनता अब इस तरह के झूठ को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर आप-दा है जो झूठे वादों के साथ खड़ी है जबकि दूसरी ओर मोदी की गारंटी है। मोदी ने कहा कि गरीब हो या मध्यम वर्ग, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो और दिल्ली को ऐसी डबल इंजन सरकार की जरूरत है जो लड़ाई-झगड़े की बजाय लोगों के कल्याण के लिए काम करे और यह सुनिश्चित करे कि उनके सपने पूरे हों।

### विकास में

संकलित किया जा रहा है। सभी सुझावों को उनके सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया जाएगा। जनहित के लिए प्राप्त इन सुझावों बजट में शामिल किया जाएगा, ताकि समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास की परिकल्पना को साकार किया जा सके। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गनिर्देशन में प्रदेश के बजट को आमजन के लिए बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संवाद अभी समाप्त नहीं हुआ है, आप कभी भी अपने सुझाव हम तक पहुंचा सकते हैं। सचिव दिलीप जावलकर ने प्रदेश के गढ़वाल एवं कुमाऊं दोनों क्षेत्रों से आए विभिन्न व्यवसायों, स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ का बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में बजट में आमजन और उद्योग-व्यापार से जुड़े लोगों के महत्त्वपूर्ण सुझावों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की ओर से संकलित किया जाएगा। इसके उपरांत परीक्षण एवं विभागीय मंतव्य के साथ बजट में शामिल किया जाएगा।

### योगी के

बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। वहीं, लखनऊ से आए प्रशासनिक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी और आशीष गोयल अपने पिछले अनुभवों को साझा कर मेला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। पिछले कुंभ (2019) में गोस्वामी प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी थे, जबकि गोयल उस समय प्रयागराज के मंडलायुक्त थे। बसंत पंचमी स्नान पर्व के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है और रविवार को सुबह 12 बजे तक 88.83 लाख लोग गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके हैं। वहीं 13 जनवरी से अब तक कुल 33.61 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान कर चुके हैं। इस बीच, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि मान्यता है कि प्रयागराज के पांच कोस को संगम कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इसलिए श्रद्धालुओं को फाफामऊ से लेकर अरैल तक कहीं पर भी स्नान करने पर महाकुंभ का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा, कि संगम क्षेत्र का सीमित क्षेत्रफल है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि संगम क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ ना बढ़ाएं। आगामी पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महाकुंभ नगर आना प्रस्तावित है। इसको देखते हुए अगले कुछ दिन मेला प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौतियों से भरा है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर भगदड़ मचने से 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे।

### सड़क हादसों

हो गई जबकि तीसरे युवक ने सीएचसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है।

हमीरपुर जनपद के राठ थाने के ग्राम बेगाय के धर्मेंद्र (36) पुत्र हरीदयाल श्रीवास और अंकित (19) पुत्र संतोष श्रीवास मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में ग्राम रावतपुरा, टेहरका मध्य प्रदेश गए थे। यहां से अपने साथ सोनू (18) पुत्र गुलाब श्रीवास निवासी रावतपुरा को साथ लेकर ग्राम चुरारा रिश्तेदारी में पहुंचे। यहां से तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर हमीरपुर के गांव बेगाय जा रहे थे। सुखनई नदी के पुल पर सामने से आए बेकाबू ट्रक ने उन्हें रौंद दिया।

सोनभद्र जिले के हाथीनाला थाना क्षेत्र के रानीताली में पुराने पेट्रोल पंप के पास रविवार की शाम 7 बजे भीषण घटना घट गई, घटित सड़क हादसे में कुल 6 की मौत हो गई वहीं तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार हेतु चोपन सीएचसी भेजा गया सूचना पर घटना स्थल पहुँची हाथीनाला पुलिस राहत कार्य में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि रेनुकूट की तरफ से एक हुंडई क्रेटा कार चोपन की ओर जा रही थी कि जैसे ही रानीताली स्थित पुराने पेट्रोल पंप के पास पहुंची कि सामने से डिवाइडर तोड़ कर रॉन्ग साइड घुसी ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गयी, हादसा इतना जोरदार था कि एक पैदल जा रहे राहगीर सहित एक दूसरे ट्रक का चाय पीने जा रहे चालक की हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने 6 मृतकों को एम्बुलेंस पर लादकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेजा, वहीं तीन गंभीर रूप से घायल लोगों को चोपन सीएचसी भेजा गया, इस भीषण हादसे को देख लोग सहम गए वहीं पुलिस के राहत कार्य के दौरान शक्तिनगर वाराणासी मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही।




# भारत ने 150 रन से जीता 5वां टी20

मुंबई। आज भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का अंतिम मुकाबला खेला गया। अभिषेक शर्मा की आक्रामक पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 247 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम सिर्फ 97 रन ही बना सकी और 11वें ओवर में ऑलआउट हो गई। 150 रनों से पांचवां टी20 जीतकर टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

वहीं आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 54 गेंद में 135 रन की पारी के दम पर भारत ने पांचवें और अंतिम मैच टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। अभिषेक ने इस दौरान टी20 में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह इसके साथ ही इस प्रारूप में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गये। अभिषेक ने क्रीज पर आते ही मैदान के चारों ओर चौके-छक्के की झड़ी लगाकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। यह 24 साल का यह खिलाड़ी किसी भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक (35 गेंद) के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रहा था लेकिन वह दो गेंद से चूक गए। उन्होंने 37 गेंदों अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इससे पहले 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था, जो किसी भारतीय के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक हालांकि टी20 पारी में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब उन्होंने 17वें ओवर में ब्रायडन कार्स (38 रन पर तीन विकेट) के खिलाफ पारी का अपना 11वां छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये। उन्होंने इस दौरान सात चौके भी लगाये। यह अब इस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2023 में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल के नाम था। उन्होंने नाबाद 126 रन बनाये थे। अभिषेक ने भारतीय टीम के कुल स्कोर में आधे से अधिक का योगदान दिया जिससे भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वोच्च टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर बनाया। इससे पहले टीम ने 2021 में अहमदाबाद में दो विकेट पर 224 रन बनाये थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह भारत का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। बायें हाथ के इस बल्लेबाज के आक्रामक तेवर का इंग्लैंड के गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था।



## अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए जड़ा दूसरा सबसे तेज शतक

मुंबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में रविवार को यहां 37 गेंद में अपना शतक पूरा किया। यह खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक है। अभिषेक ने 11वें ओवर में ब्रायडन कार्स के खिलाफ एक रन चुराकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने शतक तक पहुंचने के दौरान अपनी पारी में पांच चौके और 10 छक्के जड़े। भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 2017 में 35 गेंद में शतक पूरा किया था। उन्होंने इस मैच में 43 गेंद में 118 रन की पारी खेली थी। भारत ने इस मैच को 88 रन से जीता था। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड एस्टोनिया के सहिल चौहान के नाम है जिन्होंने सइप्रस के खिलाफ पिछले साल सिर्फ 27 गेंद में सैंकड़ा पूरा किया था। टेस्ट खेलने वालों टीमों के बीच मुकाबले में सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से रोहित और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर के नाम है।

## महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत एक विशेष क्षण : निकी

कुआलालंपुर। भारतीय कप्तान निकी प्रसाद ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप की खिताबी जीत को विशेष क्षण करार देते हुए रविवार को कहा कि टीम को यह सफलता खिलाड़ियों के धैर्य और काम के प्रति समर्पण से मिली है। भारत ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया। टीम ने 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते प्रभावशाली जीत दर्ज की। गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की।

निकी ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा कि हम सभी ने धैर्य बनाये रखने की कोशिश की। टूर्नामेंट की शुरुआती मैच में जीत दर्ज करने के बाद भी सफलता का खुमार हावी नहीं होने दिया और अपना काम करते रहे। उन्होंने कहा कि हम फाइनल जीत कर अपनी क्षमता को दिखाना चाहते थे। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए बीसीसीआई को धन्यवाद। मुझे खुशी है कि मैं यहां खड़ी हूं और यह सुनिश्चित कर रही हूं कि भारत शीर्ष पर रहे। यह एक विशेष क्षण है। त्रिशा ने इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए। टीम के लिए पारुनिका सिसोदिया (छह रन पर दो विकेट), आयुषी शुक्ला (नौ रन पर दो विकेट) और वैष्णवी शर्मा (23 रन पर दो विकेट) ने भी शानदार गेंदबाजी की जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। भारतीय कप्तान ने कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत में, मैंने कहा था कि हम यहां दबदबा बनाने के लिए आए हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत यहां शीर्ष पर बना रहे। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका की टीम भी टूर्नामेंट में वास्तव में अच्छा खेल रही। हम लंबे समय से उनके खिलाफ खेल रहे हैं, उन्होंने मजबूत जज्बा दिखाया। उनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना वास्तव में अच्छा है। फाइनल में हार की निराशा के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कायला रेनेके ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व किया करते हुए 2027 में मजबूत वापसी का भरोसा जताया। रेनेके ने कहा, टीम के खिलाड़ी अभी कई तरह की भावनाओं से गुजर रहे है, लेकिन मैं इस टीम और प्रबंधन को श्रेय देना चाहूंगी। हमने इस क्षण के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, यहां तक आने के बाद ट्रॉफी के बिना घर जाना मुश्किल है लेकिन हमारे लिए पहली बार फाइनल में पहुंचना गर्व का क्षण है, यह विशेष है। रेनेके ने कहा, यह हमारे लिए 2027 में और मजबूती से वापसी करने की प्रेरणा है। मां, पापा, मैं ट्रॉफी के साथ घर नहीं आउंगी लेकिन मेरे पास पदक है। इस विश्व कप में 309 रन और सात विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गईं त्रिशा ने इस पुरस्कार अपने पिता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, मैं इसे अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगी, जो यहां हैं। मैं हमेशा खुद को एक ऑलराउंडर मानती हूं। मेरा लक्ष्य देश के लिए खेलना और अधिक मैच जीतना है। त्रिशा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। उन्होंने कहा, मेरे लिए सब कुछ है, अभी कुछ भी कहने में सक्षम नहीं हूं।



### संक्षेप

## बीसीबी की स्वतंत्र समिति बीपीएल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में पिछले कुछ हफ्तों में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अपनी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) की सहायता के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना की है। यह 2013 के बाद से बीपीएल में पहली आधिकारिक भ्रष्टाचार जांच है क्योंकि लीग खिलाड़ियों के भुगतान में देरी और टिकट विवादों से जूझ रही है। बीसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अपने निरंतर प्रयासों के तहत बीसीबी अपनी जांच में एसीयू को और अधिक सहायता देने के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना करने की प्रक्रिया में है। इसमें कहा गया, बीसीबी एक निष्पक्ष और पारदर्शी क्रिकेट वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है और बांग्लादेश में खेल की अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा। हाल की मीडिया रिपोर्टों में भ्रष्टाचार के मामलों का आरोप लगाया गया है जिसमें विशिष्ट खिलाड़ियों और मुकाबलों का नाम लिया गया है। हालांकि इन दावों की पुष्टि अभी तक बीसीबी की एसीयू द्वारा नहीं की गई है।

## एस्पानयोल से हार से रीयाल मैड्रिड का जीत का क्रम थमा

मैड्रिड। रीयाल मैड्रिड को ला लीगा में शनिवार को रेलीगेशन (निचली लीग में खिसकना) का खतरा खेल रहे एस्पानयोल के खिलाफ 0-। से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश लीग में उसका जीत का क्रम थम गया। एस्पानयोल की ओर से मैच का एकमात्र गोल डिफेंडर कार्लोस रोमेरो ने दूसरे हाफ के अंतिम लम्हों में दागा। इस जीत के साथ एस्पानयोल की टीम निचली तीन टीमों की सूची से बाहर निकल गई जिन्हें सत्र के अंत में निचली लीग में खिसकना होगा। एस्पानयोल के खिलाफ हार से पहले मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले 11 में से 10 मैच जीते थे। अब अंक तालिका के शीर्ष पर मैड्रिड को सिर्फ एक अंक की बढ़त हासिल है क्योंकि एटलेटिको मैड्रिड ने मालोर्का को 2-0 से हरा दिया था। मैड्रिड के 22 मैच में 49 जबकि एटलेटिको मैड्रिड के इतने ही मुकाबलों में 48 अंक हैं। अन्य मुकाबलों में पांचवें स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने रीयाल वेलाडोलिड को 5-। से हराया जबकि गेटाफे ने सेविला के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला।

## डरबन सुपर जाइंट्स ने जीत के साथ अभियान खत्म किया

जोहानिसबर्ग। डरबन सुपर जाइंट्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत शनिवार को यहां जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 11 रन की जीत के साथ किया। इस हार के बाद जोबर्ग सुपर किंग्स की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही।

## सेना ने ओडिशा को 10 विकेट से हराया, बड़ौदा को हराकर जम्मू कश्मीर क्वार्टर फाइनल में



कटक। सलामी बल्लेबाजों शुभम रोहिल्ला के नाबाद 209 रन और सूरज वशिष्ठ के नाबाद 154 रन की बदौलत सेना ने रणजी ट्रॉफी इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करते हुए ग्रुप ए के मैच में रविवार को यहां ओडिशा को 10 विकेट से हराया।

रोहिल्ला और वशिष्ट के बीच पहले विकेट के लिए अटूट साझेदारी से सेना जीत के लिए मिले 376 रन के लक्ष्य को बिना कोई विकेट गंवाये हासिल कर लिया। अपने पिछले मैच में 42 बार की चैंपियन मुंबई को उसके घर में पांच विकेट से हराने वाले जम्मू कश्मीर वडोदरा में बड़ौदा पर 182 रन की यादगार जीत के साथ ग्रुप से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। वशिष्ठ और रोहिल्ला की अटूट 376 रन की साझेदारी प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में सफल चौथी पारी में सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड रेलवे का है जिसने अगरतला में पिछले साल त्रिपुरा के खिलाफ 378 रन बना जीत दर्ज की थी। ओडिशा ने अनिल परीदा के नाबाद 99 रन की मदद से अपनी दूसरी पारी में 394 बनाये। इससे पहले ओडिशा की पहली पारी में 180 रन के जवाब में सेना ने 199 रन बनाये थे। सेना ने चौथे दिन बिना किसी नुकसान के 46 रन से आगे खेलते हुए अपना दबदबा कायम किया। रोहिल्ला ने 270 गेंद की अपनी नाबाद पारी में 30 चौके लगाये जबकि वशिष्ठ ने 246 गेंद की नाबाद पारी में 15 चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों टीमें पहले ही नॉकआउट चरण से बाहर थी। जम्मू कश्मीर ने साहिल लोतरा (75 रन पर सात विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के दम पर बड़ौदा को 182 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस हार से बड़ौदा की टीम क्वार्टर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी। जम्मू कश्मीर ग्रुप तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि मुंबई की टीम दूसरे स्थान पर रही। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एलीट ग्रुप मैच में टीम के प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री कार्यालय से एक्स पर साझा पोस्ट में अब्दुल्ला ने कहा, रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए जम्मू कश्मीर की टीम को बधाई। यह उल्लेखनीय उपलब्धि जो हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

## भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो-स्तरीय टेस्ट प्रारूप की संभावना

लंदन। जब ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा तो यह मौजूदा प्रारूप का अंत होगा जिसे भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो-स्तरीय प्रणाली के रूप में फिर से शुरू किए जाने की संभावना है। उचित प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार करने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह के साथ बातचीत की और दोनों इस योजना का नेतृत्व करेंगे। थॉम्पसन आईसीसी की रणनीतिक विकास समिति के प्रमुख भी हैं। इंग्लैंड को 20 जून से हेडिंग्ले में भारत की मेजबानी करनी है जिसके साथ अगला चक्र शुरू होगा जिसमें सिर्फ पांच महीने बचे हैं और थॉम्पसन ने इस मामले पर तुरंत गौर करने की जरूरत को स्वीकार किया। थॉम्पसन ने टेलीग्राफ स्पोर्ट यह कहा, यह पूरी तरह से समझा जा चुका है कि वर्तमान ढांचा उस तरह से काम नहीं करता है जैसा उसे करना चाहिए और हमें एक निष्पक्ष, बेहतर प्रतियोगिता खोजने की आवश्यकता है लेकिन इस स्तर पर अभी कोई सिफारिशें सामने नहीं आई हैं।

## स्मरण का शतक, कर्नाटक और हरियाणा ने ड्रॉ खेला

बेंगलुरु। रविचंद्रन स्मरण ने नाबाद शतक के साथ अपनी अपार प्रतिभा का एक और उदाहरण पेश किया और कर्नाटक ने शनिवार को यहां एलीट ग्रुप सी मैच में हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सत्र का अंत ड्रॉ के साथ किया।

हरियाणा हालांकि पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुका है जिसमें उसका मुकाबला आठ फरवरी को केरल से होगा। हरियाणा सात मैच में 29 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है और केरल 28 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कर्नाटक (20) तालिका में बंगाल (21) के बाद चौथे स्थान पर रहा। कर्नाटक ने सुबह तीन विकेट पर 108 रन से खेलना शुरू किया और तब टीम 38 रन से पिछड़ रही थी। टीम कोशिश में जुटी थी कि उसे अपने अंतिम लीग मैच में हार का सामना नहीं करना पड़े करे। हालांकि उसने 12 ओवर के अंदर देवदत्त पडिक्कल (43), केएल श्रीजीत (02) और यशोवर्धन परंतप (12) के विकेट गंवा कर छह विकेट पर 164 रन बना लिए। उस समय घरेलू टीम सिर्फ 16 रन से आगे थी, लेकिन स्मरण (नाबाद 133 रन, 217 गेंद, 14 चौके, दो छक्के) और हार्दिक राज (40 रन, 78 गेंद) ने सातवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को मजबूत किया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने इस भागीदारी के दौरान लगभग 25 ओवर तक बल्लेबाजी की जिससे कर्नाटक की टीम 262 रन तक पहुंच गई। हार्दिक इस दौरान जयंत यादव का शिकार बन गए। लेकिन इस समय तक कर्नाटक ने 114 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। स्मरण ने इस बढ़त को 148 रन तक बढ़ाया और कर्नाटक ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 294 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं था तो इस समय हरियाणा ड्रॉ के लिए सहमत हो गया। स्मरण इस रणजी ट्रॉफी सत्र में कर्नाटक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे।



## चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना मुश्किलः रिकी पोंटिंग

दुबई। महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता और हालिया इतिहास भारत और ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने का प्रबल दावेदार बनाते हैं। पचास ओवर यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में तीन और दुबई में एक स्थल पर खेला जाएगा।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू को बताया, भारत और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ना फिर से मुश्किल है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा कि इस समय दोनों देशों के खिलाड़ियों के स्तर के बारे में सोचें और हाल के इतिहास को देखें, जब ये बड़े फाइनल और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बड़ी प्रतियोगिता हुईं तो निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलिया और भारत कहीं ना कहीं मौजूद थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया दो बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली सिर्फ दो टीम हैं। भारत ने 2013 में खिताब जीता था और 2002 में फाइनल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद श्रीलंका के साथ ट्रॉफी साझा की थी। ऑस्ट्रेलिया ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते थे। पोंटिंग के अनुसार 2017 मे खिताब जीतने वाला गत चैंपियन पाकिस्तान भी कड़ी चुनौती पेश करेगा। कप्तान के रूप में दो एकदिवसीय विश्व कप और इतने ही चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने वाले पोंटिंग ने कहा, इस समय अन्य टीम जो काफी अच्छा क्रिकेट खेल रही है, वह है पाकिस्तान। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से उनका एकदिवसीय क्रिकेट बहुत शानदार रहा है। हम जानते हैं कि बड़ी प्रतियोगिताओं में उन्हें लेकर भविष्यवाणी नहीं की जा सकती लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने चीजों को थोड़ा सुलझा लिया है। पाकिस्तान ने पिछले साल खेली गई तीनों एकदिवसीय श्रृंखला जीतीं। उसने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे को 2-। से हराया जबकि दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से शिकस्त दी।



## प्रज्ञानानंदा और गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में संयुक्त बढ़त

विज्क आन जी (नीदरलैंड)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला जबकि ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराया जिससे दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली।

प्रज्ञानानंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है। दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं जिसमें उनमें से एक के खिताब जीतने की संभावना है क्योंकि अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। अगर दोनों में से कोई खिताब जीतता है तो यह पहली बार होगा जब टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब किसी भारतीय के नाम होगा। ग्यारहवें दौर के बाद शीर्ष स्थान पर नजरें लगाए बैठे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा और वह 7.5 अंक के साथ खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गए हैं। प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए सेराना के खिलाफ जीत दर्ज की। प्रज्ञानानंदा ने बाजी के बाद कहा, उस समय मुझे एहसास हुआ कि यह एक लंबी बाजी हो सकती है लेकिन मोहरे के बलिदान के साथ चीजें बदल गईं। फॉरेस्ट के खिलाफ गुकेश के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। गुकेश ने मुकाबला ड्रॉ कराने के फॉरेस्ट के प्रस्ताव को ठुकराया। वह 39वीं चाल के बाद बाजी जीतने की स्थिति में थे लेकिन इसके बाद बड़ी चूक करके फॉरेस्ट को वापसी करने का मौका दिया जिससे मेजबान देश का खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने में सफल रहा। एरिगेसी ने अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अपनी क्षमता साबित की और उनकी खिताब जीतने की उम्मीदें भी लगभग खत्म कर दीं। अन्य बाजियों में लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना के साथ अंक बांटे जबकि पी हरिकृष्णा ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। आखिरी दौर की बाजी रोमांचक हो सकती है क्योंकि गुकेश का सामना एरिगेसी से होगा जबकि प्रज्ञानानंदा को कीमर से भिड़ना है। दोनों बोर्ड पर ड्रॉ की स्थिति में कम अवधि की प्ले-ऑफ बाजी से विजेता का फैसला करेगा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत की आर वैशाली को तुर्की के एडिज गुरेल के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। वैशाली के पांच अंक हैं। दिव्या देशमुख को भी नीदरलैंड के बेंजामिन बोक के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस वर्ग में अजरबेजान के एडिन सुलेमानली, चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वैम और एर्विन लियामी 8.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं।



## दिल्ली एफसी को 2-0 से हराकर नामधारी एफसी आईलीग में फिर शीर्ष पर

माहिलपुर (पंजाब)। नामधारी एफसी रविवार को यहां दिल्ली एफसी को 2-0 से हराकर आईलीग फुटबॉल तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भूपिंदर सिंह ने 30वें मिनट में जसकरणप्रीत सिंह के क्रॉस पर गोल दागकर नामधारी को बढ़त दिलाई। नामधारी एफसी ने इसके बाद मैच पर शिकंजा मजबूत किया। क्लेडसन कार्वाल्हो ने 52वें मिनट में भूपिंदर के क्रॉस पर गोल दागकर स्कोर 2-0 किया जो निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नामधारी की टीम 12 मैच में 24 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। चर्चिल ब्रदर्स के पास हालांकि अपने अगले मैच में जीत दर्ज करने शीर्ष पर पहुंचने का मौका दिया। इस बीच दिल्ली एफसी की टीम सिर्फ नौ अंक के साथ 11वें स्थान पर है। एक अन्य मैच में रीयल कश्मीर एफसी ने श्रीनगर में शिलांग लाजोंग एफसी को 2-0 से हराकर घरेलू मैदान पर अपना अजेय अभियान जारी रखा। कश्मीर की टीम की ओर से अमीनोउ बोबा और कमाल इसाह ने गोल दागे। रीयल कश्मीर के 12 मैच में 19 अंक हो गए हैं और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

# लोगों के लिए है यह बजट : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अब्राहम लिंकन का उद्धरण देते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों का बजट बताते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यम वर्ग के लिए करों में कटौती के पक्ष में थे लेकिन नौकरशाहों को इसके लिए राजी करने में वक्त लगा।

सीतारमण ने कहा, हमने मध्यम वर्ग की आवाज सुनी है जो ईमानदार करदाता होने के बावजूद अपनी आकांक्षाओं को पूरा नहीं किए जाने की शिकायत कर रहे थे। करदाताओं की इच्छा थी कि सरकार मुद्रास्फीति जैसे कारकों के प्रभाव को सीमित करने के लिए कदम उठाए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सीतारमण को उन्हें राहत देने के तरीकों पर विचार करने के लिए कहा था। सीतारमण ने कहा कि कर राहत के प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री जल्द सहमत हो गए, लेकिन वित्त मंत्रालय और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारियों को इसके लिए मनाने में थोड़ा समय लगा। इन अधिकारियों को कल्याण और अन्य योजनाओं को पूरा करने के लिए राजस्व संग्रह सुनिश्चित करना होता है। सीतारमण ने शनिवार को अपना आठवां बजट पेश करते हुए व्यक्तिगत आयकर सीमा में वृद्धि की घोषणा की। अब करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं देना होगा जबकि पहले यह सीमा सात लाख रुपये थी। छूट सीमा में पांच लाख रुपये की बढ़ोतरी अबतक की सबसे बड़ी वृद्धि है और यह 2005 और 2023 के बीच दी गई सभी कर राहतों के बराबर है। सीतारमण ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ने इसे सार रूप में बयां कर दिया। उन्होंने कहा कि यह लोगों का बजट है, यह वह बजट है जिसे लोग चाहते थे। इस बजट के चरित्र को अपने शब्दों में बयां करने के लिए कहे



जाने पर वित्त मंत्री ने कहा, जैसा कि अब्राहम लिंकन के शब्दों में लोकतंत्र के बारे में कहा जाता है, यह लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों का बजट है। सीतारमण ने कहा कि नई दरें मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी लाएंगी और उनके हाथों में अधिक पैसा बचेगा जिससे घरेलू खपत, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस बड़ी घोषणा के पीछे की सोच को समझाते हुए कहा कि कर कटौती पर कुछ समय से काम चल रहा था। प्रत्यक्ष कर को सरल और अनुपालन में आसान बनाने की दिशा में काम जुलाई, 2024 के बजट में शुरू हो गया था। अब एक नया कानून तैयार है, जो कानून की भाषा को आसान बनाएगा, अनुपालन बोझ कम करेगा और उपयोगकर्ता के अधिक अनुकूल होगा। सीतारमण ने कहा, पिछले बजट के बाद मध्यम वर्ग की आवाज उठने लगी। उसे लग रहा था कि वे कर दे रहे हैं लेकिन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनके पास ज्यादा कुछ नहीं है। यह अहसास भी दिख रहा था कि सरकार बहुत गरीब एवं कमजोर तबकों की देखभाल करने में बहुत समावेशी है। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गई, वहां से यही आवाज आई कि हम गर्वित और ईमानदार करदाता हैं। हम अच्छे करदाता बनकर देश की सेवा करना जारी रखना चाहते हैं। लेकिन आप हमारे लिए किस तरह की चीजें कर सकते हैं, इस बारे में आप क्या सोचते हैं? वित्त मंत्री ने कहा, फिर मैंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ इस बारे में चर्चा की, जिन्होंने मुझे यह देखने का खास काम सौंपा कि इस दिशा में क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा, आंकड़ों पर गौर करने के बाद प्रधानमंत्री के समक्ष उसे पेश किया गया। उन्होंने हमें उस कदम के बारे में मार्गदर्शन दिया जिसे शनिवार को बजट में पेश किया गया।

यह पूछे जाने पर कि

# प्रधानमंत्री को श्रेय मिलने के डर से दिल्ली सरकार केंद्रीय मदद से कर रही इनकार

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने इस डर से केंद्रीय सहायता से इनकार कर दिया कि इसका श्रेय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को जाएगा। राजेंद्र नगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के तहत भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है, लेकिन दिल्ली को इससे कोई फायदा नहीं हुआ।



सिंह ने कहा कि भाजपा को लंबे समय से दिल्ली की सेवा करने का मौका नहीं मिला... दिल्ली में वह विकास नहीं हुआ, जिसकी यह हकदार थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में भारत विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, लेकिन आज यह पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। सिंह ने कहा, जब भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास कर रहा है, तो दिल्ली क्यों पीछे रह जाए? शहर की सरकार केंद्र की मदद नहीं लेती है। हम किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं करते हैं, लेकिन (दिल्ली) के मुख्यमंत्री डरते हैं कि मोदी जी को श्रेय मिलेगा। उन्होंने आप प्रमुख पर अपने वादे पूरे नहीं करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस का दिल्ली की राजनीति में कोई अस्तित्व नहीं होने का दावा करते हुए सिंह ने कहा, राहुल गांधी ने दावा किया था कि वह मर जाएंगे, लेकिन भाजपा के साथ समझौता नहीं करेंगे... क्या किसी ने आपसे भाजपा के साथ समझौता करने के लिए कहा था? कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की आलोचना करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, उन्होंने महाकुंभ के बारे में कुछ टिप्पणी की... क्या वह अन्य धर्मों के खिलाफ ऐसी टिप्पणी कर सकते हैं? दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव पांच फरवरी को होंगे और मतगणना आठ फरवरी को होगी।

# संघर्ष को लेकर अमेरिका-रूस वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना बेहद खतरनाक : जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि संघर्ष को लेकर अमेरिका और रूस के बीच वार्ता से यूक्रेन को बाहर रखना बेहद हानिकारक होगा। जेलेंस्की ने साथ ही संघर्ष विराम की योजना तैयार करने के लिए कीव तथा वाशिंगटन के बीच और बातचीत की मांग की।



जेलेंस्की ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ बातचीत में कहा कि रूस संघर्ष विराम वार्ता में शामिल नहीं होना चाहता या किसी भी तरह की राहत देने पर चर्चा नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के खिलाफ ऊर्जा और बैंकिंग प्रणाली संबंधी प्रतिबंध लगाने की चेतावनी देते हैं तो पुतिन वार्ता के लिए मजबूर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये सबसे महत्वपूर्ण कदम है। जेलेंस्की की टिप्पणी शुक्रवार को ट्रंप के उस बयान के बाद आई जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी और रूसी अधिकारी युद्ध को समाप्त करने को लेकर पहले से ही बात कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके प्रशासन ने रूस के साथ अहम चर्चा की है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। उनके अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में बात करना, यह सभी के लिए हानिकारक है।

# रवांडा समर्थित विद्रोहियों के खिलाफ कार्रवाई में 773 की मौतः कांगो

गोमा (कांगो)। पूर्वी कांगो के सबसे बड़े शहर गोमा और उसके आस-पास के इलाकों में रवांडा समर्थित विद्रोहियों के खिलाफ कार्वाई में एक सप्ताह में 773 लोग मारे गए हैं। कांगो के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

विद्रोहियों ने गोमा पर कब्जा कर लिया था और वह अन्य क्षेत्रों पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे जिसे सेना ने काफी हद तक नाकाम कर दिया और कुछ गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया। कांगो सरकार के प्रवक्ता पैट्रिक मुयाया ने राजधानी किंशासा में संवाददाताओं को बताया कि 773 लोगों के मारे जाने और 2,880 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। विद्रोहियों की ओर से पानी, बिजली आपूर्ति सहित बुनियादी सेवाओं को बहाल करने का वादा किए जाने के बाद शनिवार को सैकड़ों गोमा निवासी शहर लौट रहे थे। उन्होंने हथियारों के मलबे से अटे पड़े इलाकों को साफ किया। मैं थक गया हूं और नहीं जानता कि कहां जाऊं। हर ओर सिर्फ मातम है।

# ट्रंप के साथ हमास पर जीत पर चर्चा के लिए अमेरिका जायेंगे नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ आगामी बैठक में गाजा पट्टी में हमास पर जीत, ईरान का मुकाबला करने और अरब देशों के साथ राजनयिक संबंध बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे।



व्हाइट हाउस में मंगलवार को नेतन्याहू के साथ होने वाली बैठक राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद ट्रंप की किसी विदेश नेता के साथ पहली बैठक होगी। यह बैठक ऐसे समय में होगी, जब अमेरिकी और अरब मध्यस्थ गाजा पट्टी में युद्ध रोकने और बंधकों-कैदियों की अदला-बदली के लिए सोमवार से संघर्ष-विराम समझौते के अगले चरण पर सहमति कायम करने की कवायद शुरू करने वाले हैं। पिछले महीने संघर्ष-विराम के प्रभावी होने के बाद गाजा पट्टी पर फिर से नियंत्रण हासिल करने वाले चरमपंथी समूह हमास ने कहा है कि वह युद्ध की समाप्ति और इजराइली बलों की पूर्ण वापसी के बाद ही दूसरे चरण में मुक्त किए जाने वाले बंधकों को रिहा करेगा। नेतन्याहू पर उनके गठबंधन सहयोगी मार्च की शुरुआत में संघर्ष-विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद युद्ध में फिर से उतरने का दबाव बना रहे हैं। नेतन्याहू ने भी कहा है कि इजराइल अब भी हमास पर जीत और सात अक्टूबर 2023 के हमलों के दौरान अगवा किए गए सभी बंधकों की रिहाई के लिए प्रतिबद्ध है। इन हमलों के बाद गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्ध छिड़ गया था।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप का इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्या रुख है। वह इजराइल के कट्टर समर्थक रहे हैं, लेकिन उन्होंने पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करवाने का भरोसा दिलाया है और इजराइल-हमास के बीच संघर्ष-विराम समझौता कराने में मदद का श्रेय भी लिया है। इस समझौते के कारण गाजा पट्टी में लड़ाई फिलहाल रुक गई है और इजराइल से लगभग 15 महीने पहले अगवा किए गए 18 बंधकों की रिहाई संभव हो पाई है, जिसके बदले में इजराइल ने सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को छोड़ा है। नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापना के ट्रंप के आह्वान का समर्थन किया है। रविवार को वाशिंगटन रवाना होने से पहले जारी बयान में इजराइली प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में हमास सहित अन्य चरमपंथी समूहों को ईरान के समर्थन का जिक्र करते हुए कहा कि वह ट्रंप के साथ हमास पर जीत, अपने सभी बंधकों की रिहाई और ईरान समर्थित आतंकवादी संगठनों से सभी मोर्चों पर निपटने पर चर्चा करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि साथ मिलकर काम करके वे सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं, शांति का दायरा बढ़ा सकते हैं।

# जापान ने किया रॉकेट के जरिये नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण

तोक्यो। जापान ने रविवार को अपने नए एच3 रॉकेट के जरिए एक नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। इस उपग्रह के प्रक्षेपण का उद्देश्य यह है कि जापान अपनी खुद की अधिक सटीक स्थान निर्धारण प्रणाली बनाना चाहता है। मिचिबिकी-6 उपग्रह को ले जाने वाले एच3 रॉकेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापानी द्वीप पर स्थित तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से सफलतापूर्वक उड़ान भरी।

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने कहा कि अब तक सब कुछ योजना के अनुसार ही चल रहा है। जापान के पास वर्तमान में अर्ध-जेनिथ उपग्रह प्रणाली या क्यूजेएसएस है, जिसमें क्षेत्रीय नेविगेशन प्रणाली के लिए चार उपग्रह हैं जो पहली बार 2018 में संचालित हुए थे। मिचिबिकी के संकेतों का उपयोग अमेरिकी जीपीएस के पूरक के रूप में किया जाता है, ताकि स्मार्टफोन, कार और समुद्री नेविगेशन और ड्रोन के लिए स्थिति संबंधी आंकड़ों में सुधार किया जा सके। जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी के अनुसार जापान मार्च 2026 तक सात उपग्रहों वाली प्रणाली के लिए दो और नेविगेशन उपग्रहों को प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है।

# बोर्डिंग स्कूल पर हमले को लेकर रूस और यूक्रेन ने एक-दूसरे पर लगाये आरोप

कीव। रूस में कुर्स्क क्षेत्र के सुदजा शहर में एक बोर्डिंग स्कूल पर घातक हमले के लिए यूक्रेन और रूस ने एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। यह शहर पिछले पांच महीने से यूक्रेन के नियंत्रण में है।

यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने शनिवार रात कहा कि हमले में चार लोग मारे गए और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने कहा कि इमारत के मलबे से यूक्रेनी सैनिकों ने 84 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को ने उस बोर्डिंग स्कूल पर बमबारी की जिसमें आम नागरिकों ने शरण ली थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार तड़के दावा किया कि स्कूल पर मिसाइल हमला यूक्रेनी सेना ने किया था। उसने कहा कि मिसाइल यूक्रेन के सुमी क्षेत्र से दागी गई थीं। इस बीच, यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के पोल्तावा शहर में शनिवार को एक अपार्टमेंट पर हुए रूसी मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि पांच मंजिला इमारत पर हुए इस हमले में 17 लोग घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि मॉस्को ने रविवार रात को यूक्रेन में 55 ड्रोन दागे। यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रात भर में 40 ड्रोन नष्ट किए गए। इसके अलावा 13 ड्रोन लापता हो गए। वे संभवतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने रविवार को कहा कि खारकीव क्षेत्र में ड्रोन हमले में दो लोग घायल हो गए।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पश्चिमी रूस के पांच क्षेत्रों में रात भर में पांच यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। उसने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में तीन और बेलगोरोद एवं ब्रायंस्क क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन मार गिराया गया। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने कहा कि बेलगोरोद क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## इंटरटेनमेंट...

# आईफा में शिरकत करेंगे शाहरुख, करिश्मा व करीना





मुंबई। आईफा पुरस्कार के संस्थापक-निदेशक आंद्रे टिमिन्स का कहना है कि शाहरुख खान, करिश्मा कपूर, करीना कपूर खान और माधुरी दीक्षित नेने समेत बॉलीवुड की 100 से अधिक हस्तियों की विशेष प्रस्तुतियों के साथ, इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) पुरस्कार 2025 का वृहद समारोह आयोजित किया जाएगा।

आईफा अवार्ड कार्यक्रम का आगामी संस्करण 8 और 9 मार्च को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। करण जौहर और कार्तिक आर्यन समारोह में होस्ट के रूप में नजर आएंगे।

टिमिन्स ने कहा हर साल अलग होता है, क्योंकि हर देश अलग होता है। चुनौती उद्योग को एक साथ लाने की है, पूरा विचार यही है। फिल्म उद्योग ने हमारा बहुत साथ दिया है। हम सितारों को प्रशंसकों के करीब ला रहे हैं। हर साल 800 लोगों के साथ यात्रा करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से वे आईफा अवार्ड्स को बेहतर और बड़ा बनाने का इरादा रखते हैं। टिमिन्स ने कहा, हमें भारत सरकार के समर्थन की आवश्यकता है ताकि हम बेहतर तरीके से सहयोग कर सकें, उनके नेटवर्क का उपयोग कर सकें और इसे बड़ा बना सकें। जैसा कि हमने देखा कि कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के साथ क्या हुआ।

# सोनम कपूर ने डिजाइनर रोहित बल को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। एक फैशन शो में डिजाइनर रोहित बल के डिजाइन किए परिधान में रैंप पर उतरीं अभिनेत्री सोनम कपूर दिवंगत डिजाइनर को श्रद्धांजलि देते हुए भावुक हो गईं। बल का हाल ही में निधन हो गया था। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के मुताबिक, शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं। शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर में दिग्गज रोहित बल को श्रद्धांजलि देने के लिए रैंप पर चलना सम्मान की बात है। उनकी कलात्मकता, दूरदर्शिता और विरासत ने भारतीय फैशन को कई तरह से समृद्ध किया है। कपूर ने कहा, उनकी याद में रनवे (रैंप) पर कदम रखना भावनात्मक और प्रेरणादायक दोनों था - एक ऐसे बेमिसाल डिजाइनर को याद करना जो एक आदर्श था और हमेशा रहेगा।

# संसद भवन में होगी फिल्म रामायण द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की स्क्रीनिंग

नयी दिल्ली। संसद भवन में 1993 की जापानी-भारतीय एनीमेशन फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की विशेष स्क्रीनिंग 15 फरवरी को आयोजित की जाएगी। फिल्म वितरण कंपनी गीक पिक्चर्स ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म के प्रदर्शन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ-साथ संसद सदस्य और सांस्कृतिक क्षेत्र से विशेष आमंत्रित व्यक्ति भी शामिल होंगे। गीक पिक्चर्स के सह-संस्थापक अर्जुन अग्रवाल ने एक बयान में कहा, यह सिर्फ एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत और रामायण की कालातीत कथा का उत्सव है, जो हमें प्रेरित करने के साथ हमारा मार्गदर्शन करती है। रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत में 24 जनवरी को मूल अंग्रेजी संस्करण के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु में एक साथ रिलीज हुई थी। फिल्म 18 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होनी थी। हालांकि ज्यादा सिनेमाघरों में दिखाने की व्यवस्था बनाने के लिए रिलीज की तारीख बदल दी गई थी। रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का निर्देशन युगो साको, राम मोहन और कोइची सासाकी ने किया है। फिल्म भारत में 1993 में 24वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में प्रदर्शित की गई थी, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हुई थी। 2000 के दशक की शुरुआत में टीवी चैनलों पर दोबारा दिखाए जाने पर यह भारतीय दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गई थी।

# महिला प्रशंसक को चूमने का वीडियो सामने आने के बाद विवादों में घिरे उदित नारायण

नयी दिल्ली। संगीत कार्यक्रम में एक महिला प्रशंसक को चूमने का वीडियो सामने आने के बाद गायक उदित नारायण विवादों में घिर गए हैं। वीडियो में उदित नारायण कार्यक्रम में महिला प्रशंसक को उस समय चूमते नजर आ रहे हैं, जब वह सेल्फी लेते समय उनके गाल पर चुंबन लेने के लिए झुकती है। पीटीआई ने जब नारायण (69) से संपर्क किया तो उन्होंने इस विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वीडियो में नारायण को महिला प्रशंसकों को चुंबन देते हुए देखा जा सकता है। नारायण उस वक्त फिल्म मोहरा का गाना टिप टिप बरसा पानी गा रहे थे। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक क्लिप में गायक सुरक्षा कर्मियों से सेल्फी लेने का प्रयास कर रही एक महिला प्रशंसक को मंच के पास आने देने के लिए कहते हुए नजर आते हैं। जब वह नारायण के साथ फोटो क्लिक करने के लिए उनके करीब जाती है, तो वह उनके गाल पर चूम लेती है, जिसके बाद गायक को भी जवाब में उनके होठों पर चूमते हुए देखा जा सकता है। नारायण के संगीत कार्यक्रम की तारीख और स्थान की फिलहाल पुष्टि नहीं की जा सकी। नारायण मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी, मैं यहां हूं और ऐ अजनबी जैसे कई मशहूर गानों को आवाज दे चुके हैं। सोशल मीडिया के कई उपयोगकर्ताओं ने नारायण से माफी की मांग की और उनके कृत्य को अनुचित कहा। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा, उदित नारायण ने बहुत गलत हरकत की। मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है, लेकिन किसी लड़की को जबरन चूमना अपराध है।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com